सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निष्पादन एवं अनुपालन लेखापरीक्षा पर प्रतिवेदन

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ✦ COMPTROLLER & AUDITOR GENERAL OF INDIA

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा

Dedicated to Truth in Public Interest

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड सरकार

वर्ष 2023 की प्रतिवेदन संख्या 1

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का
31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए
निष्पादन एवं अनुपालन लेखापरीक्षा
पर प्रतिवेदन

झारखण्ड सरकार

वर्ष 2023 की प्रतिवेदन संख्या 1

विषय-सूची

		संदर्भित	
		कंडिका	पृष्ठ
प्राक्कथन			iii
विहंगावलोकन			
अध्याय 1	**विहंगावलोकन**		1
निष्पादन लेखापरीक्षा			
नगर विकास एवं आवास विभाग			
अध्याय 2	**'74वें संविधान संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रभावकारिता' पर निष्पादन लेखापरीक्षा**		19
अनुपालन लेखापरीक्षा			
अध्याय 3	**'राँची शहर में मल एवं जल-निकास व्यवस्था के प्रबंधन' पर लेखापरीक्षा**		65
अध्याय 4	**'हरमू नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण' पर लेखापरीक्षा**		101
ऊर्जा विभाग			
अध्याय 5	**'झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) में सामग्री प्रबंधन एवं वस्तु-सूची नियंत्रण' पर लेखापरीक्षा**		159
लेखापरीक्षा कण्डिकाएं			
अध्याय 6: *पथ निर्माण विभाग*			
बकाया और जुर्माने की राशि की वसूली न किया जाना		6.1	205
अव्यवहृत पुल के निर्माण पर निष्फल व्यय		6.2	210
निष्फल व्यय		6.3	212

परिशिष्टियाँ

परिशिष्ट सं.	विवरणी	संदर्भित	
		कंडिका	पृष्ठ संख्या
1.1	महालेखाकार झारखण्ड के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अधीन विभागों और स्वायत्त निकायों/ प्राधिकरणों/ कंपनियों की सूची	1.2	217
2.1	नमूना-जाँचित शहरी स्थानीय निकायों में वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान	2.4.7	223

	जल उपयोक्ता शुल्क की माँग एवं संग्रहण का विवरण		
3.1	मल एवं जल निकास परियोजना के तहत क्रियान्वित किए जाने वाले घटक	3.1	225
3.2	संविदा समाप्त होने के बाद संवेदक से कम वसूली की गणना	3.2.3.2 & 3.2.3.3	226
3.3	नए संवेदक के लिए मैसर्स वैपकोस लिमिटेड द्वारा अनुशंसित मूल्य विभाजन के आधार पर रूपांकन एवं रेखांकन के लिए घटक-वार राशि	3.2.3.4	228
4.1	तीन संस्थाओं द्वारा जाँच (अनुमोदन) का विवरण	4.5	230
4.2	प्रवेशिका 1 और 1ए के लिए एसटीपी की क्षमता की गणना और 14 प्रमुख प्रवेशिकाओं के माध्यम से उत्पन्न शिखर सीवेज (नोट-1)	4.5.2 & 4.5.3.1	233
4.3	निष्पादन और परिचालन चरणों की दरों एवं संवेदकों को किए गए भुगतानों के बीच अंतर	4.6.5	235
4.4	हरमू नदी के तट पर वृक्षारोपण कार्यों का विवरण	4.6.6	236
4.5	हरमू नदी के तट पर तुलनात्मक वनों की कटाई (वर्ष 2009 और 2022 के बीच) का विवरण	4.6.6	238
5.1	वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2020-21 के दौरान प्रमुख सामग्री के क्रय का विवरण	5.1	241
5.2	संगठनात्मक चार्ट (जेबीवीएनएल)	5.2	242
5.3	ट्रांसफॉर्मर तेल की कम वसूली दर्शाने वाली विवरणी	5.9.6	243
5.4	आरएपीडीआरपी-बी योजना के तहत छः ईएससी से जारी अतिरिक्त मात्रा दिखाने वाला विवरण	5.10.3	244
6.1.1	प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति एवं निविदा निर्णय, इकरारनामों तथा अंतिम विपत्रों का विवरण	6.1	245

प्राक्कथन

प्राक्कथन

31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के तहत झारखण्ड के राज्यपाल को प्रस्तुत करने के लिए तैयार की गई है।

इस प्रतिवेदन में झारखण्ड सरकार के अंतर्गत राज्य-सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों सहित सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक प्रक्षेत्रों के विभागों की लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम शामिल हैं।

इस प्रतिवेदन में उल्लिखित मामले वैसे हैं जो 2020-21 की अवधि के लिए लेखापरीक्षा के दौरान ध्यान में आए थे और साथ ही साथ वैसे जो पूर्व के वर्षों में ध्यान में आए थे परंतु पिछले लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित नहीं किए जा सके थे। वर्ष 2020-21 के बाद की अवधि से संबंधित दृष्टान्त भी आवश्यकतानुसार सम्मिलित किए गए हैं।

लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा जारी किए गए लेखापरीक्षा मानकों और लेखापरीक्षा एवं लेखाओं पर विनियमों के अनुरूप आयोजित की गई है।

अध्याय 1

विहंगावलोकन

अध्याय 1: विहंगावलोकन

1.1 प्रस्तावना

इस प्रतिवेदन में राज्य सरकार के कुछ विभागों और उनके स्वायत्त निकायों के निष्पादन/अनुपालन लेखापरीक्षा में उद्धृत मामले शामिल हैं। इस प्रतिवेदन का प्राथमिक उद्देश्य, लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों को विधायिका के समक्ष रखना है। लेखापरीक्षा निष्कर्षों से कार्यपालिका द्वारा सुधारात्मक कार्रवाई के साथ-साथ ऐसी नीतियों एवं निर्देशों के निर्माण में सक्षम होने की उम्मीद है, जिससे बेहतर प्रशासन में योगदान देने वाले संगठनों के वित्तीय प्रबंधन और कुशल होंगे।

प्रतिवेदन को निम्नानुसार छः अध्यायों में व्यवस्थित किया गया है:

अध्याय 1 में लेखापरीक्षिती विभागों की रूपरेखा के साथ विगत पाँच वर्षों के व्यय की संक्षिप्त रूपरेखा, लेखापरीक्षा के लिए प्राधिकार, लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार, लेखापरीक्षा की योजना एवं संचालन, विभिन्न लेखापरीक्षा परिणामों यथा निरीक्षण प्रतिवेदन, पृथक अवलोकन/कंडिकाएँ, निष्पादन लेखापरीक्षा (नि.ले.), विस्तृत अनुपालन लेखापरीक्षा (वि.अ.ले.), लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्रवाई आदि एवं इस लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा अवलोकन हैं।

अध्याय 2 में '74वें संविधान संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रभावकारिता' पर निष्पादन लेखापरीक्षा से संबंधित अवलोकन शामिल हैं।

अध्याय 3 में 'राँची शहर में मल एवं जल निकास व्यवस्था के प्रबंधन' पर अनुपालन लेखापरीक्षा से संबंधित अवलोकन शामिल हैं।

अध्याय 4 में 'हरमू नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण' पर अनुपालन लेखापरीक्षा से संबंधित अवलोकन शामिल हैं।

अध्याय 5 में 'झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) में सामग्री प्रबंधन एवं वस्तु-सूची नियंत्रण' पर अनुपालन लेखापरीक्षा से संबंधित अवलोकन शामिल हैं।

अध्याय 6 में अनुपालन लेखापरीक्षा से संबंधित तीन पृथक अवलोकन/ कण्डिकाएँ शामिल हैं।

1.2 लेखापरीक्षिती विभागों एवं लेखापरीक्षा क्षेत्र की रूपरेखा

I. बजट के अनुसार, झारखण्ड सरकार ने अपने विभिन्न विभागों से संबंधित 60 अनुदानों (2020-21 के दौरान) के अंतर्गत निधियाँ जारी की। प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), झारखण्ड के अंतर्गत लेखापरीक्षा क्षेत्र में 60 अनुदानों से संबंधित

विभिन्न स्तरों की 5,797 इकाइयाँ शामिल हैं। झारखण्ड सरकार में 34 विभाग हैं जो प्रधान महालेखाकार के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार में आते हैं। इनमें 76 निकाय/प्राधिकरण भी शामिल हैं, जो या तो काफी हद तक राज्य की संचित निधि से वित्तपोषित हैं अथवा नियंत्रक महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत जिनकी लेखापरीक्षा सरकार द्वारा सौंपी गई है।

II. इसके अतिरिक्त, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (सीएजी) के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार में झारखण्ड सरकार की सरकारी कंपनियाँ और सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियाँ हैं। इन राज्य सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (एसपीएसई) को वाणिज्यिक प्रकृति की गतिविधियों को चलाने तथा राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए स्थापित किया गया था। यहाँ राज्य सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (एसपीएसई) में वैसी सरकारी कंपनियाँ जिनमें झारखण्ड सरकार की प्रत्यक्ष हिस्सेदारी 51 प्रतिशत या उससे अधिक है तथा ऐसी सरकारी कंपनियों की सहायक कंपनियाँ शामिल हैं। झारखण्ड में कोई भी सांविधिक निगम नहीं है।

झारखण्ड में 31 मार्च 2021 को 31 एसपीएसई (तीन निष्क्रिय एसपीएसई सहित) थे। नवीनतम अंतिमीकृत लेखाओं के अनुसार, 31 मार्च 2022 तक, कार्यशील एसपीएसई ने ₹ 5,103.43 करोड़ रुपये, अर्थात् 2019-20[1] की तुलना में 2020-21 में 0.09 प्रतिशत की कमी, का वार्षिक टर्नओवर दर्ज किया। यह टर्नओवर वर्ष 2020-21 के राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) (₹ 3,17,079 करोड़) के 1.61 प्रतिशत के बराबर था। नवीनतम अंतिमीकृत लेखाओं के अनुसार कार्यशील एसपीएसई को ₹ 2,649.97 करोड़ की हानि हुई। यहाँ तीन निष्क्रिय[2] एसपीएसई हैं जिनमें पूँजी (₹ 1.10 करोड़) और दीर्घकालिक ऋण (₹ 50.41 करोड़) के साथ ₹ 51.51 करोड़ का निवेश है जो अक्रियाशील है क्योंकि ये एसपीएसई राज्य के आर्थिक विकास में योगदान नहीं कर रहे हैं। हालाँकि, दो एसपीएसई को ख़त्म करने की प्रक्रिया की शुरुआत उनके मंडलों[3] द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है।

प्रधान महालेखाकार के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले विभागों और स्वायत्त निकायों/ प्राधिकरणों/कंपनियों की सूची ***परिशिष्ट 1.1*** में दर्शाई गई है।

---

1 *दिसंबर 2021 तक के नवीनतम अंतिमीकृत लेखाओं के अनुसार, कार्यरत एसपीएसई का कारोबार ₹ 5,626.05 करोड़ था।*

2 *कर्णपुरा एनर्जी लिमिटेड (केईएल), पतरातू एनर्जी लिमिटेड (पीईएल) एवं झारबिहार कोलियरी लिमिटेड (जेसीएल)*

3 *केईएल: 5वीं एजीएम (15 सितंबर 2017), जेसीएल: 15वीं बैठक (15 मई 2016) और 16वीं बैठक (2 फरवरी 2018)*

प्रधान महालेखाकार के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान प्रमुख विभागों में व्यय की प्रवृत्ति **तालिका 1.1** में दर्शाई गई है।

तालिका 1.1: ₹ 100 करोड़ से अधिक वार्षिक व्यय वाले विभागों के व्यय का रूझान

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विभाग का नाम	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
1	वित्त	10,483.99	13,626.92	14,003.18	15,660.37	15,686.99
2	स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विकास	6,672.94	6,490.86	6,392.84	7,864.45	8,304.41
3	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन	3,993.96	5,129.55	5,632.55	6,502.39	7,216.87
4	ऊर्जा	3,017.15	6,345.77	4,155.2	3,148.42	6,846.78
5	ग्रामीण विकास	4,000.74	3,836.63	4,708.14	4,868.98	6,018.08
6	स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण	2,468.93	2,847.19	3,382.55	3,128.30	4,061.85
7	महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा	2,531.64	2,539.69	2,582.92	3,912.46	3,777.78
8	पथ निर्माण	4,521.03	5,328.10	4,098.29	3,921.38	3,491.79
9	शहरी विकास एवं आवास	2,878.86	3,028.35	1,986.42	2,559.20	2,912.09
10	पंचायती राज	1,674.67	1,578.46	875.27	2,482.11	1,857.49
11	उच्च एवं तकनीकी शिक्षा	1,331.88	1,681.00	1,583.84	1,918.40	1,665.10
12	ग्रामीण कार्य	3,660.17	2,737.81	4,323.44	2,525.28	1,663.49
13	कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता	2,245.54	2,022.42	1,667.69	2,611.77	1,646.90
14	जल संसाधन	1,840.13	2,094.91	1,883.63	1,722.65	1,421.55
15	खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले	1,171.29	944.16	1,030.86	1,134.72	1,380.71
16	पेयजल एवं स्वच्छता	1,526.82	2,055.91	1,765.30	1,180.18	1,278.86
17	अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण	1,581.35	1,357.11	1,547.94	1,378.32	1,188.34
18	वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन	496.04	591.21	525.07	714.44	725.80
19	विधि	308.34	377.33	440.66	458.52	446.42
20	श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास	194.93	168.22	179.84	161.24	294.26
21	भवन निर्माण	540.41	637.05	496.32	549.55	256.68
22	उद्योग	297.64	248.78	314.59	276.47	220.09
23	पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा मामले	207.66	217.08	249.09	212.43	179.90

क्र. सं.	विभाग का नाम	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
24	सूचना एवं जन-संपर्क	139.05	194.75	170.77	201.18	130.79
25	सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-प्रशासन	150.38	74.25	145.48	153.57	122.51
26	योजना एवं विकास	273.12	346.53	559.87	270.39	108.25
27	अन्य[4]	249.72	267.25	331.00	580.47	359.41
कुल		58,458.38	66,767.29	65,032.75	70,097.64	73,263.19

स्रोत: 2016-17 से 2020-21 के विनियोग लेखे

1.3 लेखापरीक्षा-प्राधिकार

नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा का प्राधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 और 151 तथा नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 (डीपीसी अधिनियम) से उद्धृत है। नियंत्रक-महालेखापरीक्षक, डीपीसी अधिनियम की धारा[5] 13 के अंतर्गत राज्य सरकार के विभागों के व्यय की लेखापरीक्षा करती है। नियंत्रक-महालेखापरीक्षक स्वायत्त निकायों का एकमात्र लेखापरीक्षक है जिनकी लेखापरीक्षा डीपीसी अधिनियम की धारा 19 (2), 19 (3)[6] और 20 (1)[7] के अंतर्गत की जाती है। इसके अलावा, सरकार द्वारा समुचित वित्तपोषित अन्य स्वायत्त निकायों की लेखापरीक्षा भी नियंत्रक-महालेखापरीक्षक, डीपीसी अधिनियम की धारा[8] 14 के अंतर्गत करती है।

पुनश्च, केंद्र सरकार या किसी राज्य सरकार या सरकारों के, या आंशिक रूप से केंद्र सरकार एवं आंशिक रूप से एक या एक से अधिक राज्य सरकारों के, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वामित्व या नियंत्रण में आने वाली किसी अन्य कंपनी का लेखापरीक्षा, नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के अधीन है।

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की लेखापरीक्षा के लिए, सरकारी कंपनियों की लेखापरीक्षा की प्रक्रिया, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 एवं 143 के प्रासंगिक प्रावधानों

[4] *अन्य में (i) कैबिनेट निर्वाचन विभाग (ii) कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग तथा (iii) कैबिनेट सचिवालय एवं सतर्कता विभाग शामिल हैं।*

[5] *(i) राज्य की संचित निधि से सभी व्यय (ii) आकस्मिकता निधि एवं सार्वजनिक खातों से संबंधित सभी लेनदेन तथा (iii) सभी व्यापार, निर्माण, लाभ एवं हानि खाते, बैलेंस-शीट तथा अन्य सहायक खातों की लेखापरीक्षा।*

[6] *संबंधित विधानों के प्रावधानों के अनुसार अथवा जनहित में राज्य के राज्यपाल के अनुरोध पर राज्य विधानमंडल द्वारा या उसके द्वारा निर्मित विधि के तहत स्थापित निगमों (जो कंपनियां नहीं हैं) के खातों की लेखापरीक्षा।*

[7] *नियंत्रक-महालेखापरीक्षक तथा सरकार के बीच तय नियमों एवं शर्तों पर राज्यपाल के अनुरोध पर किसी भी निकाय अथवा प्राधिकरण के खातों की लेखापरीक्षा।*

[8] *कई गैर-वाणिज्यिक स्वायत्त / अर्ध-स्वायत्त निकाय जो रोजगार सृजन, गरीबी उन्मूलन, साक्षरता का प्रसार, सभी के लिए स्वास्थ्य एवं बीमारियों की रोकथाम, पर्यावरण आदि की योजनाओं को लागू करने के लिए स्थापित हैं तथा सरकार द्वारा पर्याप्त रूप से वित्तपोषित हैं उनकी लेखापरीक्षा अनुच्छेद 14 के तहत होती है।*

द्वारा शासित होती है। आगे, कंपनी अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा 7 के अनुसार, यदि आवश्यक हो तो, धारा 139 की उप-धारा 5 या उप-धारा 7 के अंतर्गत आने वाली किसी भी कंपनी के मामले में, नियंत्रक-महालेखापरीक्षक, एक आदेश द्वारा, ऐसी कंपनी के लेखाओं की नमूना लेखापरीक्षा कर सकती है। ऐसी लेखापरीक्षा पर डीपीसी अधिनियम की धारा 19अ के प्रावधान लागू होंगे। 31 मार्च 2014 तक के वित्तीय वर्षों के संबंध में किसी कंपनी के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों द्वारा शासित होता रहेगा।

विभिन्न लेखापरीक्षाओं के लिए सिद्धान्त एवं कार्यप्रणाली, भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग द्वारा जारी लेखापरीक्षा एवं लेखा पर विनियम (संशोधन), 2020 तथा लेखापरीक्षा मानकों में वर्णित हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति

जैसा विहित है, सरकारी कंपनियों के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा, कंपनी अधिनियम की धारा 139(5) या 139(7) के प्रावधानों के अनुसार नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा की जाती है, जो अधिनियम की धारा 143(5) के तहत कंपनी के वित्तीय विवरण के साथ लेखापरीक्षा प्रतिवेदन की एक प्रति नियंत्रक-महालेखापरीक्षक को प्रस्तुत करेंगे। अधिनियम की धारा 143(6) के प्रावधानों के तहत प्रतिवेदन की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर इन वित्तीय विवरणों की संपूरक लेखापरीक्षा नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा की जानी है।

1.4 लेखापरीक्षा-योजना एवं संचालन

निष्पादन लेखापरीक्षा/विस्तृत अनुपालन लेखापरीक्षा/पृथक अनुपालन लेखापरीक्षाएँ वार्षिक लेखापरीक्षा योजना (ए.ए.पी.) के अनुरूप की जाती हैं। पृथक अनुपालन लेखापरीक्षा के लिए इकाइयों का चयन शीर्ष इकाइयों, लेखापरीक्षा इकाइयों एवं कार्यान्वयन एजेंसियों के जोखिम मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है जिसमें उनके वित्तीय महत्व के मामले, सामाजिक प्रासंगिकता, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियाँ, पूर्व में दुर्विनियोग, गबन, कपट इत्यादि के मामलों के साथ-साथ पूर्व के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के परिणाम शामिल होते हैं।

लेखापरीक्षा पूर्ण होने के पश्चात् इकाइयों के प्रमुखों को निरीक्षण प्रतिवेदन जारी की जाती है। प्राप्त जवाब के आधार पर लेखापरीक्षा अवलोकनों का या तो निपटान किया जाता है अथवा अनुपालन के लिए आगे की कार्रवाई की सलाह दी जाती है। महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों को पृथक अवलोकनों / कंडिकाओं के रूप में

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल करने के लिए आगे परिष्कृत किया जाता है। निष्पादन लेखापरीक्षा/ विस्तृत अनुपालन लेखापरीक्षा कंडिकाएँ महत्वपूर्ण मुद्दों पर तैयार की जाती हैं। मुद्दों का चयन उपरोक्त सादृश्य के अनुसार किया जाता है।

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल करने हेतु सामग्रियों को अंतिम रूप देते समय विभागों द्वारा प्रस्तुत औपचारिक जवाबों पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाता है। लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के तहत राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

वर्ष 2020-21 के दौरान प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), झारखण्ड द्वारा '74वें संविधान संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रभावकारिता' पर एक निष्पादन लेखापरीक्षा, 'राँची शहर में मल एवं जल-निकास व्यवस्था के प्रबंधन' तथा 'हरमू नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण' (शहरी विकास एवं आवास विभाग) पर दो अनुपालन लेखापरीक्षाएं तथा 12 विभागों के अंतर्गत 112 इकाइयों का पृथक अनुपालन लेखापरीक्षा किया गया। इसके अतिरिक्त, राज्य सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) द्वारा 'सामग्री प्रबंधन एवं वस्तु-सूची नियंत्रण' पर भी एक अनुपालन लेखापरीक्षा किया गया।

1.5 लेखापरीक्षा पर सरकार की प्रतिक्रिया का अभाव

निरीक्षण प्रतिवेदनों पर सरकार की प्रतिक्रिया

लेन-देन में नियमों एवं विनियमों के अनुपालन की जाँच तथा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार महत्वपूर्ण लेखाओं तथा अन्य अभिलेखों के रखरखाव में नियमितता के सत्यापन के लिए प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), झारखण्ड सरकारी विभागों की लेखापरीक्षा करता है। इन लेखापरीक्षाओं के बाद निरीक्षण प्रतिवेदन (नि.प्र.), निरीक्षित कार्यालय के प्रमुखों को एवं इसकी प्रतियाँ अगले उच्च अधिकारियों को जारी की जाती हैं। निरीक्षण के दौरान पाई गई महत्वपूर्ण अनियमितताएँ एवं अन्य बिंदु, जो मौके पर निस्तारित नहीं किये जा सके, निरीक्षण प्रतिवेदन में शामिल किए जाते हैं। गंभीर अनियमितताओं को प्रधान महालेखाकार के कार्यालय द्वारा सरकार के संज्ञान में लाया जाता है।

लेखापरीक्षा एवं लेखा पर विनियम (संशोधन), 2020 के अनुसार, लेखापरीक्षित इकाई के प्रभारी अधिकारी, निरीक्षण प्रतिवेदन (नि.प्र.) की प्राप्ति के चार सप्ताह के अन्दर इसका जवाब भेजेंगे। प्रधान महालेखाकार द्वारा किसी बड़ी अनियमितता की सूचना पर सरकार प्रथम दृष्टया तथ्यों का सत्यापन करेगी एवं सूचना प्राप्त होने के तीन सप्ताह के भीतर तथ्यों की पुष्टि या खंडन करते हुए प्रधान महालेखाकार को

प्रारंभिक प्रतिवेदन भेजेगी। प्रारंभिक प्रतिवेदन में सरकार द्वारा गंभीर अनियमितता[9] के तथ्य का खंडन नहीं किए जाने की दशा में सरकार प्रारंभिक प्रतिवेदन के दो महीनों के भीतर इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए की गई सुधारात्मक कार्रवाई तथा चूक के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को बताते हुए एक विस्तृत प्रतिवेदन प्रधान महालेखाकार को भेजेगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त, प्रधान महालेखाकार द्वारा जारी किए गए निरीक्षण प्रतिवेदन पर त्वरित प्रतिक्रिया हेतु झारखण्ड सरकार के वित्त-विभाग ने ससमय सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर विभागों को दिशा-निर्देश भी जारी किया।

विचाराधीन निरीक्षण प्रतिवेदनों की लंबित लेखापरीक्षा टिप्पणियों की निगरानी एवं उनके निपटान को सुलभ बनाने हेतु संबंधित विभाग के प्रधान सचिव/ सचिव को निरीक्षण प्रतिवेदनों को लंबित दिखाती हुई एक छः माही प्रतिवेदन भेजी जाती है।

मार्च 2021 तक 29 विभागों को जारी किए गए निरीक्षण प्रतिवेदनों की विस्तृत समीक्षा से पता चला कि 4,937 निरीक्षण प्रतिवेदनों में निहित 33,654 कण्डिकाएँ उपयुक्त अनुपालन के अभाव में 31 मार्च 2022 को लंबित थीं। इनमें से 3,698 निरीक्षण प्रतिवेदनों में निहित 26,615 कण्डिकाओं के प्रारंभिक जवाब भी प्राप्त नहीं हुए थे।

तालिका 1.2: 31 मार्च 2022 को (31 मार्च 2021 तक निर्गत) लंबित निरीक्षण प्रतिवेदन एवं कण्डिकाएँ

क्र.सं.	अवधि	लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों की संख्या	लंबित कंडिकाओं की संख्या
1	2020-21	148	1,365
2	1 वर्ष से 3 वर्ष	722	5,509
3	3 वर्ष से 5 वर्ष	1,343	7,190
4	5 वर्ष से अधिक	2,724	19,590

प्रधान सचिव/सचिव या/एवं प्रशासनिक विभागों के किसी नोडल अधिकारी तथा लेखापरीक्षा के प्रतिनिधियों से मिलकर बनी लेखापरीक्षा समिति पारस्परिक सहूलियत के आधार पर लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों/ कंडिकाओं के शीघ्र निपटान हेतु

[9] गंभीर अनियमितता का अर्थ है (अ) संदिग्ध सामग्री धोखाधड़ी या मिलीभगत या भ्रष्टाचार का एक मामला जो लेखापरीक्षा में सामने आया हो, अथवा (ब) गंभीर प्रकृति की अनियमितता जिसमें सार्वजनिक धन, विशेष रूप से कुप्रबंधन, हानि, बर्बादी, व्यर्थ व्यय या राजस्व की हानि, गंभीर खराबी/आंतरिक नियंत्रणों का उल्लंघन आदि शामिल हैं।

समय-समय पर बैठक करती है। हालाँकि, अप्रैल 2020 से मार्च 2021 के दौरान किसी भी विभाग द्वारा लेखापरीक्षा समिति की बैठक आयोजित नहीं की गई।

यह अनुशंसा की जाती है कि सरकार को (i) निर्धारित समय-सारणी के अनुसार निरीक्षण प्रतिवेदनों/कंडिकाओं का उत्तर भेजने में विफल रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई, (ii) हानियों/बकाया-अग्रिमों/अधिक भुगतानों आदि की समयबद्ध तरीके से वसूली तथा (iii) प्रत्येक विभाग के लिए प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक लेखापरीक्षा समिति की बैठक के आयोजन के लिए एक प्रक्रिया की स्थापना सुनिश्चित करनी चाहिए।

1.6 प्रारूप लेखापरीक्षा कंडिकाओं एवं विस्तृत अनुपालन लेखापरीक्षा कंडिकाओं पर विभागों की प्रतिक्रिया

लेखापरीक्षा एवं लेखा पर विनियम (संशोधन), 2020 निर्धारित करता है कि भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में शामिल किए जाने हेतु प्रस्तावित प्रारूप लेखापरीक्षा कण्डिकाओं पर प्रतिक्रिया छः सप्ताह के भीतर समर्पित की जानी चाहिए।

प्रारूप कण्डिकाएँ एवं निष्पादन लेखापरीक्षा/विस्तृत अनुपालन लेखापरीक्षा कण्डिकाएँ, लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रतिक्रिया भेजने का अनुरोध करते हुए संबंधित विभागों के प्रधान सचिवों/सचिवों के साथ-साथ वित्त विभाग को अग्रेषित किए जाते हैं। उनके व्यक्तिगत ध्यान में यह भी लाया जाता है कि भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन, जो विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं, में इन कंडिकाओं के शामिल होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, इन लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर उनकी टिप्पणियों को शामिल करना वांछनीय होगा।

इस प्रतिवेदन में शामिल करने के लिए प्रस्तावित प्रारूप कण्डिकाएँ एवं निष्पादन लेखापरीक्षा/विस्तृत अनुपालन लेखापरीक्षा कण्डिकाएँ, संबंधित विभागों तथा वित्त विभाग के प्रधान सचिव/सचिव को उनके नाम से संबोधित कर आधिकारिक/अर्ध-सरकारी पत्रों के माध्यम से जनवरी 2022 एवं मई 2022 के बीच अग्रेषित किए गए थे। संबंधित विभागों द्वारा लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल सात पृथक/विस्तृत अनुपालन/निष्पादन लेखापरीक्षा कण्डिकाओं में से चार पर जवाब दिए गए थे। विभाग/लेखापरीक्षित इकाइयों की प्रतिक्रियाओं के साथ-साथ प्रारंभिक लेखापरीक्षा पृच्छाओं के जवाब, जहाँ भी प्राप्त हुए, प्रतिवेदन में उपयुक्त रूप से समाहित किए गए हैं।

लेखाओं के लेखापरीक्षा की स्थिति

राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (एसपीएसई) द्वारा लेखाओं का प्रस्तुतीकरण

वर्ष 2020-21 की लेखाओं को सभी एसपीएसई द्वारा 30 सितंबर 2021 तक प्रस्तुत करना आवश्यक था। नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के दायरे में आने वाले 31 (08 ऊर्जा क्षेत्र एवं 23 गैर-ऊर्जा क्षेत्र) एसपीएसई में से तीन[10] एसपीएसई ने वर्ष 2020-21 की अपनी लेखाएँ 31 दिसंबर 2021 तक प्रस्तुत कीं। इनमें से केवल एक एसपीएसई ने 30 सितंबर 2021 को या उससे पहले अपनी लेखाएँ जमा की थी तथा दो एसपीएसई ने 01 अक्टूबर 2021 एवं 31 दिसंबर 2021 के बीच अपनी लेखाएँ, लेखापरीक्षा के लिए जमा की।

एसपीएसई द्वारा लेखाएँ तैयार करने में समयबद्ध

31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले पिछले पाँच वित्तीय वर्षों में से प्रत्येक के लिए अनुवर्ती वर्ष के 30 सितंबर तक एसपीएसई द्वारा लेखाओं के प्रस्तुतीकरण की बकाया का विवरण नीचे दिया गया है:

तालिका 1.3: कार्यरत एसपीएसई द्वारा लेखाओं की प्रस्तुतीकरण से संबंधित स्थिति

क्र. सं.	ब्यौरे	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
1	एसपीएसई की संख्या	27	29	30	31	31
2	चालू वर्ष के दौरान प्रस्तुत किए गए लेखाओं की संख्या	32	28	21	23	27
3	चालू वर्ष के लेखाओं को अंतिम रूप देने वाले एसपीएसई की संख्या	4	4	3	1	3
4	चालू वर्ष के दौरान अंतिम रूप दिए गए पिछले वर्ष के लेखाओं की संख्या	28	24	18	22	24
5	बकाया लेखाओं वाले एसपीएसई की संख्या	23	25	27	30	28
6	बकाया लेखाओं की संख्या	69	68	77	84	88
7	बकाया की सीमा (वर्षों में)	1 से 08 वर्ष	1 से 09 वर्ष	1 से 09 वर्ष	1 से 10 वर्ष	1 से 11 वर्ष

स्रोत: *जनवरी 2021 से दिसंबर 2021 की अवधि के दौरान प्राप्त एसपीएसई के लेखाओं के आधार पर*

01 जनवरी 2021 से 31 दिसंबर 2021 की अवधि के दौरान, एसपीएसई ने 27 वार्षिक लेखाओं को अंतिम रूप दिया था जिनमें 2020-21 की तीन लेखाएँ और पिछले वर्षों की 24 लेखाएँ शामिल थीं। इस प्रकार, 28 एसपीएसई की 88 लेखाएँ बकाया थीं। प्रशासनिक विभागों पर इन संस्थाओं की गतिविधियों की देखरेख करने

---

[10] *(i) झारखण्ड पुलिस आवास निगम लिमिटेड; (ii) झारबिहार कोलियरी लिमिटेड; एवं (iii) पतरातू एनर्जी लिमिटेड*

एवं यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि इन एसपीएसई द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर लेखाओं को अंतिम रूप दिया जाए तथा अपनाया जाए। बकाया लेखाओं के बारे में झारखण्ड सरकार के मुख्य सचिव को अवगत कराया जाता है।

वर्ष 2020-21 के साथ-साथ पिछले वर्षों की लेखाओं को अंतिम रूप दिए जाने तथा 28 एसपीएसई के 88 लेखाओं की अनुवर्ती लेखापरीक्षा के अभाव में, इस बात का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सका कि क्या निवेश एवं किए गए व्यय का उचित लेखा संधारण किया गया था तथा निवेश के उद्देश्य की प्राप्ति हुई थी। अतः इन एसपीएसई में सरकारी निवेश, उस सीमा तक, राज्य विधानमंडल की निगरानी से बाहर रहे।

1.7 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्रवाई

लोक लेखा समिति द्वारा लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर चर्चा:

लोक लेखा समिति के आंतरिक कार्यकारी नियमों की प्रक्रिया के अनुसार, नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में उद्धृत सभी लेखापरीक्षा कंडिकाओं एवं समीक्षाओं पर प्रशासनिक विभागों द्वारा एकतरफा कार्रवाई शुरू करनी थी, भले ही लोक लेखा समिति (लो.ले.स.) द्वारा इनको जाँच के लिए लिया गया हो अथवा नहीं। लेखापरीक्षा द्वारा विधिवत जाँचित कृत-कार्यवाई टिप्पणी (कृ.का.टि.) विभाग को प्रस्तुत करना था, जिसमें उनके द्वारा की गई सुधारात्मक कार्रवाई अथवा प्रस्ताव को दर्शाया गया हो। सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक प्रक्षेत्रों के वर्ष 2008-09 से 2018-19 तक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में 215 लंबित कंडिकाएँ हैं। लोक लेखा समिति ने इनमें से 73 कंडिकाओं को परिचर्चा हेतु लिया तथा लेखापरीक्षा प्रतिवेदन 2008-09 की कंडिका 1.3.6.1 के संबंध में एक अनुशंसा की। हालांकि, इस उप-कंडिका पर कोई कृ.का.टि नहीं प्राप्त हुई है।

इसके अतिरिक्त, 2000-01 से 2007-08 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन जो अनुवर्ती कार्रवाई के लिए विभागों पर छोड़े गए थे, में 201 लंबित कंडिकाएं थीं, जिनमें से 94 कंडिकाएँ लोक लेखा समिति द्वारा परिचर्चा के लिए गए थे। इसके विरुद्ध, लोक लेखा समिति ने सात कंडिकाओं तथा आठ उप-कंडिकाओं के संबंध में अनुशंसाएँ की थीं, जिनमें से दो कंडिकाओं और छह उप-कंडिकाओं के संबंध में कृ.का.टि प्राप्त हुई थी, जैसा कि **तालिका 1.4** में वर्णित है:

तालिका 1.4: लोक लेखा समिति द्वारा लेखापरीक्षा-कंडिकाओं पर परिचर्चा की स्थिति

स्थिति	वर्ष 2000-01 से 2007-08 के लिए लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (सिविल)	वर्ष 2008-09 से 2018-19 के लिए लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (सिविल)
लंबित लेखापरीक्षा-कंडिकाओं की संख्या	201	215
लो. ले. स. द्वारा परिचर्चा के लिए ली गई	94	73
लो. ले. स. द्वारा परिचर्चा के लिए नहीं ली गई	107	142
लो. ले. स. द्वारा की गई अनुशंसाएँ	07 कंडिकाएं एवं 08 उप - कंडिकाएं	01 उप-कंडिका
प्राप्त कृ.का.टि.	02 कंडिकाएं एवं 06 उप - कंडिकाएं	शून्य
विभाग द्वारा की गई कार्रवाई	02 कंडिकाएं एवं 06 उप - कंडिकाएं	शून्य

सार्वजनिक उपक्रमों पर समिति द्वारा लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर परिचर्चा

अगस्त 2018 में आयोजित बैठक में लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के कंडिकाओं की लंबितता से सार्वजनिक उपक्रमों की समिति (कोपू) को अवगत कराया गया था। इसके अतिरिक्त, कोपू ने अपनी तीन बैठकों (2018-19 में) में लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों 2008-09, 2011-12, 2012-13, 2013-14 एवं 2015-16 से संबंधित पाँच कंडिकाओं पर परिचर्चा किया; दो बैठकों (2019-20 में) में लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों 2005-06, 2008-09, 2012-13, 2013-14 एवं 2015-16 से संबंधित सात कंडिकाओं पर परिचर्चा किया; तथा लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों 2007-08, 2008-09 एवं 2011-12 से संबंधित तीन कंडिकाओं पर 2020-21 में चर्चा की गई थी।

लोक लेखा समिति /कोपू के प्रतिवेदनों का अनुपालन

वर्ष 2006-07, 2007-08, 2009-10, 2010-11 एवं 2012-13 के पाँच कोपू प्रतिवेदन, जो 2013-21 के दौरान राज्य विधानमंडल में प्रस्तुत किए गए थे, में चार विभागों अर्थात (i) वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन; (ii) खान एवं भूतत्व; (iii) गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन; तथा (iv) उद्योग से संबंधित कंडिकाओं पर नौ अनुसंशाओं के विरुद्ध राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों(एसपीएसई) से तब से कोई कृ.का.टि प्राप्त नहीं हुए थे।

1.8 इस प्रतिवेदन में महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा अवलोकन

इस प्रतिवेदन में एक निष्पादन लेखापरीक्षा कंडिका, तीन विस्तृत अनुपालन लेखापरीक्षा कंडिकाएं एवं अनुपालन लेखापरीक्षा से व्युत्पन्न तीन पृथक अवलोकन/ कंडिकाएँ निहित हैं।

इस प्रतिवेदन में निहित महत्वपूर्ण अवलोकनों पर निम्नलिखित अनुच्छेदों में संक्षेप में चर्चा की गई है।

निष्पादन लेखापरीक्षा कंडिकाएँ

74वें संविधान संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रभावकारिता

'***74वें संविधान संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रभावकारिता***' पर 2016-17 से 2020-21 की अवधि को आच्छादित करते हुए एक निष्पादन लेखापरीक्षा की गई, जिससे अधोलिखित अवलोकन सामने आए:

15 श.स्था.नि. में 18 से 50 महीने से अधिक समय से चुनाव लंबित थे और प्रशासक या विशेष अधिकारी इन श.स्था.नि. के कार्यों का निष्पादन कर रहे थे।

(कंडिका 2.2.2)

दो नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में स्थायी समिति का गठन ही नहीं किया गया था जबकि चार चयनित श.स्था.नि. में एक कार्यकाल के लिए इसका गठन नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त, दो नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में स्थायी समिति के गठन में असामान्य विलम्ब हुआ था। नमूना-जाँचित 10 में से छः शहरी स्थानीय निकायों के 131 वार्डों में वार्ड समिति गठित नहीं किए गए थे। नमूना-जाँचित चार नगर निगमों में से किसी में भी विषय समिति गठित नहीं किए गए थे।

(कंडिका 2.2.5)

नमूना-जाँचित श.स्था.नि. के जिलों की जिला योजना समितियों द्वारा प्रारूप विकास योजना तैयार नहीं की गई थी।

(कंडिका 2.2.6)

राज्य वित्त आयोगों का गठन विलंब से हुआ तथा पूर्णकालिक अध्यक्ष एवं प्रशासनिक कर्मचारियों की कमी से इसका कार्यकाज बाधित हुआ। चार राज्य वित्त आयोगों में से केवल एक अपनी अनुसंशाएं प्रस्तुत कर सका।

(कंडिका 2.2.7)

दिसंबर 2021 तक उनकी अधिसूचना (अगस्त 2016 एवं सितंबर 2018 के बीच) के 39 से 64 महीनों के बाद भी सात श.स्था.नि. के लिए कार्यशील पद सृजित नहीं किए गए थे। आगे, मार्च 2021 में नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में 421 (47 प्रतिशत) रिक्त पद थे।

(कंडिका 2.2.8)

श.स्था.नि. को हस्तांतरित किए गए 18 कार्यों में से 10 कार्य पूरी तरह से श.स्था.नि. द्वारा निष्पादित किये जा रहे थे, छः कार्य आंशिक रूप से निष्पादित किये जा रहे थे जबकि शेष दो कार्यों के निष्पादन में श.स्था.नि. की कोई भूमिका नहीं थी।

(कंडिका 2.3.1)

श.स्था.नि. अपने संचालन के लिए केंद्र/राज्य सरकार से वित्तीय सहायता पर निर्भर थे क्योंकि उनके अपने राजस्व का हिस्सा उनके कुल प्राप्ति की तुलना में कम था। 10 श.स्था.नि में से केवल पाँच ही अपने स्थापना-व्यय को स्वयं के राजस्व से पूरा कर सके।

(कंडिका 2.4.1)

विस्तृत अनुपालन लेखापरीक्षा कंडिकाएँ

राँची शहर में मल एवं जल निकास व्यवस्था का प्रबंधन

जून 2006 से 2020-21 की अवधि को आच्छादित करते हुए ***'राँची शहर में मल एवं जल निकास व्यवस्था के प्रबंधन'*** पर अनुपालन लेखापरीक्षा से अधोलिखित अवलोकन सामने आए:

जून 2005 में शुरू की गई राँची शहर में मल एवं जल निकास परियोजना, 17 से अधिक (अगस्त 2022) वर्षों में पूरी नहीं की जा सकी और पूरा करने की समय सीमा सितंबर 2017 से मार्च 2019 तक और उसके बाद जनवरी 2023 तक बढ़ा दी गई, जिससे परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य विफल हो गया। विभाग ने भी निविदा की शर्तों का उल्लंघन कर एक अनुभवहीन एवं अपात्र संवेदक को काम दे दिया, जिससे परियोजना की मुश्किलें और बढ़ गईं।

(कंडिका 3.1 एवं 3.2.3.1)

सलाहकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए भुगतान की गई ₹ 16.04 करोड़ की परामर्शी लागत बेकार साबित हुई क्योंकि डीपीआर ने परियोजना के क्षेत्र-I में इच्छित उद्देश्य को पूरा नहीं किया चूँकि नए संरेखण (नए अनुमानों के साथ) के निर्धारण के लिए एक नया सर्वेक्षण करना पड़ा। शेष तीन क्षेत्रों में किसी भी कार्य को लेने के लिए भी डीपीआर का उपयोग नहीं किया गया है तथा डीपीआर के अद्यतन/नए सर्वेक्षण के लिए निविदा प्रक्रियाधीन थी।

(कंडिका 3.2.1)

परियोजना के लिए राँची नगर निगम (राँ.न.नि.) की निविदा ने संवेदक (मेसर्स ज्योति बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड (प्रमुख भागीदार) और मेसर्स विभोर वैभव प्राइवेट लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम(जेवी)) हेतु पक्ष लिया। संवेदक के प्रमुख भागीदार के पास निविदा पात्रता शर्तों को पूरा करने के लिए आवश्यक अनुभव एवं वित्तीय क्षमता नहीं थी और उसने निविदा की अर्हता प्राप्त करने के लिए जाली तथा मनगढ़ंत दस्तावेज प्रस्तुत किए थे।

कार्य के निष्पादन के दौरान, संवेदक कार्य स्थल पर आवश्यक जनशक्ति और मशीनरी उपलब्ध कराने में विफल रहा, धीमी प्रगति की तथा दो बार (सितंबर 2018 और मार्च 2019) समय विस्तार दिए जाने के बावजूद एकपक्षीय रूप से काम बंद कर दिया। परिणामतः राँ.न.नि. ने अक्टूबर 2019 में अनुबंध समाप्त कर दिया।

(कंडिका 3.2.3.1)

संवेदक को 5 प्रतिशत के प्रावधान के विरुद्ध 15 प्रतिशत की दर से मोबिलाइजेशन अग्रिम का भुगतान किया गया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 35.93 करोड़ का अधिक भुगतान हुआ। मोबिलाइजेशन अग्रिम की ₹ 18 करोड़ की एक किश्त, बैंक गारंटी (बीजी)/अन्य दस्तावेज से सुरक्षित किए बिना प्रदान की गई। इस किश्त की बीजी संवेदक द्वारा अग्रिम भुगतान के 10 महीने बाद जमा की गई थी।

अन्य दो किश्तों की ₹ 36 करोड़ की राशि उन बीजी के एवज में दी गई जो एक ऐसी संस्था द्वारा जारी की गई थी जो बीजी जारी करने के लिए अधिकृत अनुसूचित या राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं था।

(कंडिका 3.2.3.3)

निष्पादन चरण के दौरान राँ.न.नि. ने संवेदक को अधिक भुगतान किया। ये सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (₹ 4.22 करोड़) के सभी घटकों के रूपांकन एवं संरेखण जमा किए बिना चरणबद्ध भुगतान का पालन किए बिना सीवेज पम्पिंग स्टेशन (₹ 75.40 लाख) के लिए एकमुश्त भुगतान एवं नाली के काम (₹ 1.98 करोड़) के मदों के बढ़े हुए माप के कारण किए गए थे।

वर्षा जल नालों के आंशिक निष्पादन पर ₹ 47.93 लाख का व्यय व्यर्थ था क्योंकि खंड-खंड में निर्मित नालियों के हिस्से किसी भी नाली नेटवर्क से जुड़े हुए नहीं थे और ये सेप्टिक टैंकों के अपशिष्ट जल से भरे हुए पाए गए। इन नालों का निर्माण सक्षम प्राधिकारी द्वारा रूपांकन के अनुमोदन के बिना शुरू किया गया था और इन्हें तब से छोड़ दिया गया था।

(कंडिका 3.2.3.4)

हरमू नदी का जीर्णोद्धार एवं संरक्षण

जून 2014 से मार्च 2022 की अवधि को आच्छादित करते हुए ***'हरमू नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण'*** पर अनुपालन लेखापरीक्षा से अधोलिखित अवलोकन सामने आए:

आईआईटी, मुंबई की सलाह के बावजूद राज्य सरकार ने परियोजना की योजना राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (एनआरसीपी) के दिशा-निर्देशों (जैसे, शहर स्वच्छता योजना की तैयारी, सीवेज उत्पादन की मात्रा आदि) के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार नहीं बनाई थी। परिणामस्वरूप, भारत सरकार ने एनआरसीपी के तहत केंद्रीय वित्त-पोषण के लिए राज्य के अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसकी राशि ₹ 55.03 करोड़ थी जिससे राज्य परियोजना के लिए केंद्रीय सहायता से वंचित हो गया।

(कंडिका 4.2 एवं 4.2.1)

विभिन्न स्थानों पर हरमू नदी में समाप्त होने वाले 14 प्रमुख प्रवेशिकाओं के विरुद्ध केवल नौ प्रवेशिकाएँ सीवर नेटवर्क से जुड़ी थीं। दोषपूर्ण रूपांकन के कारण, शुष्क मौसम के दौरान भी सीवेज ले जाने वाले जुड़े प्रवेशिकाओं से प्रवाह नदी में गिरता पाया गया। शेष पाँच असंबद्ध प्रवेशिकाएँ सीधे नदी में सीवेज का निर्वहन कर रही थीं। इसके अलावा, सीवर नेटवर्क से जुड़े 56 छोटी प्रवेशिकाएँ भी नदी में सीवेज का निर्वहन कर रही थीं।

(कंडिका 4.4.1 एवं 4.5.2)

सीवरेज नेटवर्क केवल 22.15 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) सीवेज को चैनलाइज़ करने के लिए रूपांकित किया गया था जबकि अनुमानित सीवेज उत्पादन (वर्ष 2048) 47.12 एमएलडी था जैसा कि लेखापरीक्षा द्वारा गणना की गई थी।

(कंडिका 4.5.2)

केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) संहिता का उल्लंघन करते हुए परियोजना को नदी के 22.59 वर्ग किमी के कुल जलग्रहण क्षेत्र के मुकाबले 8.49 वर्ग किमी के कम जलग्रहण क्षेत्र के आधार पर रूपांकित किया गया था। अतिरिक्त जलग्रहण क्षेत्र से उत्पन्न अतिरिक्त सीवेज के उपचार के लिए आवश्यक 10.5 एमएलडी क्षमता के अतिरिक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण भूमि की अनुपलब्धता के कारण नहीं किया जा सका।

(कंडिका 4.5.1 एवं 4.5.3)

11.50 एमएलडी की कुल क्षमता वाले स्वीकृत आठ एसटीपी के मुकाबले, 10 एमएलडी की कुल क्षमता वाले केवल सात एसटीपी, 10 एमएलडी की स्थापित क्षमता के बजाय प्रति दिन 2.898 एमएलडी सीवेज का संचालन एवं प्रसंस्करण कर रहे थे।

(कंडिका 4.6.2)

नदी के अनुप्रस्थ-काट को 100 साल के बजाय 25 साल की वापसी अवधि के लिए बाढ़ के निर्वहन के आधार पर अपवाह के गुणांक के कम मूल्य के साथ (15.45 मी^{2} और 33.25 मी^{2} के बीच) रूपांकित किया गया था। हालाँकि बाद में 50 वर्षों की वापसी अवधि के लिए बाढ़-प्रवाह के आधार पर कई अनुप्रस्थ-काट को चौड़ा किया गया (23.18 मी^{2} और 49.43 मी^{2} के बीच) परंतु नदी के प्रवाह-रूपांकन (मुक्तिधाम और सुवर्णरेखा नदी के साथ मिलन बिंदु के बीच) को वास्तविक प्रवाह की तुलना में कम करके आँका गया था। इसमें वास्तविक बाढ़-प्रवाह की स्थिति में नदी के संपूर्ण अनुप्रस्थ-काट को भारी क्षति का जोखिम है।

(कंडिका 4.5.4)

नदी के दोनों किनारों पर (10.4 कि॰मी॰) वर्षा जल निकास प्रणाली के निर्माण का उद्देश्य प्राप्त नहीं हुआ था। नालों को गाद, मिट्टी एवं ठोस जमा आदि से अवरुद्ध किया गया था तथा ये नाले नदी में (अमरावती पुल और एसटीपी -5 के बीच) सीवेज का निर्वहन करते हुए पाए गए थे।

(कंडिका 4.6.3)

स्वच्छ जल के साथ नदी को एक जीवंत जल संपत्ति में बदलने का परियोजना का उद्देश्य प्राप्त नहीं किया जा सका। परियोजना के पूरा होने के बाद संवेदक द्वारा किए गए पानी की गुणवत्ता के परीक्षण से संकेत मिलता है कि नदी में सीवेज का पानी बह रहा था। मेकॉन लिमिटेड के माध्यम से लेखापरीक्षा द्वारा आयोजित (अप्रैल 2022) हरमू नदी में बहने वाले पानी के गुणवत्ता परीक्षण से अन्य प्रदूषकों के बीच फ़िकल कोलीफॉर्म की उपस्थिति का पता चला।

(कंडिका 4.6.5)

परिचालन एवं अनुरक्षण (परि. एवं अनु.) गतिविधियों की सततता के उपायों की योजना नहीं बनाई गई थी। सात एसटीपी (कुल क्षमता 10 एमएलडी) के लिए सीवेज उठाने वाले पंपों के दैनिक संचालन के लिए आवंटित ₹ 6 लाख प्रति वर्ष के मुकाबले, जुडको प्रति वर्ष लगभग ₹ 33 लाख की दर से विद्युत शुल्क का व्यय कर रहा था। इसने अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण के बिना, परियोजना के परि. एवं अनु. को

असतत बना दिया। एनआरसीपी दिशा-निर्देशों में परिकल्पित परियोजना की सततता सुनिश्चित करने के लिए परि. एवं अनु. लागतों को पूरा करने के लिए राजस्व सृजन का पता नहीं लगाया गया था तथा यह मौजूद नहीं था।

(कंडिका 4.7)

झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड में सामग्री प्रबंधन एवं वस्तु-सूची नियंत्रण

2017-18 से 2020-21 की अवधि को आच्छादित करते हुए ***'झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड में सामग्री प्रबंधन एवं वस्तु-सूची नियंत्रण'*** पर अनुपालन लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अवलोकन सामने आए:

वार्षिक बजट की समय पर तैयारी तथा अनुमोदन के संबंध में कार्य एवं क्रय नियमावली के प्रावधानों का कंपनी द्वारा पालन नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप निधियों के जारी करने एवं उपयोग में कमी आई। इस प्रकार जेबीवीएनएल उन कार्यों को प्रभावी रूप से कार्यान्वित नहीं कर सका जो राज्य में विद्युत वितरण के लिए सृजित परिसम्पत्तियों का उन्नयन करते।

(कंडिका 5.7.1)

कंपनी ने निविदाओं को अंतिम रूप देने में देरी की तथा क्रय-प्रक्रिया में झारखण्ड क्रय नीति (झा.क्र.नी.) के प्रावधानों का पालन नहीं किया, इसलिए यह स्थानीय एमएसई को लाभ नहीं दे सकी। अकुशल डीटी तथा उच्च हानि वाले डीटी की खरीद, नामांकन के आधार पर खरीद तथा परीक्षण एवं निरीक्षण किए बिना ही एसीएसआर कंडक्टर तथा पोल के क्रय से क्रय-प्रक्रिया प्रभावित हुई।

(कंडिका 5.8)

कंपनी ने भण्डारों के प्रभावी प्रबंधन के लिए एक पृथक चिन्हित भण्डार सुनिश्चित नहीं किया तथा भण्डारों का वार्षिक सत्यापन नहीं किया। वस्तु-सूची के लेखांकन में त्रुटियाँ थीं तथा विघटित सामग्रियों की प्राप्ति एवं वितरण दोषपूर्ण थे। ट्रांसफार्मर मरम्मत वर्कशॉप के कार्य भी दोषपूर्ण थे क्योंकि उन्होंने ट्रांसफार्मर के तेल तथा ख़राब हो चुके कॉइल का वसूली मानक सिद्धान्तों के अनुरूप सुनिश्चित नहीं किया। कंपनी स्क्रैप के निपटान तथा वस्तु-सूची के कुशल निरीक्षण एवं प्रबंधन हेतु एमआईएस विकसित करने में भी विफल रही।

(कंडिका 5.9)

पीएसएस के निर्माण कार्य अधूरे थे तथा इनके लिए क्रयित/जारी सामग्रियाँ बेकार पड़ी रहीं। कंपनी ख़त्म किए गए इकरारनामों से संबंधित सामग्रियों के वसूली एवं प्रयोग तथा जारी किए गए सामग्रियों का क्रियान्वित मात्रा से मिलान करने में विफल रही।

(कंडिका 5.10)

पृथक अवलोकन/कंडिकाएँ

कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, राँची ने संवेदक को अंतरिम भुगतान करते समय समायोजन एवं वसूली करने में इकरारनामा की शर्तों का पालन नहीं किया। सुरक्षा जमा की ₹ 3.95 करोड़ की राशि समय से पूर्व वापस कर दिया गया तथा ₹ 11.17 करोड़ की राशि की वसूली/समायोजन, कार्य पूर्ण होने के पाँच वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नहीं की जा सकी।

(कंडिका 6.1)

पहुँच पथ के लिए भूमि-अधिग्रहण किए बिना ही कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण प्रमंडल, राँची (ग्रामीण) द्वारा बुंडू-राहे मार्ग के भोरोंगडीह नाला पर पुल का काम शुरू करने के परिणामस्वरूप निर्मित पुल छः साल से अधिक समय से बेकार पड़ा रहा जिससे ₹ 1.24 करोड़ का व्यय निष्फल हो गया।

(कंडिका 6.2)

मुख्य अभियंता, केंद्रीय रूपांकन संगठन, पथ निर्माण विभाग ने मूल आकलन में शामिल किए जाने के बावजूद प्रारंभ में भूमि अधिग्रहण के प्रावधान को मंजूरी नहीं दिया। बाद में, विभागीय अभियंताओं ने संशोधित प्राक्कलन के प्रस्तुतीकरण एवं अनुमोदन में विलंब किया, जिससे बक्सा नदी पर एक उच्च स्तरीय पुल-निर्माण आठ वर्ष से अधिक समय से अपूर्ण रहा एवं ₹ 97.04 लाख का व्यय निष्फल हो गया।

(कंडिका 6.3)

अध्याय 2

'74वें संविधान संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रभावकारिता'

पर निष्पादन लेखापरीक्षा

अध्याय 2

नगर विकास एवं आवास विभाग

"74वें संविधान संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन की प्रभावकारिता" पर निष्पादन लेखापरीक्षा

कार्यकारी सारांश

संविधान (चौहत्तरवाँ संशोधन) अधिनियम, 1992 ने शहरी स्थानीय निकायों (श.स्था.नि.) को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया और नगरपालिकाओं को शक्तियाँ और अधिकार प्रदान करने हेतु कानून बनाने के लिए राज्य विधानसभाओं को अधिकृत किया, ताकि वे स्वशासन की संस्थाओं के रूप में कार्य कर सकें। अधिनियम ने राज्य विधानसभाओं को श.स्था.नि. को सौंपे जाने वाले 18 विशिष्ट कार्यों के संबंध में शक्तियों और उत्तरदायित्व के हस्तांतरण के लिए प्रावधान करने के लिए भी अधिकृत किया।

'74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (74वें सं.सं.अ.) के कार्यान्वयन की प्रभावकारिता' पर एक निष्पादन लेखापरीक्षा (नि.ले.) यह निर्धारित करने के लिए आयोजित की गई थी कि क्या: (i) श.स्था.नि. को अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त रूप से सशक्त किया गया था (ii) अपने कार्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए श.स्था.नि. के पास उपयुक्त संस्थागत तंत्र उपलब्ध थे और (iii) सौंपे गए कार्यों के निर्वहन के लिए श.स्था.नि. के पास पर्याप्त संसाधन थे।

झारखण्ड में 50 श.स्था.नि. थे (31 मार्च 2021 तक), जिनमें से निष्पादन लेखापरीक्षा के लिए 10 श.स्था.नि. का चुनाव किया गया। 74वें सं.सं.अ. के अनुपालन में, तत्कालीन बिहार से विभाजन (नवंबर 2000) के बाद राज्य सरकार द्वारा चार राज्य वित्त आयोगों (रा.वि.आ.) का गठन किया गया था। पहले तीन रा.वि.आ. में, अध्यक्ष का पद 95 से 594 दिनों की अवधि के लिए रिक्त था, जबकि चौथे रा.वि.आ. (जुलाई 2019 में गठित) के अध्यक्ष की नियुक्ति (अक्टूबर 2022 तक) नहीं की गई थी। आगे, राज्य सरकार ने स्वीकृत पदों के अनुसार नियमित कार्यालय कर्मचारियों की पदस्थापना सुनिश्चित नहीं की थी। परिणामस्वरूप, दो रा.वि.आ. अर्थात, दूसरा रा.वि.आ. (जनवरी 2009 से जनवरी 2014 की अवधि के लिए) और तीसरा रा.वि.आ. (जनवरी 2014 से जनवरी 2019 की अवधि के लिए), 10 वर्षों की अवधि में अपनी अनुशंसा प्रस्तुत नहीं कर सका। पहले रा.वि.आ. (जनवरी 2004 में गठित) की अनुशंसा (अप्रैल 2009) के आधार

पर, राज्य सरकार ने फरवरी 2012 में झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम (झा.न.अ.), 2011 को अधिनियमित किया, जिसने नगरपालिकाओं को 18 निर्दिष्ट कार्यों को करने का अधिकार दिया। एक सहकार्यकारी निकाय यथा झारखण्ड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) की स्थापना भी शहरी बुनियादी ढाँचों के विकास के लिए जुलाई 2013 में की गई थी।

हालाँकि झा.न.अ., 2011 को अधिनियमित किया गया था, परंतु यह सभी कार्यों के हस्तांतरण और उपयुक्त संस्थागत तंत्र के निर्माण द्वारा समर्थित नहीं था। श.स्था.नि., 18 कार्यों में से 10 कार्यों के लिए पूरी तरह से जिम्मेवार थे जबकि मानवबल, तकनीकी विशेषज्ञता और अन्य संसाधनों की कमी के कारण दो कार्यों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी और छः कार्यों में आंशिक भूमिका थी। 15 श.स्था.नि. में (i) उनके पर्षद को भंग करने या (ii) राज्य सरकार द्वारा श.स्था.नि. के गठन की अधिसूचना जारी करने के बाद भी 18 से 50 महीनों तक चुनाव नहीं कराए गए थे। 2015-16 से 2019-20 के दौरान चार से 14 शहरी स्थानीय निकाय उन शहरी स्थानीय निकायों में समय पर चुनाव नहीं कराए जाने के कारण 14वें वित्त आयोग के ₹ 253.46 करोड़ के अनुदान से वंचित हो गए। नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में से क्रमशः दो और छः श.स्था.नि. में स्थायी समिति एवं वार्ड समिति का गठन नहीं किया गया था। नमूना-जाँचित चार नगर निगमों में विषय समितियों का भी गठन नहीं किया गया था। यद्यपि जिला योजना समितियों का गठन किया गया था, इसने श.स्था.नि. से सूचनाएँ प्राप्त कर प्रारूप विकास योजनाएँ तैयार नहीं की, जैसा कि परिकल्पित था। श.स्था.नि. कर्मचारियों की भारी कमी का भी सामना कर रहे थे। सहकर्यकारी निकाय झारखण्ड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) ने शहरी बुनियादी ढाँचों के निर्माण के लगभग 98 प्रतिशत विकास निधि सीधे नगर विकास एवं आवास विभाग (न.वि. एवं आ.वि.), झारखण्ड सरकार से प्राप्त किया और इस तरह जुडको द्वारा क्रियान्वित कार्यों के वित्तपोषण और निगरानी में श.स्था.नि. की अधिक भूमिका नहीं थी।

श.स्था.नि. के संसाधनों में वृद्धि के लिए झा.न.अ. के तहत उल्लिखित नौ प्रकार के करों में से श.स्था.नि. केवल तीन प्रकार के करों का संग्रह कर रहे थे क्योंकि राज्य सरकार इस संबंध में नियम बनाने में विफल रही। श.स्था.नि. ने मार्च 2021 तक करों और उपयोगकर्ता शुल्क की दरों में संशोधन नहीं किया था, हालाँकि झा.न.अ, 2011 के अनुसार तीन से पाँच वर्ष के भीतर इन्हें संशोधित किया जाना था।वे अपने स्थापना संबंधी खर्चों की पूर्ति के लिए भी काफी हद तक केंद्र और राज्य सरकारों की वित्तीय सहायता पर निर्भर थे। आगे, वे या तो वार्षिक बजट तैयार किए बगैर

या अवास्तविक बजट तैयार कर व्यय कर रहे थे क्योंकि वास्तविक प्राप्तियाँ एवं व्यय, बजट प्राप्तियाँ एवं व्यय की तुलना में क्रमश: 72 प्रतिशत और 67 प्रतिशत कम थीं। वे अपने पास उपलब्ध निधि का केवल 24 से 47 प्रतिशत ही उपयोग कर सके। वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान 10 नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में संपत्ति कर और जल उपयोगकर्ता शुल्क की संग्रहण क्षमता कुल माँग की तुलना में क्रमशः 23 और आठ प्रतिशत थी। नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में एकत्रित ठोस अपशिष्ट उपयोगकर्ता शुल्क और जल उपयोगकर्ता शुल्क परिचालन एवं अनुरक्षण/संग्रह लागत को भी पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं थे। यद्यपि श.स्था.नि. के लेखों की जाँच और लेखापरीक्षा के लिए नवंबर 2014 में स्थानीय निधि लेखापरीक्षा के निदेशक का कार्यालय स्थापित किया गया था, कर्मचारियों की कमी तथा विशिष्ट नियमों एवं विनियमों के अभाव के कारण यह उचित रूप से कार्य नहीं कर सका।

इस प्रकार, 74वें सं.सं.अ. के उद्देश्य, अर्थात सौंपे जाने वाले 18 चिन्हित कार्यों के संबंध में शक्तियाँ और अधिकार प्रदान कर नगरपालिकाओं को स्वशासन की संस्थाओं के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाना की प्राप्ति नहीं हुई थी।

जवाब में, सरकार ने लेखापरीक्षा द्वारा उजागर किए गए मुद्दों को स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि 74वें संविधान संशोधन अधिनियम (सं.सं.अ.) में परिकल्पित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सुधारात्मक उपाय शुरू किए जाएंगे।

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, हम अनुशंसा करते हैं कि:

- *श.स्था.नि. का चुनाव यथाशीघ्र आयोजित किया जा सकता है और प्रमुख समितियों जैसे वार्ड समितियों, स्थायी समितियों और विषय समितियों का गठन सुनिश्चित किया जा सकता है*

- *जिला योजना समितियाँ, श.स्था.नि. के मंतव्यों के साथ, मसौदा विकास योजनाओं की तैयारी सुनिश्चित कर सकती हैं*

- *राज्य वित्त आयोग को पूर्णकालिक अध्यक्ष, सदस्यों और प्रशासनिक कर्मचारियों के साथ मजबूत किया जा सकता है*

- *श.स्था.नि. को सौंपे गए कार्यों के निष्पादन में स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सहायता जैसे, कुशल मानवबल और अन्य संसाधन प्रदान की जा सकती है*

- *सभी प्रकार के नगरपालिका करों के आरोपण एवं संग्रहण को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक नियम बनाए जा सकते हैं*
- *श.स्था.नि. के लिए अलग लेखों का संकलन और सभी श.स्था.नि. द्वारा वास्तविक बजट तैयार करना सुनिश्चित किया जा सकता है*
- *सरकार को उपयोगकर्ता शुल्कों के सुचारू संग्रहण के साथ श.स्था.नि के संसाधनों को बढ़ाने के लिए करों और उपयोगकर्ता शुल्कों की दरों में संशोधन सुनिश्चित करना चाहिए; तथा*
- *निदेशक, स्थानीय निधि लेखापरीक्षा द्वारा श.स्था.नि. का नियमित लेखापरीक्षा किया जा सकता है।*

2.1 परिचय

2.1.1 74वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

संविधान (चौहत्तरवाँ संशोधन) अधिनियम, 1992 (74वाँ सं.सं.) जो 1 जून 1993 को लागू हुआ, द्वारा संविधान में एक नया भाग अर्थात भाग IX अ (नगरपालिकाएँ) को शामिल कर शहरी स्थानीय निकायों (श.स्था.नि) को एक संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया। नगरपालिकाओं को ऐसी शक्तियाँ और अधिकार प्रदान करने जो उन्हें स्वशासन की संस्थाओं के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक हों तथा 12वीं अनुसूची में सूचीबद्ध विषयों, जहाँ श.स्था.नि को सौंपे जाने वाले 18 विशिष्ट कार्यों का विवरण है जैसा कि ***कंडिका 2.3.1*** में चर्चा की गई है, के संबंध में शक्तियों तथा जिम्मेदारियों के हस्तांतरण के लिए प्रावधान करने हेतु संविधान के अनुच्छेद 243 डब्ल्यू ने राज्य विधानमंडलों को कानून बनाने के लिए अधिकृत किया।

2.1.2 झारखण्ड में शहरीकरण की प्रवृत्ति

2011 की जनगणना के अनुसार, झारखण्ड में शहरी क्षेत्रों में 79.33 लाख लोग (कुल जनसंख्या 3.29 करोड़ का 24 प्रतिशत) रहते हैं। 2001-2011 के दशक में शहरी जनसंख्या की वृद्धि दर 32.36 प्रतिशत थी। आगे, वर्ष 2011-21 के दशक में, जनगणना के जनसंख्या प्रक्षेपण के अनुसार राज्य की शहरी आबादी, 25.27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मार्च 2021 तक 99.38 लाख अनुमानित थी। इस परिदृश्य में, शहरी झारखण्ड के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य, जलापूर्ति, गरीबी उन्मूलन, अपशिष्ट प्रबंधन आदि से निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर श.स्था.नि की महत्वपूर्ण भूमिका है।

2.1.3 शहरी स्थानीय निकाय की रूपरेखा

झारखण्ड में 31 मार्च 2021 को उनकी जनसंख्या के आधार पर वर्गीकृत 50 श.स्था.नि थे जैसा कि **तालिका 2.1** में दिखाया गया है।

तालिका 2.1: झारखण्ड में श्रेणीवार श.स्था.नि

श्रेणी	नामकरण		जनसंख्या	श.स्था.नि. की संख्या
वृहद् शहरी क्षेत्र	नगर निगम (न.नि.)		1.5 लाख एवं अधिक	09
लघु शहरी क्षेत्र	नगर परिषद (न.प.)	वर्ग 'अ'	एक लाख एवं अधिक तथा 1.5 लाख से कम	01
		वर्ग 'व'	0.40 लाख एवं अधिक तथा एक लाख से कम	19
परिवर्ती क्षेत्र	नगर पंचायत (न.पं.)		0.12 लाख एवं अधिक तथा 0.40 लाख से कम	20
	अधिसूचित क्षेत्र समिति			01
कुल				**50**

स्रोत: *झा.न.अ, 2011 तथा न.वि. एवं आ.वि. का वार्षिक प्रतिवेदन 2020-21*

श.स्था.नि झारखण्ड नगर अधिनियम (झा.न.अ.), 2011 द्वारा शासित होते हैं। प्रत्येक श.स्था.नि को वार्डों में विभाजित किया गया है, जिन्हें पार्षदों के चुनाव के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित और अधिसूचित किया जाता है। अधिसूचित क्षेत्र समिति, जमशेदपुर को छोड़कर सभी श.स्था.नि का एक निकाय यानि परिषद है, जो पार्षद और अन्य सदस्य से मिलकर बनता है। जमशेदपुर में अ.क्षे.स. का दैनिक संचालन नगर विकास और आवास विभाग (न.वि. एवं आ.वि.), झारखण्ड सरकार द्वारा नियुक्त एक विशेष पदाधिकारी द्वारा देखा जाता है। इसके अलावा, गोमिया नगर परिषद को सितंबर 2018 में अधिसूचित किया गया था एवं दिसंबर 2020 में इसकी अधिसूचना रद्द किए जाने तक यह कार्यशील रहा।

2.1.4 संगठनात्मक संरचना

श.स्था.नि. नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। नगर प्रशासन निदेशालय (न.प्र.नि) न.वि. एवं आ.वि. और श.स्था.नि के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है। झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में सुधार के लिए मई 2008 में गठित राज्य नगरीय विकास एजेंसी (सुडा) वर्तमान में कुछ केन्द्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन, घरों का सर्वेक्षण, संपत्ति कर, जल उपयोगकर्ता शुल्क एवं अन्य नगरपालिका करों का आकलन और संग्रहण करती है।

नगर निगम में नगर आयुक्त और नगर परिषद तथा नगर पंचायत में कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जाती है और उनके पास झा.न.अ., 2011 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अधीन श.स्था.नि के प्रशासन को चलाने के लिए कार्यकारी शक्तियाँ होती हैं।

जनता द्वारा निर्वाचित मेयर/अध्यक्ष परिषद की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। राज्य में श.स्था.नि के कार्यकाज के संबंध में संगठनात्मक संरचना को **चार्ट 2.1** में दर्शाया गया है।

चार्ट 2.1: संगठनात्मक संरचना / संगठनात्मक-चित्र



इसके अलावा, जुलाई 2013 में स्थापित झारखण्ड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) एक सहकार्यकारी संस्था है जो शहरी बुनियादी ढाँचों के निर्माण में न.वि. एवं आ.वि. को सुविधा प्रदान करता है।

2.1.5 लेखापरीक्षा उद्देश्य

निष्पादन लेखापरीक्षा (नि.ले.) का उद्देश्य यह निर्धारित करना था कि:

- क्या राज्य सरकार द्वारा श.स्था.नि को उपयुक्त रूप से गठित संस्थानों/संस्थागत तंत्रों की स्थापना के माध्यम से अपने कार्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने का अधिकार दिया गया है;
- कथित रूप से सौंपे गए कार्यों के निर्वहन में श.स्था.नि. की प्रभावशीलता विकसित की गई है; तथा
- क्या श.स्था.नि. को कथित रूप से सौंपे गए कार्यों के निर्वहन हेतु पर्याप्त संसाधनों तक पहुँच के लिए सशक्त किया गया है।

2.1.6 लेखापरीक्षा मापदंड

लेखापरीक्षा मापदंड निम्नलिखित से प्राप्त किए गए थे:

- संवैधानिक (चौहत्तरवाँ) संशोधन अधिनियम, 1992 (74वाँ सं.सं.अ.);
- झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम (झा.न.अ.) 2011;
- झारखण्ड नगरपालिका लेखा नियमावली (झा.न.ले.नि.), 2012 और उसके तहत प्रावधान;
- झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012
- केंद्रीय/राज्य वित्त आयोगों के प्रतिवेदन; तथा
- समय-समय पर जारी किए गए राज्य सरकार के आदेश, अधिसूचनाएँ, परिपत्र और निर्देश।

2.1.7 लेखापरीक्षा का क्षेत्र, विस्तार एवं कार्यप्रणाली

वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 की अवधि के लिए, अक्टूबर 2020 से दिसंबर 2021 के दौरान, न.वि. एवं आ.वि. तथा चयनित श.स्था.नि में "74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (सं.सं.अ.) के कार्यान्वयन की प्रभावकारिता" पर एक निष्पादन लेखापरीक्षा (नि.ले.) आयोजित की गई। 50 श.स्था.नि. में से 10 श.स्था.नि. अर्थात नौ नगर निगमों में से चार[1], 20 नगर परिषदों में से तीन[2] और 20 नगर पंचायतों में से तीन[3] का चयन 2011 की जनगणना के जनसंख्या के आधार पर सरल याद्दच्छिक नमूनाकरण विधि से किया गया। प्रश्नावली एवं प्रारूप जारी कर तथा संचिका के अध्ययन के माध्यम से साक्ष्य एकत्र किए गए। लेखापरीक्षा पद्धति में दस्तावेजों का विश्लेषण और लेखापरीक्षा पृच्छाओं के उत्तर शामिल थे।

शक्तियों के हस्तांतरण की स्थिति की समीक्षा करने हेतु संविधान की 12वीं अनुसूची में वर्णित 18 कार्यों में से, दो कार्यों अर्थात (i) जल आपूर्ति तथा (ii) सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का चयन श.स्था.नि द्वारा इन कार्यों की जिम्मेवारी के निर्वहन करने हेतु श.स्था.नि के संसाधनों तथा क्षमताओं की पर्याप्तता का आकलन करने के लिए किया गया था। केंद्रीय वित्त आयोग (के.वि.आ.)/राज्य वित्त आयोग (रा.वि.आ.) की अनुशंसाओं का कार्यान्वयन तथा झा.न.अ., 2011 के प्रावधानों का विश्लेषण भी श.स्था.नि के पास उपलब्ध

---

1 *देवघर, धनबाद, मेदिनीनगर एवं राँची।*

2 *गोड्डा, फुसरो एवं सिमडेगा।*

3 *बासुकीनाथ, हुसैनाबाद एवं खुँटी।*

नगरपालिका के स्रोतों यथा नगरपालिका कर और उपयोगकर्ता शुल्क का आकलन के लिए करने किया गया।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. के साथ 31 अगस्त 2021 को एक प्रवेश सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें लेखापरीक्षा के क्षेत्र, कार्यप्रणाली, उद्देश्य और मापदंड पर चर्चा की गई। लेखापरीक्षा अवलोकनों पर चर्चा करने के लिए सचिव, न.वि. एवं आ.वि. के साथ 22 अगस्त 2022 को एक निकास सम्मेलन भी आयोजित किया गया था। निकास सम्मेलन के दौरान विभाग द्वारा व्यक्त किए गए विचार, अगस्त 2022 में प्रस्तुत उत्तरों के साथ, प्रतिवेदन में उपयुक्त रुप से शामिल किए गए हैं।

2.2 शहरी स्थानीय निकायों के सशक्तिकरण के लिए संस्थागत तंत्र

राज्य सरकार ने फरवरी 2012 में झा.न.अ., 2011 को अधिनियमित करते हुए 12वीं अनुसूची में वर्णित 18 कार्यों को करने के लिए नगरपालिकाओं को अधिकार दिया। इन कार्यों का निर्वहन तभी प्रभावी हो सकता है जब उपयुक्त संस्थान स्थापित हों। 74वें सं.सं.अ. ने नगरपालिकाओं की संरचना और संस्थागत तंत्र के संबंध में कुछ प्रावधान तय किए। राज्य सरकार ने इन प्रावधानों को झा.न.अ., 2011 के अंतर्गत लाया जैसा कि **तालिका 2.2** में दर्शाया गया है।

तालिका 2.2: 74 वें सं.सं.अ. के प्रावधानों के साथ राज्य स्तरीय विधानों की तुलना

74वें सं.सं.अ के तहत किए गए प्रावधान	भारत के संविधान के प्रावधान के अनुसार आवश्यकता	झा.न.अ., 2011 में समान प्रावधान
अनुच्छेद 243क्यू	<u>नगरपालिकाओं का गठन</u>: तीन प्रकार की नगरपालिकाएँ अर्थात् परिवर्ती क्षेत्र के लिए नगर पंचायत, एक लघु शहरी क्षेत्र के लिए नगर परिषद और एक वृहद् शहरी क्षेत्र के लिए नगर निगम।	धारा 3
अनुच्छेद 243आर	<u>नगरपालिकाओं की संरचना</u>: नगरपालिका में सभी सीट प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा भरे जाते हैं और नगर प्रशासन में विशेष ज्ञान वाले व्यक्ति सरकार द्वारा नामित। किसी राज्य का विधानमंडल कानून द्वारा, संसद और विधान सभा के सदस्य, जिनके निर्वाचन क्षेत्र नगरपालिका क्षेत्र में स्थित हैं और राज्य परिषद और राज्य विधान परिषद के सदस्य जो शहर के भीतर निर्वाचक के रूप में पंजीकृत हैं, को प्रतिनिधित्व प्रदान कर सकते हैं।	धारा 15, 16 तथा 26
अनुच्छेद 243एस	<u>वार्ड समिति का गठन और संरचना</u>: यह तीन लाख या उससे अधिक की आबादी वाली सभी नगर पालिकाओं में वार्ड समितियों के गठन का प्रावधान करती है।	धारा 34
अनुच्छेद 243टी	<u>सीटों का आरक्षण</u>: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, महिलाओं और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित सीटें सीधे चुनाव द्वारा भरे जाने हैं।	धारा 16
अनुच्छेद 243यू	<u>नगरपालिकाओं की अवधि</u>: नगरपालिका की पहली बैठक की तारीख से पाँच साल का एक निश्चित कार्यकाल है और कार्यकाल के समाप्ति के छः महीने के भीतर फिर से चुनाव होना है।	धारा 20
243आई के साथ पठित अनुच्छेद 243वाई	<u>वित्त आयोग</u>: राज्य सरकार निम्नलिखित के लिए वित्त आयोग का गठन करेगी: नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने और ऐसे कदम उठाने जो नगर निकायों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में मदद करें। राज्य सरकार द्वारा वसूले जाने वाले करों, शुल्कों, टोल और शुल्कों की शुद्ध	धारा 97

74वें सं.सं.अ के तहत किए गए प्रावधान	भारत के संविधान के प्रावधान के अनुसार आवश्यकता	झा.न.अ., 2011 में समान प्रावधान
	आय का राज्य और नगरपालिकाओं के बीच वितरण करना। राज्य की संचित निधि से राज्य में नगर निकायों को निधियों का आवंटन।	
	राज्यपाल इस अनुच्छेद के तहत आयोग द्वारा की गई प्रत्येक अनुशंसा पर कृत कार्रवाई को एक व्याख्यात्मक ज्ञापन के रूप में राज्य के विधानमंडल के समक्ष रखवाएंगे।	झा.न.अ., 2011 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है
अनुच्छेद 243 जेडडी	जिला योजना के लिए समिति: जिला स्तर पर जिला योजना समिति का गठन। जिला योजना समितियों की संरचना। विकास योजना का प्रारूप तैयार कर सरकार को अग्रसारित किया जाना।	धारा 383
अनुच्छेद 243जेडई	महानगरीय योजना समिति: 10 लाख या उससे अधिक की आबादी वाले प्रत्येक महानगरीय क्षेत्र में महानगरीय योजना समिति (म.यो.स.) के गठन का प्रावधान।	धारा 384

स्रोत: 74वां सं.सं.अ तथा झा.न.अ., 2011

74वें सं.सं.अ और झा.न.अ., 2011 में उद्धृत प्रावधानों तथा झारखण्ड में नगरपालिकाओं के संस्थागत तंत्र की तुलनात्मक चर्चा अनुवर्ती कंडिकाओं में की गई है।

2.2.1 नगरपालिकाओं का गठन

संविधान के अनुच्छेद 243क्यू के तहत शहरी स्थानीय निकाय (श.स्था.नि.) को एक स्वशासकीय संस्था के रूप में परिभाषित किया गया है। झा.न.अ., 2011 की धारा 3 के अनुसार, राज्य सरकार किसी भी स्थानीय क्षेत्र की जनसंख्या, जनसंख्या घनत्व, ऐसे क्षेत्र में कृषि गतिविधियों के इतर रोजगार का प्रतिशत, ऐसे क्षेत्र का आर्थिक महत्व आदि को ध्यान में रखते हुए, अधिसूचना द्वारा किसी भी क्षेत्र[4] को एक वृहद् शहरी क्षेत्र (नगर निगम), या एक छोटा शहरी क्षेत्र (नगर परिषद), या एक परिवर्ती क्षेत्र (नगर पंचायत) घोषित कर सकती है। झा.न.अ., 2011 की धारा 14 के तहत, राज्य सरकार आवश्यकतानुसार मौजूदा नगरपालिकाओं की समीक्षा करेगी और परिनगरीय क्षेत्रों और मौजूदा श.स्था.नि. की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए उनका उन्नयन करेगी।

वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान राज्य सरकार ने दो नगर परिषदों (गिरिडीह और मेदिनीनगर) और एक अधिसूचित क्षेत्र समिति (मानगो) को नगर निगमों (अगस्त 2017 और सितंबर 2017 के बीच) के रूप में, मौजूदा जुगसलाई

[4] *बशर्ते कि स्थानीय क्षेत्र ने महत्व तथा शहरी विशेषताओं जैसे बाजार सुविधाओं की उपलब्धता, स्थापित उद्योग या उद्योगों या वाणिज्य या शिक्षा को आकर्षित करने की क्षमता को अर्जित कर लिया हो। स्वास्थ्य देखभाल या आर्थिक और औद्योगिक विकास के लिए ऐसी अन्य बुनियादी सुविधाओं पर भी विचार किया जा सकता है।*

नगरपालिका को नगर परिषद (अगस्त 2017) के रूप में तथा सात[5] नये नगर पंचायतों (अगस्त 2016 से सितंबर 2018 के बीच) को अधिसूचित किया।

2.2.2 चुनाव एवं परिषदों का गठन

झा.न.अ 2011 की धारा 20 के साथ पठित 74वें सं.सं.अ. का अनुच्छेद 243यू (3)(ए) नगरपालिकाओं के लिए अपनी पहली बैठक की तारीख से पाँच साल का एक निश्चित कार्यकाल निर्धारित करता है। नए श.स्था.नि. की अधिसूचना और मौजूदा श.स्था.नि. के विघटन के मामले में ऐसी अधिसूचना या विघटन की तारीख से छः महीने के भीतर चुनाव होंगे।

- राज्य निर्वाचन आयोग (रा.नि.आ.) ने वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान महापौरों, उप-महापौरों, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों के लिए चुनाव करवाया (मार्च और अप्रैल 2018) और 34 श.स्था.नि.[6] में परिषदों का गठन किया।

- एक नव निर्मित (29 अगस्त 2016) नगर पंचायत (बरहरवा) में चुनाव अधिसूचना की तारीख से छः महीने के भीतर कराने के बजाय 18 महीने बाद (अप्रैल 2018) कराया गया।

- आठ श.स्था.नि.[7] जिनका कार्यकाल जून 2020 में समाप्त होना था, में चुनाव मई-जून 2020 में प्रस्तावित थे, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण रा.नि.आ. द्वारा चुनाव स्थगित (मई 2020) कर दिया गया । इस प्रकार, इन श.स्था.नि. में चुनाव दिसंबर 2021 तक 18 महीने से अधिक समय से लंबित थे। इन श.स्था.नि. में, नगर आयुक्तों / कार्यकारी अधिकारियों को झा.न.अ, 2011 के धारा 16 (8) के तहत श.स्था.नि., की शक्ति और कार्यों का प्रयोग करने के लिए प्रशासक के रूप में अधिसूचित (जून 2020) किया गया था ।

- पाँच[8] नवसृजित (अप्रैल 2018 और सितंबर 2018 के बीच) नगर पंचायतों में, चुनाव उनकी अधिसूचना की तारीख से दिसंबर 2021 तक 39 से 44 महीनों से अधिक समय से लंबित थे। इन श.स्था.नि. के लिए चुनाव मई-जून 2020 में प्रस्तावित किए गए थे, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण रा.नि.आ. द्वारा स्थगित (मई 2020) कर दिए गए। हाँलाकि, महामारी के पहले चुनाव संपन्न नहीं कराने के कारण अभिलेख में उपलब्ध नहीं थे।

---

[5] *बचरा, बड़की सरैया, बड़हरवा, धनवार, डोमचांच, हरिहरगंज एवं महगामा*

[6] *पाँच नगर निगम, 16 नगर परिषद एवं 13 नगर पंचायत*

[7] *तीन नगर निगम (चास, देवघर और धनबाद), तीन नगर परिषद (बिश्रामपुर, चक्रधरपुर और झुमरी तिलैया) और दो नगर पंचायत (कोडरमा और मझियाओं)*

[8] *बचरा, बड़की सरैया, धनवार, हरिहरगंज और महगामा।*

- दो श.स्था.नि. मानगो और जुगसलाई को क्रमशः नगर निगम और नगर परिषद के रूप में अधिसूचित (अगस्त 2017) किया गया था, लेकिन दिसंबर 2021 तक 50 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी चुनाव नहीं करवाए जा सके क्योंकि आरक्षित सीटों की पहचान के लिए इन श.स्था.नि. में पिछड़े वर्ग की जनसंख्या सुनिश्चित नहीं की जा सकी।

- 14वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, अनुदान विधिवत रूप से गठित श.स्था.नि., यानि जहाँ चुनाव हुए थे तथा निर्वाचित निकाय मौजूद थे, को ही जारी किया जाना था। अनुदान शहरी स्थानीय निकायों की जनसंख्या (90 प्रतिशत) और क्षेत्रफल (10 प्रतिशत) के अनुपात में जारी किया जाना था।

लेखापरीक्षा में यह देखा गया कि वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2019-20 के दौरान चार से 14 श.स्था.नि. 14वें वित्त आयोग के ₹ 253.46 करोड़[9] के राशि के अनुदान से वंचित हो गए, क्योंकि इन श.स्था.नि. में चुनाव नहीं हुए थे।

इस प्रकार, 15 श.स्था.नि. में चुनाव, 18 से 50 महीने से अधिक समय से लंबित थे तथा प्रशासक या विशेष अधिकारी इन श.स्था.नि. के कार्यों को देख रहे थे। इसके अतिरिक्त, समय पर चुनाव नहीं कराए जाने के कारण शहरी स्थानीय निकाय 14वें वित्त आयोग के ₹ 253.46 करोड़ के राशि के अनुदान से वंचित हो गए।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया तथा कहा (अगस्त 2022) कि 15 श.स्था.नि. में जल्द चुनाव के लिए विभाग/रा.नि.आ. द्वारा कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है।

2.2.3 नगरपालिकाओं की संरचना

झा.न.अ., 2011 की धारा 15 के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 243 आर के अनुसार, एक नगरपालिका में निर्वाचित पार्षद, सह-चयनित सदस्य[10] और पूर्ण या आंशिक रूप से नगरपालिका क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचन क्षेत्रों के विधानसभा के सदस्य (विधायक) एवं संसद सदस्य (सांसद) शामिल होते हैं।

लेखापरीक्षा ने पाया कि नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में पार्षदों ने नगरपालिका प्रशासन में विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले सदस्यों और अल्पसंख्यक समुदाय से

---

[9] *2015-16: 4 श.स्था.नि. - ₹ 28.61 करोड़, 2016-17: 8 श.स्था.नि. - ₹ 46.03 करोड़, 2017-18: 9 श.स्था.नि. - ₹ 50.16 करोड़, 2018-19: 14 श.स्था.नि. - ₹ 63.61 करोड़, 2019-20: 8 श.स्था.नि. - ₹ 65.05 करोड़, (जनसंख्या तथा क्षेत्रफल के आधार पर संगणित)*

[10] *नगरपालिका प्रशासन में विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले महिला सहित सदस्य तथा परिषद में कोई प्रतिनिधित्व नहीं होने वाले अल्पसंख्यक समुदाय को वरीयता के साथ महिला सहित सदस्य, पार्षदों द्वारा सह-चयनित किया जाता है। सह-चयनित सदस्यों को मत देने का अधिकार नहीं होता।*

संबंधित सदस्यों का सह-चयन, जैसा कि झा.न.अ., 2011 में उल्लिखित है, नहीं किया।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया तथा कहा (अगस्त 2022) कि नगरपालिका प्रशासन में विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले सदस्यों और अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित सदस्यों का सह-चयन के लिए श.स्था.नि. को निर्देशित किया जाएगा।

2.2.4 चुनाव में सीटों का आरक्षण

संविधान के अनुच्छेद 243टी में प्रत्यक्ष चुनावों में अनुसूचित जाति (अ.जा.), अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.), महिला और पिछड़ा वर्ग (पि.व.) के लिए सीटों के आरक्षण का प्रावधान है। झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली (जेएमइए), 2012 के नियम 5 के साथ पठित झा.न.अ., 2011 की धारा 16 में प्रावधान है कि प्रत्येक परिषद में, जितना निकटतम संभव हो सके जो कुल निर्वाचित सदस्यों के सीटों के 50 प्रतिशत से अधिक न हो, अ.जा., अ.ज.जा पि.व. एवं महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। आरक्षण उस नगरपालिका में अ.जा., अ.ज.जा और पि.व. की आबादी के आधार पर दिया जाना था। सीटों के आरक्षण में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्राथमिकता क्रमशः अ.जा., अ.ज.जा. और पिछड़ा वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में दिया जाना था, जिसमें प्रत्येक श्रेणी में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए शामिल हो।

लेखापरीक्षा ने पाया कि पार्षदों के चुनाव में महिलाओं के प्रतिनिधित्व सहित आरक्षण मानदंड का पालन किया गया था। उदाहरण के लिए, अप्रैल 2018 में हुए चुनाव में सिमडेगा के 20 वार्डों में से अ.जा. के लिए 4.48 प्रतिशत आबादी के विरुद्ध एक सीट/वार्ड आरक्षित थी, जबकि अ.ज.जा. के लिए 46.39 प्रतिशत की आबादी के विरुद्ध महिलाओं के लिए चार सीटें/वार्ड सहित कुल नौ सीटें/वार्ड आरक्षित थीं और शेष 10 सीटें अन्य (अनारक्षित) के लिए थे, जिनमें से महिलाओं के लिए पाँच सीटें/वार्ड शामिल थे। पि.व. के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं हुई क्योंकि अ.जा. और अ.ज.जा. को क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय प्राथमिकता देते हुए 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा पूरी हो गई थी।

2.2.5 प्रमुख समितियाँ

2.2.5.1 स्थायी समिति

झा.न.अ., 2011 की धारा 24 के अनुसार, श.स्था.नि. को स्थायी समिति गठित करने की आवश्यकता है जिसमें (अ) नगर निगम के मामले में महापौर, उप महापौर

और क्षेत्रीय समितियों[11] के अध्यक्ष (ब) नगर परिषद के मामले में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और परिषद द्वारा चुने जाने वाले पाँच निर्वाचित पार्षद और (स) नगर पंचायत के मामले में अध्यक्ष; उपाध्यक्ष और परिषद द्वारा चुने जाने वाले तीन निर्वाचित पार्षद शामिल होते हैं। समिति के कार्यों में बजट के साथ-साथ लेखापरीक्षा प्रतिवेदन और उन पर कृत कार्रवाई पर विचार करना शामिल है। महापौर/अध्यक्ष स्थायी समिति के पीठासीन अधिकारी के तौर पर कार्य करेंगे और नगर आयुक्त/कार्यपालक अधिकारी समिति के प्रस्तावों को लागू करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

लेखापरीक्षा ने 10 नमूना-जाँचित श.स्था.नि में स्थायी समितियों का गठन नहीं किया जाना अथवा गठन में विलम्ब पाया जैसा कि **तालिका 2.3** में दर्शाया गया है।

तालिका 2.3: स्थायी समितियों के गठन की स्थिति

क्र. सं	श.स्था.नि का नाम	बोर्ड की अवधि	स्थायी समिति के गठन की तिथि	वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान बैठकों की संख्या
1	देवघर न.नि.	2015-16 से 2019-20	09/04/2016	07
2	धनबाद न.नि.	2015-16 से 2019-20	01/07/2015	31
3	खूँटी, न.प.	2013-14 से 2017-18	गठित नहीं	
		2018-19 से 2022-23	12/02/2021	01
4	मेदनीनगर न.नि.	2013-14 से 2017-18	गठित नहीं	
		2018-19 से 2022-23	01/03/2019	05
5	फुसरो न.परि.	2013-14 से 2017-18	तिथि उपलब्ध नहीं	11
		2018-19 से 2022-23	01/07/2019	
6	राँची न.नि.	2013-14 से 2017-18	02/12/2013	04
		2018-19 से 2022-23	10/09/2018	05
7	सिमडेगा न.परि.	2013-14 से 2017-18	गठित नहीं	
		2018-19 से 2022-23	30/07/2018	02
8	हुसैनाबाद न.पं.	2013-14 से 2017-18	गठित नहीं	
		2018-19 से 2022-23	26/06/2021	शून्य
9	बासुकीनाथ न.पं.	2013-14 से 2017-18 एवं	गठित नहीं	
10	गोड्डा न.परि.	2018-19 से 2022-23		

***स्रोत:** नमूना-जाँचित श.स्था.नि.द्वारा प्रदत्त सूचना*

तालिका 2.3 से यह देखा जा सकता है कि स्थायी समिति का गठन दो श.स्था.नि (बासुकीनाथ और गोड्डा) में बिल्कुल नहीं किया गया था, जबकि चार श.स्था.नि (खूँटी, मेदिनीनगर, सिमडेगा और हुसैनाबाद) में एक कार्यकाल वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2017-18 के लिए इनका गठन नहीं किया गया था। वित्तीय वर्षों 2018-19 से

[11] झा.न.अ. 2011 की धारा 49 के तहत सरकार द्वारा क्षेत्रीय समितियों का गठन किया जाना है, जिसमें नगर निगम के भीतर जितने वार्ड अधिसूचित हैं उनके प्रादेशिक क्षेत्र शामिल होंगे। प्रत्येक क्षेत्रीय समिति में कम से कम पाँच निकटवर्ती वार्ड शामिल होंगे। क्षेत्रीय समितियों की शक्ति और कार्य सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाएंगे।

2022-23 के कार्यकाल के लिए दो श.स्था.नि (खूँटी और हुसैनाबाद) में स्थायी समिति के गठन में 32 से 37 माह की देरी भी देखी गई। नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में स्थायी समिति के न होने की दशा में उनके कार्य नगरपालिका बोर्ड के द्वारा किये जा रहे थे।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया तथा कहा (अगस्त 2022) कि श.स्था.नि. को स्थायी समिति के गठन हेतु निर्देशित (जून 2022) किया गया था।

2.2.5.2 वार्ड समिति

संविधान का अनुच्छेद 243एस तीन लाख या अधिक की आबादी वाली नगरपालिका क्षेत्र के भीतर एक या अधिक वार्डों को मिलाकर वार्ड समितियों के गठन का प्रावधान करता है। हालाँकि, झा.न.अ, 2011 की धारा 34 के अनुसार, नगरपालिका के प्रत्येक वार्ड के लिए वार्ड समिति[12] का गठन किया जाना है, जो परिषद की कार्यकाल अवधि के साथ सह-कार्यकारी होगी। झा.न.अ., 2011 की धारा 381 के तहत, समितियों को अनुमानित व्यय दिखाते हुए वार्षिक विकास योजना तैयार करनी थी।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 10 नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में से दो (धनबाद एवं राँची) की जनसंख्या तीन लाख से अधिक थी। वर्ष 2015-16 से 2019-20 के कार्यावधि के लिए धनबाद के 55 वार्डों में से चार में वार्ड समितियों का गठन किया गया था, जबकि 2013-14 से 2017-18 तथा 2018-19 से 2022-23 के कार्यावधि के लिए राँची में, जहाँ 53 वार्ड थे, ऐसी कोई समिति गठित नहीं की गई थी । इसके अलावा, 56 वार्डों वाले दो नमूना-जाँचित श.स्था.नि. (देवघर: 36 और सिमडेगा: 20) में 41 वार्ड समितियों (देवघर: 36 और सिमडेगा: 5) का गठन किया गया था, जबकि नमूना-जाँचित छ:[13] श.स्था.नि. के 131 वार्डों में कोई वार्ड समिति नहीं थी। इस प्रकार, स्थानीय शासन में सामुदायिक भागीदारी उद्देश्य विफल हो गया। नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में वार्ड समितियों के कार्यों का संचालन पार्षदों द्वारा किया जा रहा था।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि श.स्था.नि. को वार्ड समितियों का गठन करने के लिए निर्देशित (जून 2022) किया गया था।

---

[12] *वार्ड के पार्षद, क्षेत्र सभा प्रतिनिधि और परिषद द्वारा नामित वार्ड से नागरिक समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले दस से अधिक व्यक्ति शामिल नहीं हों, से मिलकर बना हो।*

[13] *बासुकीनाथ: 12, गोड्डा: 21, खूँटी: 19, हुसैनाबाद: 16, मेदिनीनगर: 35 और फुसरो: 28।*

2.2.5.3 विषय समिति

झा.न.अ., 2011 की धारा 46 के अनुसार, एक नगर निगम या एक वर्ग-ए नगर परिषद[14], समय-समय पर, निर्वाचित पार्षदों[15] से मिलकर बने हुए विषय समितियों का गठन (क) जलापूर्ति (ख) जल निकासी एवं सीवरेज (ग) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (घ) शहरी पर्यावरण प्रबंधन और भूमि उपयोग नियंत्रण (च) गरीबी और स्लम सेवाएँ (छ) शिक्षा और स्वास्थ्य और (ज) अनु.जाति, अनु.जनजाति, पिछड़ी जाति, महिलाओं और बच्चों के कल्याण से संबंधित मामलों के निपटान के लिए कर सकती है। प्रत्येक विषय समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

लेखापरीक्षा ने पाया कि नमूना-जाँचित चार नगर निगमों (धनबाद, देवघर, मेदिनीनगर एवं राँची) में से किसी में भी विषय समितियों का गठन नहीं किया गया था। ऐसी समितियों के अभाव में नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में इन विषयों पर निर्णय नगर निगम बोर्ड द्वारा लिए गए थे।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि श.स्था.नि. को विषय समितियों का गठन करने के लिए निर्देशित (जून 2022) किया गया था।

2.2.6 जिला और महानगर योजना समिति

संविधान के अनुच्छेद 243 जेडडी और 243 जेडई के अनुसार, राज्य सरकार को जिला स्तर पर एक जिला योजना समिति (जि.यो.स.) का गठन करना है ताकि जिले में स्थानीय निकायों द्वारा तैयार की गई योजनाओं को समेकित किया जा सके और पूरे जिले के लिए एक प्रारुप विकास योजना (प्रा.वि.यो.) तैयार की जा सके। महानगरीय क्षेत्र के लिए एक प्रा.वि.यो. तैयार करने के लिए प्रत्येक महानगरीय क्षेत्र में एक महानगर योजना समिति (म.यो.स.) का गठन करना भी आवश्यक है। झा.न.अ., 2011 की धारा 383 और 384 में कहा गया है कि जि.यो.स और म.यो.स पंचायत और नगरपालिकाओं के बीच सामान्य हित[16] के मामलों के संबंध में एक व्यापक प्रा.वि.यो तैयार करेंगे।

लेखापरीक्षा ने पाया कि यद्यपि नमूना-जाँचित श.स्था.नि. से संबंधित सभी जिलों में जि.यो.स. मौजूद थी, परन्तु उन्होंने समेकित प्रा.वि.यो. बनाने के लिए संबंधित

---

[14] *स्थानीय निकाय जिसकी जनसंख्या एक लाख एवं अधिक तथा एक लाख पचास हजार से कम हो।*

[15] *नगर निगम के मामले में सात सदस्य और वर्ग 'ए' नगर परिषद के मामले में पाँच सदस्य।*

[16] *स्थानिक योजना; पानी और अन्य भौतिक और प्राकृतिक संसाधनों का बँटवारा; बुनियादी ढाँचों का एकीकृत विकास; पर्यावरण संरक्षण; और उपलब्ध संसाधनों की सीमा और प्रकार, चाहे वित्तीय हो या अन्य।*

श.स्था.नि. से योजना समर्पित करने को नहीं कहा था। इसके अलावा, नमूना-जाँचित दो श.स्था.नि. (धनबाद और राँची) की आबादी दस लाख से अधिक थी जो एक महानगरीय शहर की स्थिति को दर्शाती है। हालाँकि, इन दोनों को म.वि.यो. के गठन के लिए महानगर के रूप में अभी तक अधिसूचित किया जाना बाकी था।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि जि.यो.स./श.स्था.नि. को म.वि.यो. के लिए निर्देश जारी किए जाएंगे। हालाँकि, राँची और धनबाद नगर निगमों के लिए म.वि.यो. की अधिसूचना जारी करने पर बाद में विचार किया जाएगा।

2.2.7 राज्य वित्त आयोग

संविधान के अनुच्छेद 243 वाई में प्रावधान है कि राज्य के राज्यपाल, अधिनियम के लागू होने से एक वर्ष के भीतर और उसके पश्चात, प्रत्येक पाँचवें वर्ष की समाप्ति पर नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने के लिए तथा राज्य एवं श.स्था.नि. के बीच करों, शुल्कों आदि के वितरण, करों, शुल्कों आदि के निर्धारण, श.स्था.नि. को सहायता अनुदान और वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक उपायों के संबंध में राज्यपाल को अनुशंसाएँ करने हेतु राज्य वित्त आयोग का गठन करेंगे। आगे, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार (भा.स.) ने राज्य वित्त आयोगों (रा.वि.आ.) के लिए पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त करने हेतु दिशा-निर्देश (अप्रैल 2009) जारी किए थे। इसके अलावा, 14वें वित्त आयोग ने रा.वि.आ. के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रशासनिक सहायता और पर्याप्त संसाधनों के साथ उनके सुदृढ़ीकरण की अनुशंसा (दिसंबर 2014) की थी।

लेखापरीक्षा ने रा.वि.आ. के गठन में विलंब एवं अंतराल के साथ-साथ उन्हें प्रशासनिक सहायता उपलब्ध नहीं कराया जाना पाया, जैसा कि अनुवर्ती कंडिकाओं में चर्चा की गई है।

2.2.7.1 राज्य वित्त आयोगों के गठन में विलम्ब

पूर्ववर्ती बिहार से झारखण्ड राज्य के विभाजन (नवंबर 2000) के पश्चात, झारखण्ड में चार रा.वि.आ. का गठन किया गया था, प्रत्येक में एक अध्यक्ष, दो अन्य सदस्य और एक पदेन सचिव शामिल थे। रा.वि.आ. की कार्यावधि का विवरण **तालिका 2.4** में दिखाया गया है।

तालिका 2.4: झारखण्ड में रा.वि.आ. का गठन

रा.वि.आ.	पहले रा.वि.आ. के संदर्भ में रा.वि.आ. के गठन की नियत तिथि	रा.वि.आ. की गठन की तिथि	रा.वि.आ. के गठन में विलंब	आच्छादित अवधि
पहला	लागू नहीं*	28/01/2004	----	28/01/2004 से 27/01/2009
दूसरा	28/01/2009	19/12/2009	10 माह	28/01/2009 से 27/01/2014
तीसरा	28/01/2014	08/04/2015	14 माह	28/01/2014 से 27/01/2019
चौथा	28/01/2019	23/07/2019	5 माह	28/01/2019 से 27/01/2024

स्रोत: *रा.वि.आ. द्वारा प्रदत्त आंकड़े*

**झारखण्ड राज्य का निर्माण बिहार से विभाजन के पश्चात 15 नवम्बर 2000 को हुआ था।*

तालिका 2.4 से यह देखा जा सकता है कि पहले रा.वि.आ. का गठन राज्य के गठन के तीन साल बाद किया गया था तथा बाद के रा.वि.आ. का गठन पिछले रा.वि.आ की अवधि समाप्त होने की तारीख से पाँच से 14 महीने के अंतराल के बाद किया गया था।

2.2.7.2 अध्यक्ष, सदस्यों और प्रशासनिक कर्मचारियों की नियुक्ति

लेखापरीक्षा ने देखा कि रा.वि.आ. के अध्यक्षों के पद लंबे समय तक खाली रहे, जैसा कि **तालिका 2.5** में दिखाया गया है।

तालिका 2.5: रा.वि.आ. हेतु नियुक्त अध्यक्षों की संख्या और पद की रिक्त अवधि

रा.वि.आ.	नियुक्त अध्यक्षों की कुल संख्या	पद रिक्त रहने की अवधि	दिनों में रिक्त अवधि
पहला रा.वि.आ.	7	01/10/2004 से 15/07/2005	288
		17/08/2007 से 02/03/2008	199
		17/07/2008 से 31/10/2008	107
		कुल	**594**
दूसरा रा.वि.आ.	5	01/09/2009 से 24/10/2009	54
		01/07/2011 से 10/08/2011	41
		कुल	**95**
तीसरा रा.वि.आ.	4	02/04/2018 से 27/01/2019	**301**
चौथा रा.वि.आ.	रिक्त	28/01/2019 से 31/12/2021	**1,069**

स्रोत: *योजना एवं वित्त विभाग द्वारा प्रदत्त सूचनाएँ*

तालिका 2.5 से यह देखा जा सकता है कि पहले तीन रा.वि.आ. में अध्यक्ष का पद 95 से 594 दिनों तक रिक्त था। चौथे रा.वि.आ. के अध्यक्ष को दिसंबर 2021 तक नियुक्त नहीं किया गया था। चार रा.वि.आ. में से किसी में भी दो अन्य सदस्यों की नियुक्ति, यदि कोई हो, के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली।

आगे, लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि राज्य सरकार ने 12 अस्थायी पदों को दो वर्षों के लिए स्वीकृत (सितम्बर एवं नवम्बर 2004) किया था, जिसे 27 जनवरी 2009 तक बढ़ाया गया था। हालाँकि, दो वर्षों के लिए 15 पद (जून 2015) तथा सात महीने के लिए 15 पद स्वीकृत (सितंबर 2019) किए गए थे। इस प्रकार, राज्य ने राज्य वित्त आयोगों के कार्यालय के संचालन के लिए नियमित कार्यालय कर्मचारियों के पदों को सुनिश्चित नहीं किया। स्वीकृत पद के अनुसार नियमित कार्यालय कर्मचारियों की पदस्थापना भी सुनिश्चित नहीं की गई थी क्योंकि अप्रैल 2009 तक केवल तीन कर्मचारियों[17] की पदस्थापना की गई थी और एक लेखा लिपिक को जून 2011 में प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किया गया था। कर्मचारियों की स्थिति (दिसंबर 2021 तक) के संबंध में जानकारी लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किया गया। विभिन्न रा.वि.आ के अध्यक्षों ने रा.वि.आ. के अप्रभावी कार्यकाज एवं प्रतिवेदन तैयार नहीं करने के कारण के रूप में कर्मचारियों की कमी को इंगित (नवंबर 2013, मई 2015 और दिसंबर 2017) किया।

इस प्रकार, अध्यक्ष का पद लंबे समय तक रिक्त रहने तथा प्रशासनिक कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने के कारण झारखण्ड में गठित रा.वि.आ को अपने कार्यकाज में बाधाओं का सामना करना पड़ा।

2.2.7.3 राज्य वित्त आयोग की कार्यप्रणाली

संविधान के अनुच्छेद 243आई के साथ पठित अनुच्छेद 243वाई के अनुसार, राज्यपाल राज्य वित्त आयोग द्वारा की गई प्रत्येक अनुशंसा को एक व्याख्यात्मक ज्ञापन के साथ, कृत कार्रवाई के रूप में, राज्य की विधायिका के समक्ष रखवाएंगे।

तीन रा.वि.आ. ने जनवरी 2004 से जनवरी 2019 तक अपना कार्यकाल पूरा किया। हालाँकि, केवल पहले रा.वि.आ. ने राज्यपाल को अपनी अनुशंसा (अप्रैल 2009) सौंपी। अनुशंसाओं और सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का विवरण **तालिका 2.6** में दिखाया गया है।

तालिका 2.6: प्रथम राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाएँ एवं कृत कार्रवाई

क्र.सं.	अनुशंसाएँ	राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई
1.	नए झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम का अधिनियमन जिसमें 'नगरपालिका वित्तीय अनुसूची' नगरपालिकाओं को सौंपे गए विभिन्न कार्यों को सूचीबद्ध करने वाली एक अनुसूची के सम्मिलित हों।	झा.न.अ. 2011, धारा 455 की अनुसूची के तहत, श.स्था.नि. को सौंपी गई 197 गतिविधियों / कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए अधिनियमित (फरवरी 2012) किया गया था।

[17] *एक निजी सहायक (31 मार्च 2009 को सेवानिवृत्त), एक सहायक, और एक टंकक-सह-डाटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्स किया गया लेकिन जून 2017 से रिक्त)।*

क्र.सं.	अनुशंसाएँ	राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई
2.	श.स्था.नि. के लिए 90 दिनों के भीतर एक उपयुक्त संरचना और कर्मचारी ढांचा का विकास।	नगरपालिका संवर्ग मई 2010 में सृजित किया गया था। इसके अलावा, राज्य नगर नियोजन सेवा नियम एवं झारखण्ड नगरपालिका सेवा नियम, विभिन्न पूलों में मानवीय-प्रबंधन के लिए बनाए (मार्च 2014) गए थे ।
3.	श.स्था.नि. के लिए प्रशासनिक, लेखा और अभियान्त्रिकी कर्मियों का एक अलग पूल बनाया जाना।	
4.	नगरपालिका वित्तीय अनुसूची के निर्माण तक, श.स्था.नि. के साथ निर्धारित और साझा नहीं किए गए करों के बदले में वित्तीय वर्ष 2009-10 में ₹ 375 प्रति व्यक्ति का मूल नगरपालिका सेवा अनुदान उपबंध का प्रावधान, साथ ही अगले चार वर्षों तक इसमें 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि किया जाना।	राज्य सरकार आबादी और क्षेत्रों के आधार पर 90:10 के अनुपात में श.स्था.नि. को विकास अनुदान जारी करती है। इसके अलावा, राज्य वेतन के लिए 40 प्रतिशत ऋण और 30 प्रतिशत अनुदान जारी करता है।
5.	एक मंत्री और एक प्रधान सचिव के साथ स्थानीय स्वशासन का एक विभागीय ढाँचा बनाया जाना।	शहरी विकास/स्थानीय स्वशासन के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में न.वि. और आ.वि. है।
6.	शहरी आधारभूत संरचना विकास परियोजनाओं के लिए; झारखण्ड शहरी विकास निधि बनाया जाना।	वित्तीय वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 के दौरान झारखण्ड राज्य विकास निधि हेतु ₹ एक करोड़ के वार्षिक बजट का प्रावधान किया गया था। वित्तीय वर्ष 2018-19 में झारखण्ड राज्य आधारभूत संरचना विकास निधि के लिए ₹ 50 करोड़ का प्रावधान किया गया था। वित्तीय वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 के दौरान कोई प्रावधान नहीं किया गया था। तथापि, बजट प्रावधान अव्ययित रहें।

यह देखा गया कि न.वि एवं आ.वि. ने अनुशंसाओं पर की गई कार्रवाई के संबंध में व्याख्यात्मक ज्ञापन राज्य के विधानमंडल के समक्ष नहीं रखा, क्योंकि यह प्रावधान झा.न.अ., 2011 में शामिल नहीं किया गया था। आगे, संबंधित नियमों के अस्तित्व में नहीं होने के कारण श.स्था.नि. द्वारा सौंपी गई सभी गतिविधियाँ लागू नहीं की गई, जैसा कि ***कंडिका 2.3.1*** में चर्चा की गई है। नगरपालिका द्वारा करों के आरोपण एवं संग्रहण के संबंध में नियम नहीं बनाने के कारण, वे काफी हद तक राज्य सरकार से वित्तीय सहायता पर निर्भर थे, जैसा कि ***कंडिका 2.3.2*** में चर्चा की गई है।

रा.वि.आ. के गठन, इसके अध्यक्ष, सदस्यों और प्रशासनिक कर्मचारियों की नियुक्ति और रा.वि.आ. के कामकाज में देरी के संबंध में लेखापरीक्षा अवलोकनों के जवाब में, सचिव ने कहा (अगस्त 2022) कि ये मुद्दे वित्त विभाग से संबंधित थे। तथापि, तथ्य यह है कि रा.वि.आ. के समय पर गठन और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने वित्त विभाग के साथ समन्वय स्थापित नहीं किया।

2.2.8 शहरी स्थानीय निकायों के लिए मानव-शक्ति

2.2.8.1 पदों का सृजन

राज्य सरकार ने जनसंख्या के आधार पर श.स्था.नि. के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता का आकलन किया और 43 श.स्था.नि. के लिए 11 संवर्गों[18] के तहत 2,608 पदों का सृजन (मई 2010 और सितंबर 2018 के बीच) किया, जैसा कि **तालिका 2.7** में दिखाया गया है।

तालिका 2.7: मार्च 2021 तक सृजित नगरपालिका संवर्गों के पद

क्र. सं.	संवर्ग का नाम	जमशेदपुर अ.क्षे.स. सहित 10 नगर निगमों के लिए	20 नगर परिषदों के लिए	13 नगर पंचायतों के लिए	कुल
1.	प्रशासन	60	40	13	113
2.	अभियांत्रिकी	268	160	78	506
3.	लोक स्वास्थ्य	274	320	154	748
4.	राजस्व	141	109	39	289
5.	लेखा	85	77	26	188
6.	उद्यानिकी	18	00	00	18
7.	जनसंपर्क	15	00	00	15
8.	विधि	25	20	13	58
9.	कार्यालय प्रबंधन	216	160	52	428
10.	नगर नियोजन	94	78	37	209
11.	पशुचिकित्सा	36	00	00	36
कुल		**1,232**	**964**	**412**	**2,608**

स्रोत: *नगरीय प्रशासन निदेशालय द्वारा प्रदत्त आँकड़े*

तालिका 2.7 से देखा जा सकता है कि उद्यानिकी, जनसम्पर्क एवं पशु चिकित्सा संवर्ग में नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के लिए कोई पद सृजित नहीं किया गया था। इसके अलावा, सात[19] श.स्था.नि. (अगस्त 2016 और सितंबर 2018 के बीच अधिसूचित) के लिए उनके सृजन के 39 से 64 महीने (दिसंबर 2021 तक) के बाद भी कोई पद सृजित नहीं किया गया था।

न.वि. और आ.वि. के सचिव ने तथ्यों को स्वीकार किया और बताया (अगस्त 2022) कि उल्लिखित श.स्था.नि. के लिए पदों का सृजन प्रक्रियाधीन था।

2.2.8.2 कर्मचारियों की कमी

लेखापरीक्षा ने अवलोकन किया कि नियमित मानवबल की कमी और श.स्था.नि. के कार्यभार में वृद्धि के कारण, न.प्र.नि. ने शुरू में अनुबंध के आधार पर तीन साल के

---

18 *जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा, झारखण्ड प्रशासनिक सेवा, राज्य संवर्ग, राज्य लेखा परीक्षा सेवा और नगरपालिका संवर्ग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं।*

19 *बचरा, बड़की सरैया, बरहरवा, धनवार, डोमचांच, हरिहरगंज एवं महगामा।*

लिए नगर प्रबंधक के 134 पद सृजित (फरवरी 2010 और मार्च 2019 के बीच) किए। चयनित 10 श.स्था.नि. में 31 मार्च 2021 की स्थिति के अनुसार स्वीकृत पदों के विरूद्ध नगर प्रबंधकों सहित उपलब्ध मानवबल **तालिका 2.8** में दर्शायी गयी है।

तालिका 2.8: नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में स्वीकृत बल एवं रिक्तियाँ

क्र.सं.	श.स्था.नि. का नाम	मानव संसाधन (31/03/2021 के अनुसार)				रिक्ति
		स्वीकृत बल[20]	कार्यरत बल			
			स्थायी	अनुबंधित/प्रतिनियुक्ति	कुल	
1.	बासुकीनाथ न.पं.	34	5	2	7	27
2.	देवघर न.नि..	119	97	17	114	5
3.	धनबाद न.नि.	230	124	45	169	61
4.	गोड्डा न.परि.	50	12	11	23	27
5.	हुसैनाबाद न.पं.	34	6	6	12	22
6.	खूँटी न.पं.	23	0	7	7	16
7.	मेदनीनगर न.नि.	54	12	14	26	28
8.	फुसरो न.परि.	51	6	12	18	33
9.	राँची न.नि.	243	53	21	74	169
10.	सिमडेगा न. परि.	50	1	16	17	33
कुल		**888**	**316**	**151**	**467**	**421**

स्रोत: *श.स्था.नि.द्वारा प्रदत्त आँकड़े*

तालिका 2.8 से देखा जा सकता है कि 31 मार्च 2021 को 421 (47 प्रतिशत) पद रिक्त थे।

अग्रत्तर, झारखण्ड नगरपालिका लेखा नियम, 2012 के नियम 2 के साथ पठित झा.न.अ., 2011 की धारा 55 के अनुसार, नगर निगम का मुख्य लेखा अधिकारी (मु.ले.अ.) महालेखाकार के कार्यालय का कोई अधिकारी अथवा राज्य सरकार के वित्त या लेखा विभाग का कोई वरिष्ठ अधिकारी होना चाहिए। इसी प्रकार, सरकार को नगर परिषदों (न.परि.) एवं नगर पंचायतों (न.पं.) में लेखा अधिकारी (ले.अ.) नियुक्त करना चाहिए। मु.ले.अ./ले.अ. श.स्था.नि. के लेखा विभाग के प्रमुख होते हैं एवं श.स्था.नि. की आय एवं व्यय तथा संपत्ति एवं देनदारियों के लेखांकन के लिए जिम्मेदार होते हैं। मु.ले.अ./ले.अ. को दैनिक आधार पर रोकड़-बही में प्रविष्टियों तथा अंतिम शेष का परीक्षण एवं सभी विपत्रों की जाँच करना होता है।

सरकार ने प्रत्येक नगर निगम के लिए एक मु.ले.अ. तथा एक ले.अ. एवं प्रत्येक न.परि./ न.प. के लिए एक ले.अ. का पद स्वीकृत (सितंबर 2018) किया। तथापि, मार्च 2021 तक तीन नगर निगमों सहित नमूना-जाँचित 10 शहरी स्थानीय निकायों में ये पद रिक्त थे। स्थायी मु.ले.अ./ले.अ. के न होने की दशा में नमूना-जाँचित

[20] *स्वीकृत पदों में नगर प्रबंधक के पद भी शामिल हैं (धनबाद नगर निगम एवं राँची नगर निगम में प्रत्येक में आठ, देवघर नगर निगम.एवं मेदिनीनगर में प्रत्येक में पाँच एवं शेष नमूना-जाँचित श.स्था.नि में प्रत्येक में दो)*

श.स्था.नि. के लेखे नगर-निगमों में उप-नगरीय आयुक्त तथा न.परि./ न.पं. में अनुबंध के आधार पर रखे गए लेखाकारों द्वारा संधारित किए जा रहे थे।

इस प्रकार, श.स्था.नि. कर्मचारियों की भारी कमी का सामना कर रहे थे और इसके कारण कार्यों का हस्तांतरण अप्रभावी रहा।

सचिव, न.वि. और आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग ने राज्य के 50 श.स्था.नि. में 1300 पदों पर नियमित नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी (जुलाई 2022) किया था।

2.2.9 सहकार्यकारी एवं इसके कार्य

श.स्था.नि. के केंद्रीयकृत निर्माण, निष्पादन और योजनाओं के रखरखाव में तकनीकी दक्षता की कमी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचों की योजना, निष्पादन और निगरानी के लिए कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन झारखण्ड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) नामक एक सहकार्यकारी को अधिसूचित (जुलाई 2013) किया गया था। प्रधान सचिव, न.वि. और आ.वि., झा.स., जुडको के पदेन अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हैं।

शहरी बुनियादी ढाँचों के विकास एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्य, जैसे नालियों के साथ सड़कें, जल आपूर्ति और मलप्रवाह, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (ठो.अ.प्र.) परियोजनाएँ, सार्वजनिक पार्कों सहित सार्वजनिक सुविधाएं, शहरी हरियाली, जल निकायों का संरक्षण और शहरी क्षेत्रों में आवास जिनमें शहरी गरीबों के आवास भी शामिल हैं, जुडको को सौंपे गए थे। इन विकास कार्यों के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार जुडको को या तो सीधे या श.स्था.नि. के माध्यम से निधि जारी करती है। ₹ 50 लाख से अधिक की लागत वाली योजनाएँ जिनके लिए श.स्था.नि को निधि उपलब्ध कराया गया था, की निगरानी से संबंधित कार्य,जुडको को सौंपा(नवंबर 2015) गया था । कार्यों के पूरा होने के बाद इस प्रकार सृजित संपत्ति को जुडको को श.स्था.नि. को स्थानांतरित करना है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 से वित्तीय वर्ष 2020-21 के अवधि के दौरान, जुडको ने राज्य योजना के तहत 29 विकास कार्य[21], विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त एक कार्य (जल आपूर्ति) और केंद्रीय योजनाओं के तहत 32 कार्य[22] करने का जिम्मा लिया। लेखापरीक्षा ने पाया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से वित्तीय वर्ष 2020-21 की अवधि

---

[21] *16 शहरी जलापूर्ति एवं 13 भवन निर्माण*

[22] *अटल नवीनीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) की 12 योजनाएँ, प्रधानमंत्री आवास योजना की 13 योजनाएँ एवं नमामी गंगे परियोजना की सात योजनाएँ।*

के दौरान जुडको को श.स्था.नि. के माध्यम से ₹ 43.56 करोड़ (दो प्रतिशत) और सीधे न.वि. और आ.वि. से ₹ 2,240.25 करोड़ (98 प्रतिशत) की निधि प्राप्त हुई थी। इस प्रकार, जुडको द्वारा निष्पादित कार्यों के वित्त-पोषण और निगरानी में श.स्था.नि. की अधिक भूमिका नहीं थी।

निष्कर्ष

राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर श.स्था.नि. को अधिसूचित/विघटित किए जाने के बावजूद, 18 से 50 महीनों से अधिक समय से 15 श.स्था.नि. में चुनाव लंबित थे। 2015-16 से 2019-20 के दौरान चार से 14 शहरी स्थानीय निकायों में समय पर चुनाव नहीं कराए जाने के कारण 14वें वित्त आयोग के ₹ 253.46 करोड़ के अनुदान से वंचित हो गए। नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में से क्रमशः दो और छः श.स्था.नि. में कोई स्थायी एवं वार्ड समितियां नहीं थीं। नमूना-जाँचित चार नगर निगमों में भी विषय समितियों का गठन नहीं किया गया था। राज्य सरकार ने जनवरी 2004 से जनवरी 2019 की अवधि में तीन राज्य वित्त आयोगों (रा.वि.आ.) का गठन किया था। हालाँकि, जनवरी 2009 से जनवरी 2019 तक की अवधि को आच्छादित करने वाली दो रा.वि.आ. ने प्रशासनिक कर्मचारियों की कमी के कारण राज्य सरकार को अपनी अनुशंसाएँ प्रस्तुत नहीं कीं। हालाँकि जिला योजना समितियों का गठन किया गया था पर उन्होंने श.स्था.नि. के आगतों के साथ प्रारुप विकास योजना तैयार नहीं की थी। कार्यों के हस्तांतरण को प्रभावी बनाने में श.स्था.नि. को कर्मचारियों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा था। सहकार्यकारी निकाय जुडको, को शहरी बुनियादी ढाँचों के निर्माण के लिए लगभग 98 प्रतिशत विकास निधि सीधे न.वि. और आ.वि. से प्राप्त हुआ और इस तरह श.स्था.नि. की जुडको द्वारा निष्पादित विकास कार्यों के वित्तपोषण और निगरानी में अधिक भूमिका नहीं रही।

अनुशंसाएँ

- *श.स्था.नि. के चुनाव जल्द से जल्द आयोजित किए जा सकते हैं और प्रमुख समितियों जैसे वार्ड समितियों, स्थायी समितियों और विषय समितियों का गठन सुनिश्चित किया जा सकता है;*
- *जिला योजना समितियां श.स्था.नि. के सहयोग के साथ, प्रारुप विकास योजनाओं की तैयारी सुनिश्चित कर सकती हैं;*
- *पूर्णकालिक अध्यक्ष, सदस्यों और प्रशासनिक कर्मचारियों की नियुक्ति करके राज्य वित्त आयोगों को मजबूत किया जा सकता है;*
- *श.स्था.नि. में पर्याप्त मानवबल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए।*

2.3 कार्यों के हस्तांतरण की स्थिति

74वें सं.सं.अ. ने शक्तियों के हस्तांतरण की सीमा को राज्य विधानमंडलों पर छोड़ दिया था। हस्तांतरण के मुख्य तत्व श.स्था.नि को कार्यों, निधियों और पदाधिकारियों का हस्तांतरण है।

श.स्था.नि. के सशक्तिकरण की सीमा और विभिन्न कार्यों के कार्यान्वयन की स्थिति, करों का आरोपण एवं संग्रहण और उनके द्वारा किए जाने वाले जलापूर्ति और अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की सीमा पर अनुवर्ती कंडिकाओं में चर्चा की गई है।

2.3.1 कार्यों के निर्वहन में श.स्था.नि. की स्वायत्तता

74वें सं.सं.अ. ने अनुच्छेद 243डब्ल्यू और 243एक्स के द्वारा नगरपालिकाओं को स्वशासन की शक्तियों के संबंध में प्रावधान लाया। राज्य सरकार ने झा.न.अ., 2011 के माध्यम से इसी तरह के प्रावधान लाया, जैसा कि **तालिका 2.9** में वर्णित है।

तालिका 2.9: 74वें सं.सं.अ. के प्रावधानों की तुलना में राज्य विधान

74वें सं.सं.अ. के अधीन प्रावधान	भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुसार आवश्यकता	झा.न.अ., 2011 में समान प्रावधान
अनुच्छेद 243डब्ल्यू	*नगरपालिकाओं की शक्तियाँ, अधिकार एवं उत्तरदायित्व:* सभी नगर पालिकाओं को ऐसी शक्तियों से सशक्त किया जाएगा जो उन्हें स्वशासन के प्रभावी संस्थानों के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक हो सकती हैं। राज्य सरकार नगरपालिकाओं को ऐसी शक्तियाँ और अधिकार सौंपेगी जो उन्हें 12वीं अनुसूची के संबंध में उत्तरदायित्वों को पूरा करने में समर्थ बनाएँगी।	धारा 25, 34, 46, 70, 383 और 384
अनुच्छेद 243एक्स	*नगरपालिकाओं द्वारा कर लगाने की शक्ति और नगरपालिकाओं की निधि:* नगरपालिकाओं को कर, फीस, शुल्क आदि आरोपित एवं एकत्र करने का शक्ति होगी। राज्य के बजट से नगरपालिकाओं को सहायता अनुदान दिया जाएगा। नगरपालिका द्वारा धन जमा करने और निकालने के लिए निधियों का गठन।	धारा 98, 152, 154-159

आगे, झा.न.अ., 2011 की धारा 590 के अनुसार, राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए नियम बना सकती है। धारा 592 के अनुसार, इस अधिनियम के प्रावधानों को प्रभावी करने के उद्देश्य से नगरपालिका समय-समय पर ऐसे नियम बना सकती है जो इस अधिनियम के प्रावधानों या इसके तहत बनाए गए नियमों से असंगत न हों।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि राज्य सरकार ने श.स्था.नि. को झा.न.अ., 2011 की धारा 70 के अधीन सभी 18 कार्यों के निर्वहन के लिए सशक्त किया था, जैसा कि 74वें सं.सं.अ. की 12वीं अनुसूची में उद्धृत था। हालाँकि, लेखापरीक्षा ने अन्य सरकारी विभागों/ एजेंसियों को इन कार्यों/ जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पाया जिन्हें श.स्था.नि. को सौंपे जाने थे जैसा कि **तालिका 2.10** में वर्णित है।

तालिका 2.10: श.स्था.नि. द्वारा कार्यों के निर्वहन पर स्वायत्तता की सीमा

क्र.सं.	कार्य	गतिविधियाँ	कार्यान्वयन की वास्तविक स्थिति
		कार्य जहाँ श.स्था.नि. के पास पूर्ण अधिकार क्षेत्र है	
1.	कब्रिस्तान और कब्रिस्तान मैदान, श्मशान, श्मशान घाट और विद्युत शवदाह गृह।	श्मशान घाटों और शमशान घाटों और विद्युत शवदाहगृहों का निर्माण और परिचालन एवं अनुरक्षण (परि. एवं अनु.)।	श.स्था.नि. इन सभी गतिविधियों का निर्वहन कर रहे थे।
2.	स्लम सुधार एवं उन्नयन	लाभार्थियों की पहचान	श.स्था.नि. किफायती आवास एवं आवासों के निर्माण/उन्नयन हेतु लाभार्थियों की पहचान कर इन सभी गतिविधियों का निर्वहन कर रहे थे।
		किफायती आवास उपलब्ध कराना	
		मकानों का उन्नयन	
3.	बूचड़खानों और चर्म शोधनशालाओं का नियमन	पशुओं और माँस की गुणवत्ता सुनिश्चित करना	श.स्था.नि. बूचड़खानों को लाइसेंस जारी करने, निर्माण और उनमें अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन के माध्यम से इन सभी गतिविधियों का निर्वहन कर रहे थे।
		कचरे का निपटान	
		बूचड़खानों का परिचालन एवं अनुरक्षण (परि. एवं अनु.)	
4.	मवेशी खाना, पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम	आवारा पशुओं को पकड़ना और रखना	श.स्था.नि. इन सभी गतिविधियों का निर्वहन कर रहे थे।
		नसबंदी और एंटी-रेबीज टीकाकरण	
		पशु सुरक्षा सुनिश्चित करना	
5.	शहरी सुविधाओं और साधनों का प्रावधान जैसे पार्कों, बगीचों, खेल के मैदान	पार्कों और बगीचों का निर्माण	श.स्था.नि पार्कों और उद्यानों के निर्माण और संचालन के माध्यम से इन दोनों गतिविधियों का निर्वहन कर रहे थे।
		परिचालन एवं अनुरक्षण (परि. एवं अनु.)	
6.	शहरी गरीबी उन्मूलन	लाभार्थियों की पहचान	श.स्था.नि. लाभार्थियों की पहचान और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के माध्यम से इन सभी गतिविधियों का निर्वहन कर रहे थे।
		आजीविका और रोजगार	
		रेहड़ी पटरी वालों के लिए विक्रय क्षेत्र बनाना	
7.	जन्म और मृत्यु पंजीकरण सहित महत्वपूर्ण आँकड़े	सूचना प्राप्त करने के लिए अस्पतालों/श्मशान आदि के साथ समन्वय करना	श.स्था.नि. जन्म और मृत्यु के डेटाबेस संधारित कर रहे थे और जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर रहे थे।
		इस संबंध में डेटाबेस को बनाए रखना और अद्यतन करना।	
8.	स्ट्रीट लाइटिंग, पार्किंग स्थल, बस	स्ट्रीट लाइट्स का अधिष्ठापन एवं रखरखाव	इन सभी गतिविधियों का निर्वहन श.स्था.नि. कर रहे थे।

क्र.सं.	कार्य	गतिविधियाँ	कार्यान्वयन की वास्तविक स्थिति
	स्टॉप और सार्वजनिक साधनों सहित सार्वजनिक सुविधाएं	बस मार्ग निर्धारण एवं संचालन पार्किंग स्थल का निर्माण और रखरखाव सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एवं रखरखाव	
9.	शहरी नियोजन, नगर नियोजन सहित	मास्टर योजना/विकास योजनाऐं/क्षेत्रीय योजनाएँ मास्टर योजना विनियमों को लागू करना भवन उपनियमों और लाइसेंसों को लागू करना	न.वि एवं आ.वि. मास्टर योजना और संबंधित विनियमों को अनुमोदित कर रहा था और श.स्था.नि. उन्हें लागू कर रहे थे।
10.	भूमि उपयोग का नियमन एवं भवनों का निर्माण	भूमि उपयोग का नियमन भवन नक्शों/उच्च भवनों का अनुमोदन अवैध भवनों को गिराना	श.स्था.नि इन सभी गतिविधियों का निर्वहन कर रही थी।
श.स्था.नि. और राज्य सरकार के विभागों द्वारा संयुक्त रूप से किए जाने वाले कार्य			
11.	सड़कें और पुल	सड़कों का निर्माण और रखरखाव पुलों, नालियों, फ्लाईओवरों और फुटपाथों का निर्माण और रखरखाव	*<u>श.स्था.नि:</u>* श.स्था.नि के अधिकार क्षेत्र के भीतर सड़कों, पुलों, नालियों, फ्लाईओवर और फुटपाथों का निर्माण और रखरखाव। *<u>सड़क निर्माण विभाग:</u>* श.स्था.नि. के भीतर राज्य राजमार्गों और प्रमुख जिला सड़कों के रखरखाव सहित सड़क कार्यों के लिए जिम्मेदार।
12.	विकलांग एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त सहित समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा करना	लाभार्थियों की पहचान करना तिपहिया साइकिल जैसे उपकरण/लाभ प्रदान करना आवास कार्यक्रम छात्रवृत्ति	*<u>समाज कल्याण विभाग:</u>* अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं जनजाति विकास से संबंधित समाज कल्याण योजनाओं का क्रियान्वयन। *<u>श.स्था.नि.:</u>* विकलांग और मानसिक रूप से मंद सहित शहरी गरीबों के लिए आवास और कल्याण से संबंधित केंद्र और राज्य की योजनाओं का कार्यान्वयन।
13.	आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु नियोजन	आर्थिक गतिविधियों हेतु कार्यक्रम कार्यान्वयन	*<u>श.स्था.नि.:</u>* आवास, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी आवश्यकताओं की योजनाओं का कार्यान्वयन। *<u>समाज कल्याण विभाग:</u>* अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य कमजोर वर्गों की सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षिक उन्नति के लिए कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन।

क्र.सं.	कार्य	गतिविधियाँ	कार्यान्वयन की वास्तविक स्थिति
14.	घरेलू, औद्योगिक और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए जलापूर्ति	पानी का वितरण संपर्क उपलब्ध कराना परिचालन और अनुरक्षण प्रभारों का संग्रह	*पेयजल और स्वच्छता विभाग (पे.ज. एवं स्व.वि):* श.स्था.नि. के भीतर पानी की आपूर्ति के अलावा जल आपूर्ति परियोजनाओं का निर्माण और उनका संचालन और रखरखाव। *श.स्था.नि:* जलापूर्ति संयोजन का प्रावधान और जल शुल्क का संग्रह।
15.	सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता, सफाई और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन	अस्पतालों, औषधालयों का अनुरक्षण प्रतिरक्षण/टीकाकरण जन्म और मृत्यु का पंजीकरण संक्रामक रोगों से प्रभावित इलाकों की सफाई और कीटाणुशोधन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सार्वजनिक बाजार का नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण	*स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग:* अस्पतालों और औषधालयों के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का प्रावधान। *श.स्था.नि:* प्रतिरक्षण/टीकाकरण कार्यक्रम चलाने में स्वास्थ्य विभाग की सहायता करना; संक्रामक रोगों से प्रभावित इलाकों की सफाई और कीटाणुशोधन; ठोस अपशिष्ट प्रबंधन; और सार्वजनिक पार्कों का नियंत्रण।
16.	सांस्कृतिक, शैक्षिक और सौंदर्य संबंधी पहलुओं को बढ़ावा देना	स्कूल और शिक्षा मेले और त्यौहार	(i) स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और (ii) पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग इन गतिविधियों के लिए जिम्मेदार हैं।
		सांस्कृतिक भवन/संस्थान, विरासत	पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग, श.स्था.नि. के साथ इन गतिविधियों का संचालन करता है।
		सार्वजनिक स्थान सौंदर्यीकरण	श.स्था.नि. यह गतिविधि कर रहे थे।
ऐसे कार्य जिनमें श.स्था.नि. की कोई भूमिका नहीं है			
17.	शहरी वानिकी, पर्यावरण की सुरक्षा और पारिस्थितिक पहलुओं को बढ़ावा देना	वानिकीकरण हरितीकरण जागरूकता अभियान पर्यावरण की सुरक्षा और पारिस्थितिक पहलुओं को बढ़ावा देना प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल निकायों आदि का रखरखाव।	इन गतिविधियों को वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग को निहित किया गया था।
18.	अग्निशमन सेवाएँ	अग्निशमन दल की स्थापना और रखरखाव। गगनचुंबी इमारतों के संबंध में अग्नि अनापत्ति प्रमाण-पत्र/अनुमोदन प्रमाण-पत्र प्रदान करना	यह कार्य गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग को निहित किया गया था।

स्रोत: *न.वि एवं आ.वि. द्वारा प्रदत्त जानकारी*

जैसा कि **तालिका 2.10** में दिखाया गया है 74वें सं.सं.अ. की 12वीं अनुसूची में उल्लिखित 18 कार्यों में से 10 कार्य पूरी तरह से श.स्था.नि. द्वारा किए जा रहे थे,

छः कार्य आंशिक रूप से किए जा रहे थे और शेष दो कार्यों को करने में श.स्था.नि. की कोई भूमिका नहीं थी। लेखापरीक्षा ने आगे देखा कि इन 18 कार्यों में से केवल 'जल आपूर्ति' को विभागीय अधिसूचना के माध्यम से श.स्था.नि. को हस्तांतरित किया गया था। श.स्था.नि., अन्य कार्य जो उन्हें सौंपे (पूर्ववर्ती बिहार से विभाजन से पहले) गए थे, बिहार और उड़ीसा नगरपालिका अधिनियम, 1922 के अंतर्गत कर रहे थे। नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. के संबंध में स्थिति समान थी, हालाँकि जलापूर्ति परियोजनाओं का परिचालन एवं अनुरक्षण नमूना-जाँचित दो शहरी स्थानीय निकायों (देवघर और सिमडेगा) द्वारा किया जा रहा था।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार (अगस्त 2022) किया और विभिन्न विशिष्ट एजेंसियों/विभागों को इन कार्यों/गतिविधियों के प्रत्यायोजन के कारणों के रूप में न.वि. एवं आ.वि./ श.स्था.नि. के पास जनशक्ति, तकनीकी विशेषज्ञता और संसाधनों की कमी को उत्तरदायी ठहराया। तथापि, तथ्य यह है कि झा.न.अ., 2011 के अधिनियमन के दस वर्षों के बाद भी विभाग पर्याप्त जनशक्ति, विशेषज्ञता और संसाधनों की व्यवस्था करने में सक्षम नहीं था।

2.3.2 अमृत में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका

भारत सरकार ने शहरों में नागरिकों, खासकर गरीब और वंचितों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए और बुनियादी सेवाएँ जैसे जलापूर्ति, सीवरेज, शहरी परिवहन प्रदान करने लिए अटल नवीनीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) का शुभारंभ (जून 2015) किया। अमृत के तहत झारखण्ड के सात[23] शहरों को शामिल किया गया।

अमृत के तहत, वित्तीय वर्ष 2015-16 और 2019-20 के बीच ₹ 1,591.05 करोड़ की अनुमानित लागत से 46 योजनाएँ[24] शुरू की गईं। 46 योजनाओं में से 34 पार्कों का निर्माण ₹ 52.73 करोड़ की अनुमानित लागत से शहरी स्थानीय निकायों द्वारा किया गया था। जुडको को राज्य सरकार द्वारा ₹ 1,538.32 करोड़ पर अनुमानित शेष 12 योजनाओं को आवंटित किया गया था। मार्च 2021 तक, 12 योजनाओं में से एक योजना पूर्ण थी जबकि ₹ 1534.81 करोड़ की अनुमानित लागत वाली 11 योजनाएँ प्रगति पर थीं जिन पर ₹ 545.30 करोड़ का व्यय हुआ था।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने कहा (अगस्त 2022) कि जुडको, श.स्था.नि. और अन्य हितधारकों के समन्वय के साथ जलापूर्ति, सीवरेज और मल की विभिन्न योजनाओं

---

[23] *आदित्यपुर, चास, देवघर, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग और राँची।*

[24] *शहरी जलापूर्ति से संबंधित छः योजनाएँ, सीवरेज से संबंधित एक, सेप्टेज से संबंधित चार और 35 पार्क।*

का नियमित रूप से निगरानी से कर रहा था। उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि जुडको द्वारा निष्पादित कार्यों के वित्त-पोषण और निगरानी में श.स्था.नि की बहुत अधिक भूमिका नहीं थी जैसा कि ***कंडिका 2.2.9*** में चर्चा की गई है।

2.3.3 स्मार्ट सिटी मिशन में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका

स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य उन शहरों को बढ़ावा देना है जो बुनियादी ढाँचा प्रदान करते हैं तथा अपने नागरिकों को एक अच्छी गुणवत्तापूर्ण जीवन एक स्वच्छ एवं सतत वातावरण और बेहतर संसाधनों का प्रयोग प्रदान करते हैं। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसमे भारत सरकार एवं राज्य को 50:50 के अनुपात में निधि साझा करना है। स्मार्ट सिटी विकास परियोजनाओं की योजना, मूल्यांकन, अनुमोदन, धन जारी करने, कार्यान्वयन, प्रबंधन, संचालन, निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार और शहरी स्थानीय निकायों के नामितों वाले एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) की स्थापना की जानी है।

इस मिशन के तहत, झारखण्ड में राजधानी राँची को चुना गया था। कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत ₹ 200 करोड़ की अंश-पूँजी के साथ एक एसपीवी, राँची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएससीसीएल) का गठन (अगस्त 2016) किया गया था। एसपीवी के संकल्प के अनुसार, झा.न.अ., 2011 में वर्णित स्मार्ट सिटी परियोजनाओं से संबंधित राँची नगर निगम (आरएमसी) की सभी शक्तियों और राज्य सरकार की शक्तियों का प्रयोग आरएससीसीएल द्वारा किया जाना था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि आरएससीसीएल ने भूमि विकास, परिवहन सुविधा, जल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइटिंग, अपशिष्ट जल प्रबंधन, नागरिक और कमांड सेंटर आदि की ₹ 934.51 करोड़ लागत वाली 12 परियोजनाएँ शुरू की और इन परियोजनाओं पर ₹ 798.34 करोड़ का व्यय किया (जनवरी 2023 तक)। इन 12 परियोजनाओं में से चार परियोजनाएँ पूर्ण थीं और शेष परियोजनाएँ 92 से 98 प्रतिशत के बीच भौतिक प्रगति के साथ पूर्णता के कगार पर थीं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक परिवहन, पार्क एवं रिवर फ्रंट विकास की ₹ 148.03 करोड़ की लागत वाली छः परियोजनाएँ या तो डीपीआर चरण में थीं या मुख्य निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद शुरू की जानी थीं।

2.3.4 जलापूर्ति

झा.न.अ., 2011 की धारा 70 के अनुसार घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक उद्देश्यों के लिए जलापूर्ति श.स्था.नि का एक प्रमुख कार्य है। 14वें वित्त आयोग ने अनुशंसा (दिसंबर 2014) की थी कि सभी को पीने योग्य जल सहित जल और स्वच्छता से जुड़ी बुनियादी सेवाएँ मुहैया कराई जानी चाहिए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (पे.ज.एवं स्व.वि.) मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति के लिए उत्तरदायी था। तथापि, 50 श.स्था.नि में से 16 में पाइप द्वारा जलापूर्ति उपलब्ध नहीं थी। मार्च 2021 तक 7.80 लाख शहरी मकानों में से केवल 1.80 लाख (23 प्रतिशत) को पाइप से जलापूर्ति की गई थी। जलापूर्ति वाले 1.80 लाख घरों में से 29,798 (17 प्रतिशत) संयोजन मीटरीकृत थे।

नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि में पाइप से जलापूर्ति का विस्तार छः से 48 प्रतिशत के बीच था। इनमें से चार[25] श.स्था.नि में विस्तार 10 प्रतिशत से कम था। आगे, नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में 21,497 मीटर संपर्क के विरूद्ध 21,481 संपर्क राँची में थे।

इस प्रकार, श.स्था.नि. द्वारा अधिक संख्या में घरों में पाइप से पीने का पानी उपलब्ध कराया जाना बाकी था। इसके अलावा, जुडको और पे.ज. एवं स्व.वि. ने वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान क्रमश: 23 और सात जल आपूर्ति परियोजनाएँ शुरू की थीं जो दिसंबर 2021 तक प्रगति पर थीं।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने कहा (अगस्त 2022) कि विभाग ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से घरों में जलापूर्ति के शत-प्रतिशत विस्तार के लिए कार्रवाई की थी। भले ही लेखापरीक्षा अवलोकन जुडको और पे.ज. एवं स्व.वि. द्वारा शुरू की गई सभी योजनाओं की संवीक्षा पर आधारित था, फिर भी उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि यह संदर्भित योजनाओं का विवरण उल्लिखित नहीं करता है। अन्य एजेंसियों को जलापूर्ति योजनाओं के क्रियान्वयन में शामिल नहीं पाया गया।

2.3.5 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

झा.न.अ., 2011 की धारा 251 के अनुसार, नगरपालिका क्षेत्र के अधीन, नगरपालिका, केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के कार्यान्वयन के लिए और नगरपालिका के ठोस कचरे के प्रबंधन और विनियमितिकरण करने और ठोस कचरे के संग्रहण, भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण तथा निपटान के लिए किसी भी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए जिम्मेदार होगी।

लेखापरीक्षा ने देखा कि राज्य में 50 श.स्था.नि. में से 45 में शुरू (मार्च 2017 से अगस्त 2020) की गई 36 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (ठो.अ.प्र.) परियोजनाएँ: (i) 28 श.स्था.नि. में प्रगति में (ii) सात श.स्था.नि. में निविदा की प्रक्रिया में iii) सात श.स्था.नि. में विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) चरण में हैं। इसके अलावा,

[25] *देवघर, गोड्डा, फुसरो और सिमडेगा।*

तीन श.स्था.नि. के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए सलाहकार नियुक्त किए गए थे।

इस प्रकार, नगरपालिका अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान के लिए अपेक्षित ठो.अ.प्र. परियोजनाएं किसी भी श.स्था.नि. में क्रियाशील नहीं थीं। नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में, श.स्था.नि. घर-घर जाकर कचरे का संग्रहण कर रहे थे तथा इस उद्देश्य के लिए चिन्हित खुले स्थानों में कचरे को एकत्रित कर रहे थे। हालाँकि, कचरे का पृथक्करण नहीं किया जा रहा था। यह भी देखा गया कि श.स्था.नि. जैव चिकित्सा अपशिष्ट एकत्र नहीं कर रहे थे। कुछ अधूरी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं एवं खुले में एकत्रित स्थलों की तस्वीरें नीचे दी गई हैं:

चित्र 2.1: अधूरी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएँ तथा खुले में एकत्रित स्थल

झिरी, राँची में अपूर्ण संपीडित बायोगैस संयंत्र

देवघर में अधूरा ठोस अपशिष्ट उपचार संयंत्र

झिरी, राँची में नगरपालिका के अपशिष्ट का एकत्रित स्थल

मेदिनीनगर में नगरपालिका के अपशिष्ट का एकत्रित स्थल

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि विभाग द्वारा सभी श.स्था.नि. में ठो.अ.प्र. परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए कार्रवाई की गई थी।

निष्कर्ष

राज्य सरकार ने 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन करने और श.स्था.नि. को स्वशासन के संस्थानों के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम (झा.न.अ.), 2011 को अधिनियमित किया। हालाँकि, झा.न.अ. को विशेष रूप से सभी कार्यों के हस्तांतरण

और उपयुक्त संस्थागत तंत्र के निर्माण द्वारा समर्थित नहीं किया गया था। हस्तांतरित किए जाने वाले आवश्यक 18 कार्यों में से श.स्था.नि. केवल 10 कार्यों के लिए ही जिम्मेदार थे; दो कार्यों में कोई भूमिका नहीं थी और छः कार्यों में उनकी आंशिक भूमिका थी। झा.न.अ., 2011 के तहत वर्णित नौ प्रकार के करों जिनका उद्देश्य श.स्था.नि. के संसाधनों में वृद्धि करना था, में से केवल तीन का संग्रह श.स्था.नि. कर रहे थे क्योंकि राज्य सरकार ने आवश्यक नियम नहीं बनाए थे। कुल शहरी परिवारों में से केवल 23 प्रतिशत को पाइप से जलापूर्ति प्रदान की जा रही थी। किसी भी शहरी स्थानीय निकाय में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाएँ चालू नहीं थी जिसके परिणामस्वरूप कचरे को बिना पृथक्करण के खुले स्थानों में निस्तारित किया जा रहा था।

अनुशंसाएँ:

- *सौंपे गए कार्यों को करने में श.स्था.नि. स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक समर्थन जैसे पर्याप्त और कुशल मानवबल और अन्य संसाधन उन्हें उपलब्ध कराए जा सकते हैं; और*
- *श.स्था.नि. द्वारा सभी प्रकार के नगरपालिका करों का आरोपण और संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक नियम बनाए जा सकते हैं।*

2.4 शहरी स्थानीय निकायों के वित्तीय संसाधन

श.स्था.नि. के वित्तीय संसाधनों में राजस्व, अनुदान और ऋण शामिल हैं जैसा कि नीचे **चार्ट. 2.2** में दिखाया गया है।

चार्ट 2.2: शहरी स्थानीय निकायों का वित्तपोषण



2.4.1 शहरी स्थानीय निकायों के वित्तीय संसाधन

राज्य सरकार को श.स्था.नि. को वेतन के लिए आवर्ती ऋण और अनुदान प्रदान करती है और विकास संबंधी व्यय के लिए अनावर्ती अनुदान भी प्रदान करती है। न. वि. एवं आ. वि. ने. श.स्था.नि. को अनुदान और ऋण के अलावा अपने स्वयं के बजट से शहरी आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए व्यय किया। तथापि, न. वि. एवं आ. वि. ने श.स्था.नि. को दिए गए अनुदानों और ऋणों के प्रति व्यय को दर्शाने वाले अलग-अलग लेखों का संकलन नहीं किया। वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान श.स्था.नि. को दिए गए अनुदान और ऋण सहित बजट आवंटन और व्यय, एवं इनके विरुद्ध बचत भी **तालिका 2.11** में दी गई है।

तालिका 2.11 श.स्था.नि. का बजट आवंटन, व्यय और बचत

(₹ करोड़ में)

विवरण		वित्तीय वर्ष					कुल
		2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	
बजट आवंटन	स्थापना	436.71	192.03	157.20	215.69	226.36	1,227.99
	विकास	2,705.11	3,108.57	2,912.74	2,956.84	2,948.61	14,631.87
कुल		**3,141.82**	**3,300.60**	**3,069.94**	**3,172.53**	**3,174.97**	**15,859.86**
व्यय	स्थापना	275.01	178.31	129.89	187.33	192.61	963.15
	विकास	2,567.23	2,853.73	2,351.16	2,733.58	2,948.61	13,454.31
कुल		**2,842.24**	**3,032.04**	**2,481.05**	**2,920.91**	**3,141.22**	**14,417.46**
बचत	स्थापना	161.70	13.72	27.31	28.36	33.75	264.84
	विकास	137.88	254.83	561.58	223.26	0.00	1,177.56
कुल		**299.58**	**268.55**	**588.89**	**251.62**	**33.75**	**1,442.40**

स्रोत: *न.वि एवं आ.वि. द्वारा प्रदत्त आँकड़े*

नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. ने वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान ₹ 5,450.86 करोड़ की कुल प्राप्तियों के विरूद्ध ₹ 5,243.69 करोड़ का व्यय किया जैसा कि **तालिका 2.12** में दर्शाया गया है।

तालिका 2.12: नमूना जाँचित श.स्था.नि. में कुल प्राप्तियों के साथ स्वयं के राजस्व की तुलना

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	श.स्था.नि. का नाम	स्वयं का राजस्व	कुल प्राप्ति	स्थापना पर व्यय	कुल व्यय	कुल प्राप्तियों में स्वयं के राजस्व का प्रतिशत	स्थापना व्यय में स्वयं के राजस्व का प्रतिशत
1.	बासुकीनाथ न.पं.	22.59	126.49	29.70	135.31	17.86	76.06
2.	धनबाद न.नि.	130.51	1289.47	186.16	1035.02	10.12	70.11
3.	देवघर न.नि.	64.77	505.20	108.45	481.12	12.82	59.72
4.	गोड्डा न.परि.	12.74	184.92	11.77	172.16	6.89	108.24
5.	हुसैनाबाद न.पं.	2.32	62.07	2.72	56.38	3.74	85.29
6.	खूँटी न.पं.	8.53	105.38	6.68	89.26	8.09	127.69
7.	मेदनीनगर न.नि.	22.48	177.82	22.36	114.68	12.64	100.54

क्र.सं.	श.स्था.नि. का नाम	स्वयं का राजस्व	कुल प्राप्ति	स्थापना पर व्यय	कुल व्यय	कुल प्राप्तियों में स्वयं के राजस्व का प्रतिशत	स्थापना व्यय में स्वयं के राजस्व का प्रतिशत
8.	फुसरो न.परि.	6.89	111.15	10.47	84.49	6.20	65.81
9.	राँची न.नि.	427.27	2759.11	264.61	2973.38	15.49	161.47
10.	सिमडेगा न.परि.	14.05	129.25	13.67	101.89	10.87	102.78
कुल		712.15	5,450.86	656.59	5,243.69	13.06	108.46

स्रोत: *नमूना-जाँचित श.स्था.नि. द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े*

तालिका 2.12 से देखा जा सकता है कि:

• स्वयं के राजस्व का प्रतिशत कुल प्राप्तियों के चार से 18 प्रतिशत (लगभग) के बीच था।

• नमूना-जाँचित 10 में से केवल पाँच श.स्था.नि. अपने स्थापना व्यय को स्वयं के राजस्व से पूरा कर सके।

• केवल राँची नगर निगम ही अपने स्वयं के राजस्व से विकास सम्बन्धी व्यय में पर्याप्त योगदान कर सका।

इस प्रकार, श.स्था.नि. अपने संचालन के लिए केंद्र/राज्य सरकार से वित्तीय सहायता पर निर्भर थे क्योंकि उनके अपने राजस्व का हिस्सा उनके कुल प्राप्ति की तुलना में कम था।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि श.स्था.नि. को दिए गए अनुदान और ऋण के विरुद्ध व्यय दिखाने वाले लेखों के संकलन के लिए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि विकास सम्बन्धी व्यय में योगदान देने के लिए श.स्था.नि. के अपने स्रोतों से राजस्व में वृद्धि की जाएगी।

2.4.2 केंद्रीय अनुदान

संविधान का अनुच्छेद 280 (3)**(**सी) केंद्रीय वित्त आयोग (के.वि.आ.) को संबंधित रा.वि.आ. की अनुशंसा के आधार पर नगरपालिकाओं के संसाधनों के वृद्धि के लिए राज्य के समेकित कोष को बढ़ाने के उपायों की अनुशंसा करने के लिए निर्दिष्ट करता है।

चौदहवें वित्त आयोग (14वें वि.आ.) ने विभाज्य पूल[26] खाते के प्रतिशत के रूप में श.स्था.नि. को सामान्य बुनियादी अनुदान (बु.अ.) और सामान्य निष्पादन अनुदान (नि.अ.) की अनुशंसा की। 14वें वि. आ. के अनुदान (वित्तीय वर्ष 2015-16 से

[26] *'विभाज्य पूल' केंद्र सरकार के करों जिन्हें वित्त आयोगों की अनुशंसा के अनुरूप इसे राज्य सरकारों के साथ साझा करना चाहिए ,को संदर्भित करता है ।*

वित्तीय वर्ष 2019-20 तक) का आवंटन तथा जारी की गई निधि **तालिका 2.13** में दर्शाया गया है।

तालिका 2.13: वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2019-20 के दौरान 14वें वि.आ. के अनुदानों का आवंटन तथा जारी गई निधि

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	आवंटन			जारी की गई निधि			कमी
	बु.अ.	नि.अ.	कुल	बु.अ.	नि.अ.	कुल	
2015-16	183.74	0.00	183.74	169.62	0.00	169.62	14.12
2016-17	254.42	75.09	329.51	222.41	69.85	292.26	37.25
2017-18	293.95	84.97	378.92	237.83	67.97	305.80	73.12
2018-19	340.05	96.50	436.55	280.04	0.00	280.04	156.51
2019-20	459.48	126.35	585.83	378.38	0.00	378.38	207.45
कुल	1,531.64	382.91	1,914.55	1,288.28	137.82	1,426.10	488.45

***स्रोत:** न. वि. एवं आ. वि. एवं द्वारा प्रदत्त आँकड़े*

तालिका 2.13 से यह देखा जा सकता है कि ₹ 245.09 करोड़ के नि.अ. सहित ₹ 488.45 करोड़ की राशि का अनुदान कम जारी किया गया था। अनुदान की कम प्राप्ति का कारण अभिलेख में नहीं पाया गया। यह भी देखा गया कि राज्य सरकार ने भारत सरकार से बकाया अनुदान जारी करने का अनुरोध (अगस्त 2020) किया था।

2.4.3 श.स्था.नि. द्वारा बजट अनुमान

झा.न.अ., 2011 की धारा 108 से 111, यह परिकल्पना करती है कि एक श.स्था.नि. के कार्यकारी प्रमुख आगामी वर्ष के लिए एक बजट अनुमान तैयार करेंगे। महापौर/अध्यक्ष को स्थायी समिति की स्वीकृति हेतु प्रत्येक वर्ष 15 फरवरी से पहले बजट अनुमान प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है। स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति के पश्चात, परिषद को प्रत्येक वर्ष 15 मार्च तक बजट अनुमान पर विचार करना और मंजूरी देना है और बजट को नगरपालिका प्रशासन निदेशालय (नगर परिषदों और नगर पंचायतों के मामले में) और राज्य सरकार (नगर निगमों के मामले में) को अग्रेषित करना है। राज्य सरकार या न.प्र.नि. द्वारा प्राप्त बजट अनुमान, राज्य सरकार द्वारा अनुदान से संबंधित प्रावधानों के संशोधनों के साथ या बिना संशोधन के वर्ष के 31 मार्च से पहले श.स्था.नि. को लौटाए जाने हैं।

लेखापरीक्षा ने पाया कि न.वि. एवं आ.वि. का बजट श.स्था.नि. को जारी किए जाने वाले अनुदानों को अलग से दर्शाए बिना योजनावार तैयार किए गए थे। यह भी देखा गया कि नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. ने या तो बजट तैयार नहीं किया या अवास्तविक बजट तैयार किया जैसा कि आगे के कंडिकाओं में बताया गया है।

2.4.3.1 बजट अनुमान तैयार नहीं किया गया

झारखण्ड नगरपालिका लेखा नियमावली (झा.न.ले.नि.), 2012 के नियम 45 के अनुसार, नगरपालिका निधि से कोई व्यय तब तक नहीं किया जाएगा जब तक व्यय को बजट अनुदान के अधीन न किया गया हो।

लेखापरीक्षा ने पाया गया कि नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में से पाँच ने कुछ वित्तीय वर्षों में बजट अनुमान तैयार किए बिना व्यय किया था, जैसा कि **तालिका 2.14** में वर्णित है।

तालिका 2.14: बजट अनुमान तैयार न करना और किए गए व्यय

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	श.स्था.नि. का नाम	वित्तीय वर्ष जिसके लिए बजट तैयार नहीं किया गया	बजट प्रावधान के बिना व्यय
1.	सिमडेगा. न.परि.	2016-17	16.54
2.	खूंटी न.पं.	2016-17 एवं 2020-21	25.41
3.	फुसरो न.परि.	2016-17	9.55
4.	हुसैनाबाद न.पं.	2016-17, 2019-20 एवं 2020-21	34.38
5.	बासुकीनाथ न.पं.	2016-17	9.90
कुल			**95.78**

स्रोत: *नमूना-जाँचित श.स्था.नि. द्वारा उपलब्ध कराए गए आँकड़े*

जैसा कि **तालिका 2.14** से देखा जा सकता है कि पाँच शहरी स्थानीय निकायों ने बिना बजट के ₹ 95.78 करोड़ का व्यय किया था। यह दर्शाता है कि राज्य ने श.स्था.नि. द्वारा तैयार किए बजट को सुनिश्चित किये बिना अनुदान जारी किया था। इस प्रकार, राज्य सरकार या श.स्था.नि. द्वारा उचित बजटीय नियंत्रण सुनिश्चित नहीं किया गया था।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि कहा (अगस्त 2022) कि श.स्था.नि को प्रत्येक वर्ष बजट तैयार करने के लिए निर्देश जारी किए जाएँगे।

तथापि, तथ्य यह है कि नमूना-जाँचित पाँच शहरी स्थानीय निकायों ने झा.न.ले.नि., 2012 का उल्लंघन कर ₹ 95.78 करोड़ का व्यय किया था।

2.4.3.2 अवास्तविक बजट

बजट एक वित्तीय योजना है जिसमें प्रस्तावित व्यय और उसके वित्तपोषण के साधनों का वर्णन होता है। इसमें वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित प्राप्तियाँ एवं व्यय शामिल होती हैं। इसके अलावा, यह वास्तविक एवं पिछले वर्षों के रुझानों के करीब होना चाहिए।

लेखापरीक्षा ने नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. के बजट अनुमानों और वास्तविक आंकड़ों में व्यापक अंतर पाया जैसा कि **तालिका 2.15** में दिखाया गया है।

तालिका 2.15: नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में बजट अनुमानों और वास्तविक में अंतर

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	श.स्था.नि. का नाम	वित्तीय वर्ष	प्राप्तियाँ				व्यय			
			बजट	वास्तविक	अंतर	प्रतिशत अंतर	बजट	वास्तविक	अंतर	प्रतिशत अंतर
1.	बासुकीनाथ न.पं.	2017-18 से 2020-21	167.23	113.97	53.26	31.85	146.90	125.40	21.50	14.64
2.	देवघर न.नि.	2016-17 से 2020-21	2,345.68	505.20	1,840.48	78.46	2,327.91	481.12	1,846.79	79.33
3.	धनबाद न.नि..	2016-17 से 2020-21	5,313.84	1,289.47	4,024.37	75.73	5,053.53	1,035.02	4,018.51	79.52
4.	गोड्डा न.परि.	2016-17 से 2020-21	241.17	185.53	55.64	23.07	217.83	142.62	75.21	34.53
5.	हुसैनाबाद न.पं.	2017-18 से 2018-19	44.89	19.67	25.22	56.18	44.61	31.25	13.36	29.95
6.	खूँटी न.पं.	2017-18 से 2019-20	82.99	69.85	13.14	15.83	82.17	63.85	18.32	22.30
7.	मेदनीनगर न.नि.	2016-17 से 2020-21	515.02	177.81	337.21	65.48	383.03	125.59	257.44	67.21
8.	फुसरो न.परि.	2017-18 से 2020-21	102.23	95.43	6.80	6.65	124.08	74.93	49.15	39.61
9.	राँची न.नि.	2016-17 से 2020-21	10,368.81	2,759.11	7,609.70	73.39	7,242.51	2,973.39	4,269.12	58.95
10.	सिमडेगा न.परि.	2017-18 से 2020-21	282.08	215.11	66.97	23.74	259.71	176.61	83.10	32.00
कुल			19,463.90	5,431.15	14,032.79	72.10	15,882.28	5,229.78	10,652.50	67.07

स्रोत: *नमूना जाँच की गई श.स्था.नि. द्वारा उपलब्ध कराए गए आँकड़े*

तालिका 2.15 से यह देखा जा सकता है कि वास्तविक, प्राप्तियों के मामले में 72 प्रतिशत तथा व्यय के मामले में 67 प्रतिशत तक कम थे क्योंकि किए गए अनुमान वास्तविक नहीं थे। बजट से संबंधित कार्य-पत्र लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किए गए थे। इस प्रकार, लेखापरीक्षा अवास्तविक बजट अनुमान तैयार करने के कारणों का विश्लेषण नहीं कर सका।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि वास्तविक बजट तैयार करने के लिए श.स्था.नि. को निर्देश जारी किए जाएंगे।

2.4.3.3 निधियों का कम उपयोग

नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. द्वारा कुल उपलब्ध निधियों, मार्च 2016 तक ₹ 1,381.31 करोड़ की अव्ययित शेष राशि सहित के विरुद्ध किए गए कुल व्यय की तुलना यह दर्शाता है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान श.स्था.नि. द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उपलब्ध निधियों का औसतन लगभग 40 प्रतिशत ही उपयोग कर पाया था जैसा कि **चार्ट 2.3** में दर्शाया गया है।

चार्ट 2.3: वित्तीय वर्ष 2016-17 से वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. की कुल उपलब्ध राशि एवं कुल व्यय



स्रोत: नमूना-जाँचित श.स्था.नि. द्वारा उपलब्ध कराए गए आँकड़े

चार्ट 2.3 से यह देखा जा सकता है कि 10 नमूना-जाँचित किए गए श.स्था.नि. में, वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक प्रत्येक वित्तीय वर्ष में व्यय का प्रतिशत उपलब्ध राशि के 24 प्रतिशत से 47 प्रतिशत के बीच था। यह भी देखा गया कि मार्च 2021 तक अव्ययित शेष राशि ₹ 1,583.95 करोड़ थी।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि श.स्था.नि. को निर्देशित किया जाएगा कि वे उपलब्ध धन का उचित प्रयोग करते हुए अपनी अव्ययित शेष राशि को न्यूनतम करें।

2.4.4 श.स्था.नि. का स्वयं का राजस्व

झा.न.अ. 2011 की धारा 152 के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 243एक्स ने श.स्था.नि. को अपने स्वयं के संसाधनों को बढ़ाने के लिए 13 प्रकार के कर[27] लगाने और संग्रह करने का अधिकार दिया।

लेखापरीक्षा ने पाया कि झा.न.अ., 2011 में किए गए संशोधन के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2015-16 से जल कर को समग्र संपत्ति कर में, टोल टैक्स और मनोरंजन कर पर अधिभार को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में शामिल किया गया था तथा व्यापार और पेशा कर वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा संग्रह किया जा रहा था।

---

[27] *1. भूमि और भवनों पर संपत्ति/जोत कर (उपकर सहित) 2. खाली भूमि पर कर 3. भूमि और भवनों के हस्तांतरण पर अधिभार 4. किसी गैर-आवासीय भवन में पार्किंग स्थलों की कमी पर कर 5. जल कर 6. अग्नि कर 7. समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों के अलावा विज्ञापनों पर कर 8. मनोरंजन कर पर अधिभार 9. नगरपालिका क्षेत्र के भीतर बिजली के उपभोग पर अधिभार 10. सभाओं पर कर 11. तीर्थयात्रियों और पर्यटकों पर कर 12. टोल कर 13. व्यापार और पेशे पर कर।*

इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा शेष नौ प्रकार के करों में से छः प्रकार के कर[28] के आरोपण एवं संग्रहण के संबंध में नियम न बनाये जाने के कथित (नवम्बर 2021) कारण से नमूना-जाँचित श.स्था.नि. केवल तीन करों[29] को आरोपित एवं वसूल कर रहे थे।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि शेष करों के संग्रहण हेतु नियम बनाने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

2.4.5 संपत्ति कर

झा.न.अ., 2011 की धारा 153 के अनुसार, (i) राज्य में नगरपालिकाओं में सभी संपत्तियों की गणना या गणना किए जाने और एक डेटाबेस विकसित करने (ii) संपत्ति कर प्रणाली की समीक्षा करने और संपत्तियों के मूल्यांकन के लिए उपयुक्त आधार सुझाने (iii) संपत्तियों के मूल्यांकन के लिए रूपांकन और पारदर्शी प्रक्रिया तैयार करने (iv) मूल्यांकन प्रक्रिया आदि में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु एक झारखण्ड संपत्ति कर बोर्ड बनाया जाना था। 13वें के.वि.आ. ने भी संपत्ति कर का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र और पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करने में नगरपालिकाओं की सहायता करने के लिए राज्य-स्तरीय संपत्ति कर बोर्ड की स्थापना की अनुशंसा (दिसंबर 2009) की थी।

लेखापरीक्षा ने पाया कि न.वि. एवं आ.वि. ने 'झारखण्ड संपत्ति कर बोर्ड का गठन और अपील नियम, 2013' अधिसूचित (मई 2014) किया था। हालाँकि, बोर्ड का गठन नहीं किया गया था। न.वि. एवं आ.वि. ने कहा (जनवरी 2021) कि झारखण्ड संपत्ति कर बोर्ड से संबंधित प्रावधान को अधिनियम में संशोधन द्वारा हटा दिया गया था। आगे, झारखण्ड नगरपालिका संपत्ति कर (आकलन, संग्रहण एवं वसूली) नियमावली, 2013 को नगरपालिकाओं के अधीन स्थित संपत्तियों पर वार्षिक किराया निर्धारित करने तथा विभिन्न प्रकार की संपत्तियों (आवासीय, गैर-आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक) पर संपत्ति-कर लगाने के लिए अधिसूचित (फरवरी 2014) किया गया था। नियम 6 के अनुसार, नगरपालिकाओं को राज्य सरकार के अनुमोदन से मकानों का प्रति वर्ग फुट किराया उनकी अवस्थिति, ढाँचों के प्रकार आदि, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाता है, को ध्यान में रखते हुए निर्धारित करना अपेक्षित है।

---

[28] *1. भूमि और भवनों के हस्तांतरण पर अधिभार 2. किसी गैर-आवासीय भवन में पार्किंग स्थलों की कमी पर कर 3. अग्नि कर 4. नगरपालिका क्षेत्र के भीतर बिजली की खपत पर अधिभार 5. सभाओं पर कर और 6. तीर्थयात्रियों और पर्यटकों पर कर।*

[29] *1. भूमि और भवनों पर संपत्ति / जोत कर (उपकर सहित) 2. खाली पड़ी भूमि पर कर और 3. समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों के अलावा विज्ञापनों पर कर।*

हालाँकि यह देखा गया कि इन नियमों के अस्तित्व में होने के बावजूद श.स्था.नि. इन क्रियाकलापों को संपन्न नहीं कर सके तथा संपत्ति-कर के आकलन, संग्रहण और वसूली एवं इन कार्यों को निजी अभिकरणों के माध्यम से करवाने के लिए राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) जिम्मेवार बना रहा।

2.4.5.1 संपत्ति कर का संग्रह

झा.न.अ, 2011 की धारा 152 (8) के अनुसार, राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से नगरपालिकाओं को पाँच साल में एक बार या उससे पहले, वार्षिक किराया मूल्य (एआरवी) पर कर की दर को संशोधित करना चाहिए। पुनश्च, 13वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, संपत्ति कर की संग्रहण दक्षता निर्धारणीय संपत्तियों पर उठाई गई माँगों की कम से कम 85 प्रतिशत तक होनी चाहिए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि झारखण्ड नगरपालिका संपत्ति कर (आकलन, संग्रहण एवं वसूली) नियमावली, 2013 तथा झा.न.अ, 2011 में प्रावधानों के बावजूद नगरपालिकाओं ने मार्च 2021 तक, अपने अधिकार क्षेत्र में स्थित संपत्तियों के वार्षिक किरायों में संशोधन नहीं किया था और न ही एआरवी पर कर की दर में छः से दस से अधिक वर्षों से संशोधन किया था।

वित्तीय वर्ष 2016-17 से वित्तीय वर्ष 2020-21 के बीच श.स्था.नि. में संपत्ति कर की वर्षवार माँग एवं संग्रहण की स्थिति **तालिका 2.16** में दर्शाई गई है।

तालिका 2.16: वित्तीय वर्ष 2016-17 से वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान संपत्ति कर की माँग एवं संग्रहण

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	श.स्था.नि. की संख्या	माँग	संग्रहण	संग्रहण *प्रतिशत*
2016-17	41	404.61	76.42	18.90
2017-18	41	435.51	98.22	22.60
2018-19	41	454.77	100.06	22.00
2019-20	42	478.43	108.18	22.60
2020-21	50	169.44	64.81	38.20
कुल		**1,942.76**	**447.69**	**23.04**

स्रोत: *सुडा द्वारा उपलब्ध कराए गए आँकड़े*

तालिका 2.16 से यह देखा जा सकता है कि कुल संग्रहण, माँग का 23 प्रतिशत था संग्रहण दक्षता में पिछले कुछ वर्षों में सुधार देखा जा रहा है। हालाँकि, यह अनुशंसित संग्रह क्षमता 85 प्रतिशत से काफी कम था।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि श.स्था.नि. को संपत्ति कर के संग्रह को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया जाएगा, ताकि 85 प्रतिशत की अनुशंसित संग्रहण दक्षता को प्राप्त किया जा सके।

2.4.6 निर्दिष्ट राजस्व

झा.न.अ, 2011 की धारा 162 के अनुसार: (i) राज्य सरकार नगरपालिका क्षेत्र में अचल संपत्ति के हस्तांतरण पर शुल्क लगा सकती है तथा (ii) एक नगरपालिका की सीमा के भीतर अवस्थित अचल संपत्ति का बिक्री, उपहार और बंधक पर भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 द्वारा लगाया गया शुल्क, संपत्ति के मूल्य एवं भोग बंधक[30] पर सुरक्षित राशि[31] के मामले में दो प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। उक्त वृद्धि से होने वाली समस्त वसूली आकस्मिक व्ययों की कटौती के बाद नगरपालिका निधि में जमा की जानी थी।

लेखापरीक्षा ने पाया कि नगरपालिका क्षेत्रों में भूमि और संपत्ति के हस्तांतरण पर दो प्रतिशत स्टाम्प शुल्क जो पहले वसूल किया जा रहा था, को राजस्व, पंजीकरण और भूमि सुधार विभाग (रा.पं. एवं भू.सु.वि.) द्वारा जारी एक अधिसूचना के माध्यम से समाप्त (मई 2004) कर दिया गया था । तथापि झा.न.अ, 2011 में प्रावधान के बावजूद, राज्य सरकार ने नगरपालिका क्षेत्रों के भीतर बिक्री, उपहार और बंधक पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की कार्रवाई शुरू नहीं की।

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. ने कहा (अगस्त 2022) कि मौजूदा प्रावधान में संशोधन के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। तथापि, तथ्य यह है कि विभाग ने झा.न.अ, 2011 में प्रावधानों के बावजूद अतिरिक्त शुल्क लगाने की कार्रवाई शुरू नहीं की।

2.4.7 जल उपयोक्ता शुल्क

झा.न.अ, 2011 की धारा 154 (i) के अनुसार, श.स्था.नि. को जल उपयोगकर्ता शुल्क लगाने और वसूलने का अधिकार है। न.वि. एवं आ.वि. ने एक प्रस्ताव (मई 2016) के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के लिए झारखण्ड जल उपयोगकर्ता शुल्क नीति, 2016 को लागू किया। नीति के अनुसार, उपभोक्ताओं से वसूले गए जल उपयोगकर्ता शुल्क से उत्पन्न राजस्व, सेवा की वित्तीय लागत के बराबर होना चाहिए ताकि श.स्था.नि. को जलापूर्ति पर अन्य सेवाओं या क्षेत्रों के लिए उपयोग किए जाने वाले संसाधनों को स्थानांतरित या उपभोग करने के लिए हतोत्साहित किया जा सके। पुनश्च, राज्य सरकार ने जल उपयोक्ता शुल्क को लागू करने, संग्रहण तथा दरों के निर्धारण हेतु झारखण्ड जल उपयोगकर्ता प्रभार नीति, 2016 तैयार किया (मई 2016)।

---

[30] *भोग बंधक एक प्रकार का बंधक है, जहां बंधककर्ता संपत्ति का कब्ज़ा और उससे होने वाली आय का आनंद लेने का अधिकार बंधकग्राही को देता है।*

[31] *सुरक्षित राशि भोग बंधक के संदर्भ में बंधकग्राही द्वारा एक निर्दिष्ट अवधि के भीतर बंधककर्ता को देय बंधक धन है।*

लेखापरीक्षा ने पाया कि राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च 2021 तक जल उपभोक्ता शुल्क की दरों को संशोधित नहीं किया गया था। वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान 34 श.स्था.नि. में, जहाँ पाइप से पानी की आपूर्ति मौजूद थी, जल उपभोक्ता शुल्क की माँग एवं संग्रहण की स्थिति **तालिका 2.17** में दी गई है।

तालिका 2.17: वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान जल उपयोक्ता शुल्क की माँग एवं संग्रहण

(₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	माँग	संग्रहण	माँग का संग्रहण *प्रतिशत*
2016-17	108.45	9.79	9.0
2017-18	126.14	10.32	8.2
2018-19	143.54	12.88	9.0
2019-20	154.50	11.99	7.8
2020-21	174.55	10.28	5.9
कुल	**707.18**	**55.26**	**7.8**

स्रोत: *सूडा द्वारा प्रदान किये गये आँकड़े*

तालिका 2.17 से देखा जा सकता है कि माँग की तुलना में संग्रहण बहुत कम था। नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में, वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान ₹ 531.05 करोड़ की माँग के विरुद्ध संग्रहण ₹ 46.21 करोड़ (नौ प्रतिशत) था। इसके अलावा, संग्रह, परिचालन एवं अनुरक्षण (परि. एवं अनु.) की लागत ₹ 78.64 करोड़ ***(परिशिष्ट 2.1)*** का 59 प्रतिशत था, जो दर्शाता है कि सेवा की वित्तीय लागतों को एकत्रित राजस्व से पूरा नहीं किया जा सकता था।

सचिव**,** न.वि. एवं आ.वि. ने इस तथ्य को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि श.स्था.नि. को जल आपूर्ति सेवाओं की लागत को पूरा करने के लिए जल उपयोगकर्ता शुल्क के संग्रह को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

2.4.8 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगिता शुल्क

झा.न.अ, 2011 की धारा 154 (ii), नागरिक सेवाओं के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (ठो.अ.प्र.), यानि ठोस कचरे के संग्रह, परिवहन एवं निपटान हेतु उपयोगकर्ता शुल्क लगाने का प्रावधान करती है। झा.न.अ, 2011 की धारा 252 के अनुसार, ठो.अ.प्र. उपयोगकर्ता शुल्क ठो.अ.प्र. के परि. एवं अनु. लेखे की लागत को पूरा करने के लिए हैं। पुनश्च, राज्य सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता शुल्क, जिसे प्रत्येक तीन वर्षों में 10 प्रतिशत बढ़ाया जाना था, को लागू करने, संग्रहण तथा दरों के निर्धारण हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवा शुल्क नियमावली, 2016 तैयार किया (मार्च 2016)।

लेखापरीक्षा ने पाया कि राज्य सरकार द्वारा मार्च 2021 तक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता शुल्क की दरों को संशोधित नहीं किया गया था।

वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान राज्य के शहरी स्थानीय निकायों द्वारा ठोस अपशिष्ट उपयोक्ता शुल्क संग्रहण की स्थिति **तालिका 2.18** में दी गई है।

तालिका 2.18: वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान श.स्था.नि. द्वारा ठोस अपशिष्ट उपयोगकर्ता शुल्क का संग्रहण

वित्तीय वर्ष	मौजूद श.स्था.नि. की संख्या	ठोस अपशिष्ट उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह करने वाले श.स्था.नि की संख्या	ठोस अपशिष्ट उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह नहीं करने वाले श.स्था.नि की संख्या	संग्रहित राशि (₹ करोड़ में)
2016-17	45	02	43	0.14
2017-18	45	12	33	5.47
2018-19	51[32]	24	27	6.02
2019-20	51	25	26	5.35
2020-21	51	26	25	7.50
कुल				**24.48**

स्रोत: *सूडा द्वारा प्रदान किये गये आँकड़े*

तालिका 2.18 से यह देखा जा सकता है कि ठो.अ.प्र. उपयोगकर्ता शुल्क के संग्रहण में श.स्था.नि. के विस्तार में पिछले कुछ वर्षों में सुधार हुआ है। तथापि, राज्य में 50 में से 24 (गोमिया को छोड़कर) शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट का संग्रहण किए जाने के बावजूद उपयोगकर्ता शुल्क का संग्रहण अभी प्रारंभ किया जाना बाकी था। इस प्रकार, ये श.स्था.नि. राजस्व के स्रोत से वंचित थे।

लेखापरीक्षा ने आगे पाया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में ठो.अ.प्र. उपयोगकर्ता शुल्क का संग्रहण, परि. एवं. अनु. लागत से बहुत कम था, जैसा कि **तालिका 2.19** में दिखाया गया है।

तालिका 2.19: वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2020-21 के बीच, नमूना-जाँचित श.स्था.नि. में परि. एवं. अनु. लागत और ठो.अ.प्र. उपयोगकर्ता शुल्क का संग्रहण

(₹ करोड़ में)

विवरण	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	कुल
कुल संग्रहण	2.02	4.60	5.07	6.51	5.25	**23.45**
परि. एवं अनु. लागत	15.72	46.31	54.89	58.26	55.11	**230.29**
परि. एवं अनु. लागत की तुलना में कुल संग्रह (प्रतिशत में)	12.85	9.93	9.24	11.17	9.53	**10.18**

स्रोत: *श.स्था.नि. द्वारा उपलब्ध प्रदत्त आँकड़े*

तालिका 2.19 से यह देखा जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान परि. एवं अनु. लागत का औसत संग्रहण केवल लगभग 10 प्रतिशत था। उपयोक्ता प्रभारों के कम संग्रहण के कारण अभिलेखों में नहीं पाए गए।

[32] *जिसमें गोमिया नगर परिषद भी शामिल है, जिसकी अधिसूचना दिसंबर 2020 में रद्द कर दी गई थी।*

सचिव, न.वि. एवं आ.वि. विभाग ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (अगस्त 2022) कि सभी श.स्था.नि. को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपयोगकर्ता शुल्क एकत्र करने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं की लागत को पूरा करने के लिए अपने संग्रहण को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

2.4.9 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा

झारखण्ड के राज्यपाल ने, 13वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में, नि. एवं ले.प. को प्राथमिक बाह्य लेखापरीक्षकों (इस मामले में, निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा (नि.,स्था.नि.ले.प.) वित्त विभाग, झा.स. के अंतर्गत) को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता (त.मा. एवं स.) प्रदान करने तथा स्थानीय निकायों (स्था.नि.) के लेखों की नमूना जाँच करने का जिम्मा सौंपा (अक्टूबर 2011)। इसके अलावा, झारखण्ड स्थानीय निधि लेखापरीक्षा (संशोधन) अधिनियम, 2012 की धारा 4 के अनुसार, नि.एवं म.ले.प. को स्था.नि. के लेखों के उचित रखरखाव और उसके लेखापरीक्षा पर त.मा.एवं स. प्रदान करना है। अधिनियम की धारा 4, निदेशक,स्था.नि.ले.प द्वारा, अपने लेखापरीक्षकों के माध्यम से या राज्य सरकार द्वारा नियुक्त चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के माध्यम से स्था.नि. के लेखों की जाँच और लेखापरीक्षा के लिए भी प्रावधान करती है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि राज्य सरकार ने नि.,स्था.नि.ले.प. के कार्यालय के लिए 22 पद[33] सृजित किए थे (मार्च 2013) और नवंबर 2014 में नि., स्था.नि.ले.प. को स्थानीय निकायों के लिए प्राथमिक बाह्य लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया। इस प्रकार सृजित पदों में लेखापरीक्षकों के पद शामिल नहीं थे। तथापि, वित्त विभाग के 10 लेखापरीक्षकों को स्था.नि. की लेखापरीक्षा करने के लिए नि.,स्था.नि.ले.प. के कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया (अगस्त 2016) था। नि.,स्था.नि.ले.प. ने वित्तीय वर्ष 2016-17 में 40 श.स्था.नि. और वित्तीय वर्ष 2020-21 में छः श.स्था.नि. का लेखा परीक्षा किया। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2019-20 के दौरान लेखापरीक्षकों की कथित कमी के कारण कोई लेखापरीक्षा नहीं की गई। इसके अलावा, स्वीकृत किए गए 22 पदों के विरुद्ध मार्च 2022 तक नि.,स्था.नि.ले.प. के कार्यालय में केवल दो कर्मचारी (निदेशक और एक सहायक) कार्यरत थे। आगे, यह देखा गया कि इस लेखापरीक्षा को करने के लिए नियम एवं विनियम, साथ ही स्था.नि. की लेखापरीक्षा के लिए त.मा. एवं स. नियमावली भी राज्य सरकार द्वारा बनाई जानी

---

[33] *निदेशक (1), संयुक्त निदेशक (2), अनुभाग अधिकारी (2), निजी सचिव (1), सहायक (4), निजी सहायक (2), कंप्यूटर ऑपरेटर (3), लिपिक (2), चालक (3) और चपरासी (2)।*

बाकी थी (जुलाई 2022)। इस प्रकार, स्थानीय निकायों के लेखापरीक्षा कार्यों को करने के लिए नि.,स्था.नि.ले.प. का कार्यालय पूरी तरह कार्यात्मक नहीं था।

निष्कर्ष

न.वि. एवं आ.वि. ने श.स्था.नि. के लिए अलग-अलग खातों का संकलन नहीं किया था। श.स्था.नि. अपने स्थापना के खर्चों को पूरा करने के लिए भी, केंद्र और राज्य सरकारों से वित्तीय सहायता पर काफी हद तक निर्भर थे। वे या तो वार्षिक बजट तैयार किए बिना व्यय कर रहे थे या अवास्तविक बजट तैयार कर रहे थे क्योंकि बजट के प्राप्ति एवं व्यय की तुलना में वास्तविक प्राप्तियाँ 72 प्रतिशत और वास्तविक व्यय 67 प्रतिशत कम था। इसके अलावा, वे अपने पास उपलब्ध धन का केवल 24 से 47 प्रतिशत ही उपयोग कर सके। नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में उठाई गई कुल माँग की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान संपत्ति कर और जल उपयोगकर्ता शुल्क की संग्रहण दक्षता क्रमशः केवल 23 प्रतिशत और आठ प्रतिशत थी। नमूना-जाँचित 10 श.स्था.नि. में ठोस अपशिष्ट उपयोगकर्ता शुल्क और जल उपयोगकर्ता शुल्क का संग्रहण परिचालन एवं अनुरक्षण/संग्रहण लागत को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं था। इसके बावजूद, श.स्था.नि ने करों एवं उपयोगकर्ता शुल्क की दरों को संशोधित नहीं किया था (मार्च 2021 तक), जबकि झा.न.अ., 2011 के अनुसार तीन से पाँच साल के अंतराल पर इन्हें संशोधित किया जाना था। यद्यपि नवंबर 2014 में नि.स्था.नि.ले.प. का कार्यालय श.स्था.नि. के लेखों की जाँच और लेखापरीक्षा के लिए बनाया गया था लेकिन कर्मचारियों की कमी और विशिष्ट नियमों और विनियमों की अनुपलब्धता के कारण यह सुचारू रूप से कार्य नहीं कर सका।

अनुशंसाएँ

- ***सरकार को श.स्था.नि. के लिए अलग-अलग खातों का संकलन और सभी श.स्था.नि. द्वारा वास्तविक बजट तैयार करना सुनिश्चित करना चाहिए।***
- ***सरकार को उपयोगकर्ता शुल्कों के सुचारू संग्रहण के साथ श.स्था.नि के संसाधनों को बढ़ाने के लिए करों एवं उपयोगकर्ता शुल्कों की दरों में संशोधन सुनिश्चित करना चाहिए।***
- ***नि.,स्था.नि.ले.प. को श.स्था.नि. का नियमित लेखापरीक्षा सुनिश्चित करना चाहिए।***

अध्याय 3

‘राँची शहर में मल एवं जल निकास व्यवस्था के प्रबंधन’ पर लेखापरीक्षा

अध्याय 3
नगर विकास एवं आवास विभाग

'राँची शहर में मल एवं जल निकास व्यवस्था के प्रबंधन' की लेखापरीक्षा

कार्यकारी सारांश

नगर विकास और आवास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राँची शहर में एक मल एवं जल निकास व्यवस्था स्थापित करने के लिए एक परियोजना की योजना बनाई गई थी जिसका उद्देश्य मौजूदा सड़क नालियों के माध्यम से होने वाले अनुपचारित घरेलू सेप्टिक टैंक के बहिःस्राव का अवरोधन और उसका शहर के चारों ओर के तालाबों, नालों और नदियों में सीधे प्रवाह को रोकना था। इस पद्धति के एक बार स्थापित किए जाने पर, नगरपालिका क्षेत्र में भूजल और सतह के पानी के संदूषण और प्रदूषण को सीमित करने के लिए रूपांकित किया गया था।

परियोजना के पूरा होने में अत्यधिक देरी और इस संबंध में लगातार मीडिया प्रतिवेदनों को देखते हुए परियोजना की लेखापरीक्षा यह आकलन करने के उद्देश्य से की गई कि क्या: (i) मल एवं जल निकास परियोजना का चयन और अनुमोदन शहर के भविष्य के विकास को ध्यान में रखते हुए किया गया था (ii) परियोजना का प्रभावी कार्यान्वयन, मितव्ययता से, संहिता के प्रावधानों के अनुसार गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कर्मकौशल और समयबद्धता से किया गया था और (iii) परियोजना के प्रभावी ढंग से कार्यान्वयन के लिये विभिन्न स्तरों पर निगरानी और निरीक्षण आयोजित किए गए थे।

जून 2006 से मार्च 2021 तक की अवधि की लेखापरीक्षा शहरी विकास एवं आवास विभाग तथा राँची नगर निगम (राँ.न.नि.) में अभिलेखों की जाँच द्वारा मार्च 2021 से जनवरी 2022 के बीच की गई।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

राँची शहर में जून 2005 में शुरू की गई मल एवं जल निकास परियोजना 17 साल से अधिक (अगस्त 2022) में पूरी नहीं की जा सकी और इसे पूरा करने की समय सीमा सितंबर 2017 से मार्च 2019 तक और इसके बाद जनवरी 2023 तक बढ़ा दी गई थी। इसने परियोजना के प्राथमिक उद्देश्य को विफल कर दिया।

यद्यपि सर्वेक्षण कार्य वित्तीय वर्ष 2006-07 में किया गया था और डीपीआर दिसंबर 2007 में अनुमोदित किया गया था, राज्य सरकार ने तीन साल से अधिक समय बाद परियोजना को निष्पादित करने का निर्णय लिया (जुलाई 2011) और वह भी, धन के स्रोत की पहचान किए बिना। सितम्बर 2014 में परियोजना स्वीकृति

केवल क्षेत्र-I के लिए दी गई थी तथा कार्य सितम्बर 2015 में प्रारंभ हुआ। इस प्रकार, विभाग को क्षेत्र-I में कार्य प्रारंभ करने में सर्वेक्षण की तिथि से लगभग आठ वर्ष लग गए।

चरणों में आवश्यक स्वीकृतियों के कारण परियोजना में अड़चनें आईं क्योंकि बीच की अवधि में, नई सड़कों, भवनों के निर्माण, जमीनी स्तर में बदलाव, स्थानीय निवासियों द्वारा अनुमोदित संरेखण के रास्ते के अधिकार के अतिक्रमण, नई बस्तियों आदि के उद्भव के कारण परियोजना संरेखण का मूल सर्वेक्षण वस्तुतः बेमानी हो गया था। इसने क्षेत्र-I के लिए परियोजना की पूर्णता अवधि को लगभग दो दशकों तक बढ़ा दिया। शेष तीन क्षेत्रों में, परियोजना को नहीं लिया गया था।

परामर्शी (मेसर्स मैनहार्ट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड) को डीपीआर तैयार करने के लिये ₹ 16.04 करोड़ की राशि का परामर्शी शुल्क का भुगतान निष्फल हो गया क्योंकि नए संरेखण (नए अनुमानों के साथ) के निर्धारण के लिए एक नए सर्वेक्षण के बाद डीपीआर ने क्षेत्र-I में परियोजना के अभीष्ट उद्देश्य को पूरा नहीं किया। शेष तीन जोनों में डीपीआर का उपयोग कोई कार्य करने के लिए नहीं किया गया था और नए सर्वेक्षण/डीपीआर को अद्यतन करने के लिए निविदा मांगी गई है। राज्य मंत्रिमंडल ने राँची सीवरेज और ड्रेनेज (2006) परियोजना की डीपीआर को अद्यतन/संशोधित करने सहित राँची सीवरेज क्षेत्र-I कार्य के साथ एकीकरण के लिए सलाहकार के चयन के लिए ₹ 31.17 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की थी।

राँ.न.नि. की निविदा ने परियोजना के लिए संवेदक (मेसर्स ज्योति बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड (प्रमुख भागीदार) और मेसर्स विभोर वैभव प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम) के लिये पक्षपात किया। संवेदक के प्रमुख भागीदार के पास निविदा पात्रता के शर्तों को पूरा करने के लिए आवश्यक अनुभव और वित्तीय क्षमता नहीं थी और उसने निविदा के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। कार्य के निष्पादन के दौरान, संवेदक कार्य स्थल पर आवश्यक जनशक्ति और मशीनरी उपलब्ध कराने में विफल रहा, धीमी प्रगति और दो बार (सितंबर 2018 और मार्च 2019) समय विस्तार देने के बावजूद एकतरफा काम बंद कर दिया। राँ.न.नि. ने अक्टूबर 2019 में अनुबंध समाप्त कर दिया।

जेएमएएम 2012 के उल्लंघन में, संवेदक को 5 प्रतिशत के प्रावधान के विरुद्ध 15 प्रतिशत की दर से मोबिलाइजेशन अग्रिम का भुगतान किया गया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 35.93 करोड़ का अधिक भुगतान हुआ। मोबिलाइजेशन अग्रिम की एक किश्त ₹ 18 करोड़ बिना बैंक गारंटी (बीजी)/अन्य दस्तावेज से सुरक्षित किए प्रदान की गई। इस किश्त की बीजी संवेदक द्वारा अग्रिम भुगतान के 10 महीने बाद जमा की गई थी। अन्य दो किश्तों की राशि ₹ 36 करोड़ "चार्टर्ड मर्केंटाइल

एमबी लिमिटेड, लखनऊ" द्वारा जारी बीजी के एवज में दी गई थी। लेखापरीक्षा ने सत्यापन के लिए इन बीजी की प्रतियाँ आरबीआई को भेजीं। आरबीआई ने सूचित किया (दिसंबर 2021) कि उनके पास उक्त बीजी जारी करने वाली इस संस्था के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस प्रकार, यह न तो अनुसूचित या राष्ट्रीयकृत बैंक था जो परियोजना कार्य के लिए बीजी जारी करने के लिए अधिकृत था।

निष्पादन चरण के दौरान राँ.न.नि. ने संवेदक को अधिक भुगतान किया। यह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (₹ 4.22 करोड़) के सभी घटकों के रूपांकन एवं रेखांकन जमा किए बिना, और चरणबद्ध भुगतान का पालन किए बिना सीवेज पम्पिंग स्टेशन (₹ 75.40 लाख) के लिए एकमुश्त भुगतान और नाली के काम (₹ 1.98 करोड़) के मदों के बढ़े हुए माप के कारण किए गए थे।

वर्षा जल नालों के आंशिक निष्पादन पर ₹ 47.93 लाख का व्यय व्यर्थ था क्योंकि खंड-खंड में निर्मित नालियों के हिस्से किसी भी नाली नेटवर्क से जुड़े नहीं थे और सेप्टिक टैंकों के अपशिष्ट जल से भरे हुए पाए गए थे। इन नालों का निर्माण सक्षम प्राधिकारी द्वारा रूपांकन के अनुमोदन के बिना शुरू किया गया था और तब से छोड़ दिया गया था।

अनुशंसाएँ

1. विभाग समयबद्ध तरीके से परियोजना मूल्यांकन, अनिवार्य मंजूरी और मंजूरी प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों के साथ समन्वय कर सकता है।

2. क्षेत्र II, III और IV के लिए डीपीआर का प्रसंस्करण और क्षेत्र-I में चल रही परियोजना के साथ इसका एकीकरण उच्च प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए।

3. विभाग को कार्य के लिए संयुक्त उपक्रम के प्रमुख भागीदार (मेसर्स ज्योति बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड) जो कि निविदा के लिए अन्यथा अयोग्य था, के पक्ष में निविदा निष्पादन करने में अनियमितता के लिए जिम्मेदारी तय करनी चाहिए।

4. विभाग को संवेदक (मेसर्स ज्योति बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड) के खिलाफ निविदा प्राप्त करने के लिए जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज जमा करने के लिए कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

5. संवेदक को मानदंडों का उल्लंघन करते हुए अतिरिक्त मोबिलाइजेशन अग्रिम प्रदान करने की जाँच की जानी चाहिए और इस संबंध में जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

निकास सम्मेलन में सचिव, शहरी विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों एवं लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को स्वीकार किया (अगस्त 2022)।

3.1 प्रस्तावना

झारखण्ड सरकार (झा.स.), नगर विकास एवं आवास विभाग (विभाग), ने राँची शहर में मल एवं जल निकास व्यवस्था स्थापित करने के लिए एक परियोजना प्रबंधन परामर्शी (पीएमसी) सेवाएँ प्रदान करने सहित इंजीनियरिंग रूपांकन और निर्माण पर्यवेक्षण के लिए सलाहकार के चयन के लिए एक निविदा आमंत्रित की (जून 2005)। परियोजना में ट्रंक एवं शाखा सीवरों[1] के एक नेटवर्क के माध्यम से घरों से एक कुशल एवं प्रभावी सीवेज संग्रह तंत्र, उपचार और निपटान प्रणाली जो वर्षा जल नालियों के एक जाल द्वारा पूरक होगी, की परिकल्पना की गई थी।

प्रणाली की स्थापना का उद्देश्य शहर में मौजूदा सड़क नालियों के माध्यम से होने वाले अनुपचारित घरेलू सेप्टिक टैंक के बहिःस्राव का अवरोधन और उसका शहर के चारों ओर के तालाबों, नालों और नदियों जैसे जुमार, हरमू, स्वर्णरेखा और उनकी सहायक नदियों में सीधे प्रवाह को रोकना था। इस पद्धति के एक बार स्थापित किए जाने पर, नगरपालिका क्षेत्र में भूजल और सतह के पानी के संदूषण और प्रदूषण को सीमित करने के लिए रूपांकित किया गया था।

परियोजना के पूरा होने में अत्यधिक देरी और इस संबंध में लगातार मीडिया प्रतिवेदनों को देखते हुए परियोजना की लेखापरीक्षा यह आकलन करने के उद्देश्य से की गई कि क्या: (i) मल एवं जल निकास परियोजना का चयन और अनुमोदन शहर के भविष्य के विकास को ध्यान में रखते हुए किया गया था (ii) परियोजना का प्रभावी कार्यान्वयन, मितव्ययता से, कोड के प्रावधानों के अनुसार गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कर्मकौशल और समयबद्धता से किया गया था और (iii) परियोजना के प्रभावी ढंग से कार्यान्वयन के लिये विभिन्न स्तरों पर निगरानी और निरीक्षण आयोजित किए गए थे।

विभागीय सचिव, राँची नगर निगम (राँ.न.नि.) द्वारा परियोजना के सम्पूर्ण निष्पादन के लिये उत्तरदायी थे। जून 2006 से मार्च 2021 तक की अवधि की लेखापरीक्षा शहरी विकास एवं आवास विभाग तथा राँची नगर निगम (राँ.न.नि.) में अभिलेखों की जाँच द्वारा मार्च 2021 से जनवरी 2022 के बीच की गई।

प्रवेश सम्मेलन विभागीय सचिव के साथ आयोजित किया गया (अगस्त 2021) जिसमें लेखापरीक्षा के उद्देश्य, मापदंड[2], कार्यक्षेत्र और कार्यप्रणाली पर चर्चा की गई थी। एक निकास सम्मेलन विभागीय सचिव के साथ किया गया (अगस्त 2022) में

---

[1] *पार्श्व, कलेक्टर और उप-ट्रंक सीवर*

[2] *(i) झारखण्ड नगरपालिका लेखा संहिता (जे एम ए एम), 2012, (ii) झारखण्ड लोक कार्य लेखा एवं विभागीय कोड (iii) केंद्रीय सार्वजानिक स्वास्थ्य और अभियंत्रण संगठन (सीपीएचईईओ) द्वारा जारी सीवरेज और ड्रेनेज संहिता (iv) केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी निर्देशिका (v) राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत जारी निर्देशिका और (vi) केंद्रीय/ राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों द्वारा जारी निर्देश*

किया गया जिसमें लेखापरीक्षा निष्कर्ष पर चर्चा की गई। सचिव लेखापरीक्षा निष्कर्ष से सहमत थे और उन्होंने सभी लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को स्वीकार किया सिवाय परियोजना के शेष कार्य की निविदा देने में शामिल अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई से संबंधित अनुशंसाएँ जो कि इस आधार पर कि निविदा के निपटान में अनियमितताओं को दूर करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई कर ली गई थी।

परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान हुए घटनाक्रमों की एक संक्षिप्त रूपरेखा जब से यह परिकल्पित की गई थी, अनुवर्ती कंडिकाओं में दी गई है।

विभाग ने मेसर्स मैनहार्ट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड को सीवेज प्रणाली की स्थापना के परियोजना प्रबंधन परामर्शी (पीएमसी) की सेवाएँ, ₹ 21.40 करोड़[3] के परामर्श शुल्क पर जिसे संशोधित कर ₹ 17.56 करोड़[4] किया गया था (दिसंबर 2015), प्रदान करने के लिए नियुक्त किया (जून 2006)। लेखापरीक्षा निविदा प्रक्रिया की निष्पक्षता और सलाहकार के चयन का मूल्यांकन नहीं कर सका क्योंकि निविदा मूल्यांकन दस्तावेज माँगे जाने पर भी (जुलाई 2021 और दिसंबर 2021) लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराए गए। विभाग द्वारा लेखापरीक्षा को अवगत कराया गया (दिसम्बर 2021) कि परामर्शी के चयन हेतु निविदा एवं संबंधित संचिकाएँ परामर्शी के चयन में कथित अनियमितताओं की जाँच के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को सौंप दिया गया था (दिसंबर 2020)। एसीबी ने इस संबंध में कोई प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं की थी (फरवरी 2022)।

परामर्शी ने मल एवं जल निकास व्यवस्था को स्थलाकृतिक मापदंडों[5] के आधार पर चार क्षेत्र (I, II, III और IV) में विभाजित करके एक डीपीआर प्रस्तुत की (दिसंबर 2007), जिसकी परियोजना लागत ₹ 1,649.82 करोड़ रुपये थी। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के तहत, राँ.न.नि. के माध्यम से परियोजना का निर्माण शुरू करने के कैबिनेट निर्णय (जुलाई 2011) के आधार पर, राज्य सरकार[6] ने शहरी विकास मंत्रालय (श.वि.मं.), भारत सरकार (भा.स.) को परियोजना प्रस्ताव अनुमोदन के लिए भेजा (फरवरी 2012)। केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ), श.वि.मं, भा.स. द्वारा

---

[3] *रूपांकन चरण के लिए परामर्शी शुल्क: ₹ 16.04 करोड़ (जिसमें स्थलाकृतिक सर्वेक्षण, मृदा जाँच, डीपीआर तैयार करना, विस्तृत इंजीनियरिंग डिजाइनिंग, लागत अनुमान, बोली प्रबंधन कार्य जैसे बोली दस्तावेज तैयार करना, निविदा का मूल्यांकन आदि शामिल है) और निर्माण चरण के लिए ₹ 5.36 करोड़ (जिसमें माप/मात्रा का प्रमाणीकरण, कार्य का पर्यवेक्षण, गुणवत्ता आश्वासन और परियोजना का समय पर निष्पादन शामिल था)*

[4] *चारों जोन के स्थान पर केवल जोन-I में निर्माण पर्यवेक्षण उपलब्ध कराने हेतु*

[5] *ढलान, जल निकाय और उपचार/अंतिम निपटान बिंदु का स्थान*

[6] *जेएनएनयूआरएम के तहत राज्य स्तरीय संचालन समिति*

एक मूल्यांकन टिप्पणी के आलोक में ₹ 1,519.25 करोड़ की परियोजना की पुष्टि (जनवरी 2013) की गई।

तथापि, भारत सरकार ने झारखण्ड के लिए जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत उपलब्ध निधियों के भीतर ₹ 302.26 करोड़ की लागत पर केवल क्षेत्र I में परियोजना कार्य को मंजूरी दी (जनवरी 2014)। राज्य सरकार ने शेष तीन क्षेत्रों (II, III और IV) में ₹ 1,216.99 करोड़ की लागत की परियोजना बाहरी सहायता प्राप्त निधियों के माध्यम से लेने का निर्णय लिया (जनवरी 2014)।



वित्तीय वर्ष 2006-07 में किए गए पुराने संरेखण/सर्वेक्षण के आधार पर और परियोजना के निष्पादन की संभावनाओं पर लगभग आठ वर्षों में शहर के तेजी से हुए शहरीकरण के संभावित प्रभावों को बिना ध्यान में रखे क्षेत्र I में निर्माण कार्य की निविदा की गई (मार्च 2015) और एक संवेदक (मेसर्स ज्योति बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स विभोर वैभव इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम (जेवी)) को ₹ 359.25 करोड़ में दिया गया (अक्टूबर 2015)। कार्य में एक सीवर नेटवर्क, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), सीवेज पम्पिंग स्टेशन (एसपीएस), वर्षा जल नालियों का निर्माण और पाँच साल के लिए एसटीपी और एसपीएस का संचालन और रखरखाव शामिल था ***(परिशिष्ट 3.1)***।

नगर आयुक्त, राँ.न.नि. और जेवी संवेदक के बीच सितंबर 2017 तक परियोजना को पूरा करने के लिए एक अनुबंध निष्पादित किया गया था (अक्टूबर 2015)। इसे बाद में मार्च 2019 तक बढ़ा दिया गया था (अगस्त 2018)। राँ.न.नि. ने संवेदक द्वारा कार्य की धीमी प्रगति के कारण अनुबंध समाप्त कर दिया (अक्टूबर 2019)। अनुबंध की समाप्ति (अक्टूबर 2019) के समय ₹ 84 करोड़ मूल्य का केवल 23 प्रतिशत कार्य पूरा किया गया था।

कार्य का दायरा कम कर दिया गया था और शेष कार्य मार्च 2023 तक पूरा करने के लिए ₹ 218.87 करोड़ की लागत पर एक अन्य संवेदक (मेसर्स एलसी इंफ्रा प्राइवेट

लिमिटेड) को दिया गया था (फरवरी 2021)। हालाँकि, यह देखा गया कि फरवरी 2022 तक ₹ 24 करोड़ मूल्य का केवल 11 प्रतिशत कार्य निष्पादित किया गया था।

परियोजना के अक्टूबर 2015 से सितंबर 2017 तक के निर्माण चरण का पर्यवेक्षण मेसर्स मैनहार्ट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया था जिसके लिए राँ.न.नि. ने ₹ 1.05 करोड़ का भुगतान किया। परामर्शी द्वारा पर्यवेक्षण की लागत में वृद्धि के कारण पर राँ.न.नि. ने सितंबर 2017 से आगे पीएमसी सेवा का विस्तार नहीं किया। राँ.न.नि. ने निर्माण कार्यों की पर्यवेक्षण सेवाओं के लिये फिर से निविदा आमंत्रित की (दिसंबर 2017) और फरवरी 2018 से जनवरी 2020 तक दो साल के लिए ₹ 1.46 करोड़[7] में एक अन्य सलाहकार (मेसर्स वैपकोस लिमिटेड, भारत सरकार का उपक्रम) को काम दिया (जनवरी 2018)।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

3.2 परामर्शी सेवाएँ

3.2.1 परामर्शी सेवाओं पर ₹ 16.04 करोड़ का निष्फल व्यय

मेसर्स मैनहार्ट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2006-07 में परियोजना का सर्वेक्षण किया और परियोजना के डीपीआर को चार क्षेत्रों (I, II, III और IV) में विभाजित करके प्रस्तुत किया (दिसंबर 2007)। विभाग के मुख्य अभियंता ने डीपीआर का अनुमोदन किया (दिसम्बर 2007) तथा राज्य सरकार ने जेएनएनयूआरएम के अन्तर्गत अनुमोदन हेतु भा.स. को अग्रेषित किया (फरवरी 2012)। भारत सरकार ने परियोजना के केवल क्षेत्र-I भाग को मंजूरी दी (जनवरी 2013)।

क्षेत्र-I में परियोजना के निष्पादन के लिए, विभाग ने सर्वेक्षण के वर्ष (वित्तीय वर्ष 2006-07 में किए गए) से कार्य प्रारंभ करने में लगभग आठ वर्ष (अक्टूबर 2015) लिए। हालाँकि, इन बीच के वर्षों में शहर का त्वरित शहरीकरण (जिसमें जनसंख्या में वृद्धि, नई बस्तियों का उदय आदि देखा गया) और पुराने संरेखण के आधार पर परियोजना को क्रियान्वित करने की व्यवहार्यता को नहीं देखा गया। विभाग ने सीपीएचईईओ की सलाह पर, 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या अनुमानों को संशोधित करने के अलावा परामर्शी को नगरपालिका क्षेत्र का कोई नया सर्वेक्षण और भू-तकनीकी जाँच करने के लिए भी नहीं कहा।

---

[7] *पीएमसी सेवाओं के लिए वैपकोस लिमिटेड की परामर्श शुल्क दरें ₹ 62.95 लाख और जीएसटी @18 प्रतिशत प्रति वर्ष थीं।*

परिणामस्वरूप, संवेदक, जिसे परियोजना के निष्पादन का काम दिया गया था, डीपीआर के आँकड़ों (सलाहकार- मेसर्स मैनहार्ट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रदान किया गया) को नए सड़कों, भवनों के निर्माण, जमीन के स्तरों में परिवर्तन, स्थानीय निवासियों द्वारा स्वीकृत संरेखण के रास्ते के अधिकार का अतिक्रमण, नई बस्तियों का उदय इत्यादि के कारण वास्तविक जमीनी परिस्थितियों के साथ मिलान करने में असमर्थ था। इसलिए, विभाग संवेदक को नए सिरे से सर्वेक्षण करने और सीवरेज नेटवर्क को फिर से रुपांकन करने के लिए, सौंपने को मजबूर होना पड़ा।

राँ.न.नि. ने संवेदक (मेसर्स ज्योति बिल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स विभोर वैभव इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड का जेवी) के साथ सीवर के संशोधित सर्वेक्षण और पुनर्रचना के लिए ₹ 1.41 करोड़ मूल्य का एक पूरक समझौता निष्पादित किया (अप्रैल 2018)। संवेदक को सर्वेक्षण और पुनर्रचना से संबंधित कार्य के लिए ₹ 1.21 करोड़ का भुगतान किया गया (अप्रैल 2018) जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ सीवरेज नेटवर्क का 280 किमी तक विस्तार शामिल है, जो पहले 192 किमी की लंबाई तक स्वीकृत था।

यद्यपि राज्य सरकार ने बाहरी सहायता प्राप्त निधियों के माध्यम से तीन शेष क्षेत्रों (II, III और IV) में परियोजना शुरू करने का निर्णय लिया (जनवरी 2014), इन तीन क्षेत्रों में एक नया सर्वेक्षण करने और डीपीआर को अद्यतन करने के लिए एक परामर्शी के चयन के लिए निविदाएँ लगभग सात वर्षों के बाद (दिसंबर 2021) आमंत्रित किए गए थे। लेखापरीक्षा पूर्ण होने तक (फरवरी 2022) इन क्षेत्र में कोई कार्य नहीं लिया गया था।

इस प्रकार, डीपीआर (मेसर्स मैनहार्ट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार) ने परियोजना के क्षेत्र-I में इच्छित उद्देश्य को पूरा नहीं किया था क्योंकि नए संरेखण (नए आकलनों के साथ) के लिए एक नया सर्वेक्षण करना पड़ा। डीपीआर का उपयोग शेष तीन जोनों में किसी भी कार्य को लेने के लिए नहीं किया गया है और डीपीआर के नए सर्वेक्षण/अद्यतन करने के लिए निविदा प्रक्रियाधीन थी (अगस्त 2022)। राज्य मंत्रिमंडल ने राँची मल एवं जल निकास (2006) परियोजना के डीपीआर को अद्यतन/संशोधित करने के लिए, जिसमें राँची सीवरेज क्षेत्र-I कार्य के साथ एकीकरण शामिल है, परामर्शी के चयन के लिए ₹ 31.17 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की थी (14 सितंबर 2022)। अत: डीपीआर तैयार करने के लिए परामर्शी शुल्क पर किया गया ₹ 16.04 करोड़ का व्यय निष्फल सिद्ध हुआ।

विभाग ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया (जून 2022) और कहा कि परियोजना के क्षेत्र II, III और IV के डीपीआर को तैयार कराने, क्षेत्र-I के साथ एकीकरण के लिए विभाग की एक अन्य एजेंसी (जुडको लिमिटेड[8]) द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं।

अनुशंसा 1: *विभाग समयबद्ध तरीके से परियोजना मूल्यांकन, अनिवार्य मंजूरी और मंजूरी प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों के साथ समन्वय कर सकता है ।*

3.2.2 डीपीआर तैयार करना

(i) मल उत्पादन का कम अनुमान

मल उत्पादन का अनुमान जनसंख्या अनुमानों के आधार पर किया जाता है। सीपीएचईईओ संहिता का कंडिका 2.6.2 निर्धारित करता है कि जनसंख्या का पूर्वानुमान किसी भी उपयुक्त विधि जैसे कि अंकगणितीय या ज्यामितीय प्रगति पद्धति, चित्रमय प्रक्षेपण या वृद्धिशील वृद्धि विधि से प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों के बीच जनसंख्या का घनत्व/वितरण, नगर नियोजन प्राधिकरणों द्वारा तैयार किए गए शहर के मास्टर प्लान को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक क्षेत्र में विस्तार की सापेक्ष संभावना के आधार पर निकाला जाता है।

डीपीआर में, परामर्शी (मेसर्स मैनहार्ट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड) ने वर्ष 2046 तक 230 एमएलडी मल के उत्पादन (जनगणना 2011 के आधार पर) का आकलन[9] किया था जबकि 2012 में तैयार किये गए राँची मास्टर प्लान में वर्ष 2037 तक 391.55 एमएलडी सीवेज (जनगणना 2011 के आधार पर) का उत्पादन (अवधि 2012-2037 के लिए) अनुमानित था।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि परामर्शी ने जनसंख्या प्रक्षेपण के लिए अपनाई गई विधि का उल्लेख नहीं किया था, जिसके आधार पर मल उत्पादन की गणना[10] की गई थी। इसके अलावा, डीपीआर ने मल उत्पादन के आँकड़े निकालने में, आवासीय और वाणिज्यिक भवनों के लिए फर्श क्षेत्रफल अनुपात (एफएआर[11]) के

---

[8] *झारखण्ड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको लिमिटेड) - शहरी विकास एवं आवास विभाग के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र के तहत एक राज्य पीएसयू*

[9] *2013 में, सीपीएचईईओ ने राज्य सरकार को 2011 की जनगणना के आधार पर अनुमानों को अद्यतन करने का निर्देश दिया*

[10] *135 एलपीसीडी के साथ 5 प्रतिशत रिसाव की दर से 80 प्रतिशत जलापूर्ति*

[11] *एफएआर उस क्षेत्र के बीच संबंध को संदर्भित करता है जिस पर एक इमारत का निर्माण किया जाता है और भवन का फर्श क्षेत्र जो प्रयोग करने योग्य है या उपयोग करने की अनुमति है। एफएआर की गणना कुल भवन फर्श क्षेत्रफल/ कुल प्लॉट क्षेत्रफल के रूप में की जाती है। राँची मास्टर प्लान (2012-37) में नगरपालिका क्षेत्रों के लिए एफएआर का अधिकतम मान 2.5 और व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए 3 निर्धारित किया गया था।*

आधार पर, विभिन्न क्षेत्रों में अनुमानित जनसंख्या के वितरण को आकलित नहीं किया था जैसा कि राँची मास्टर प्लान (2012-37) में वर्णित है। परिणामस्वरूप, शहर के मास्टर प्लान की तुलना में डीपीआर में मल उत्पादन का कम अनुमान (41 प्रतिशत तक) था।

विभाग ने सितंबर 2014 में परियोजना (क्षेत्र I में) को प्रशासनिक स्वीकृति देने से पहले परामर्शी को मास्टर प्लान के साथ इन अंतरों का समाधान करने का निर्देश नहीं दिया। यह जोखिम से भरा है कि क्षेत्र-I के लिए सीवर लाइन, पम्पिंग स्टेशन और एसटीपी की क्षमता मध्यवर्ती वर्ष 2031 में ही उत्पन्न मल को निपटाने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकती है।

विभाग ने कहा (जून 2022) कि पीएमसी के कार्यक्षेत्र में संवेदक के रूपांकन एवं रेखांकन की जाँच शामिल थी और मामले की जाँच परामर्शी से की जाएगी।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि विभाग ने परियोजना को तकनीकी स्वीकृति और प्रशासनिक स्वीकृति देने से पहले, सीपीएचईईओ संहिता के अनुसार राँची मास्टर प्लान के आँकड़ों के साथ अनुमानित मल उत्पादन में अंतर का समाधान नहीं किया था और कम मल उत्पादन के प्रक्षेपण के आधार पर कार्य को आगे बढ़ाया था।

(ii) आवश्यकता से कम क्षमता वाले मल पंपिंग स्टेशन

सीपीएचईईओ संहिता के पैरा 2.5 के अनुसार, सीवेज पम्पिंग स्टेशन (एसपीएस) की रूपांकन अवधि आधार[12] वर्ष से 30 वर्ष होनी चाहिए।

डीपीआर में परामर्शी ने 10.2 एमएलडी क्षमता के एसपीएस की स्थापना की अनुशंसा की थी (दिसम्बर 2007)। राँ.न.नि. ने ₹ 5.80 करोड़ की लागत (टर्नकी आधार पर) से 10.2 एमएलडी क्षमता के एसपीएस के निर्माण के लिए संवेदक के साथ एक इकरारनामा निष्पादित किया (सितंबर 2015)। वार्ड 32 से 35 के नगरपालिका क्षेत्रों से आने वाले सीवेज को मुख्य ट्रंक लाइन की ओर उठाने के लिए एसपीएस का निर्माण किया जाना था।

लेखापरीक्षा जाँच से पता चला कि वार्ड 32 से 35 के जनसंख्या अनुमानों (परामर्शी द्वारा किए गए) के आधार पर एसपीएस की आवश्यक क्षमता कम से कम 14.91 एमएलडी होनी चाहिए जैसा कि **तालिका 3.1 और 3.2** में दिखाया गया है:

[12] *'आधार वर्ष' उस वर्ष को संदर्भित करता है जिसमें व्यवस्था चालू हो जाएगा*

तालिका 3.1: वार्ड 32 से 35 के लिए जनसंख्या अनुमान

जनसंख्या	वर्ष 2016 (आधार वर्ष)	वर्ष 2031 (मध्यवर्ती वर्ष)	वर्ष 2046 (रूपांकन वर्ष)
वार्ड 32 से 35	95,572	1,13,299	1,31,463

एसपीएस की आवश्यक क्षमता की गणना **तालिका 3.2** में दिखाई गई है

तालिका 3.2: एसपीएस की आवश्यक क्षमता की गणना

रूपांकन वर्ष (आधार वर्ष 2016 से 30 वर्ष)	2,046
जनसंख्या	1,31,463
जलापूर्ति की दर	135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन
प्रतिदिन कुल जलापूर्ति (वार्ड 32 से 35 में)	1,77,47,505 लीटर /दिन
औसत सीवेज उत्पादन[13] (जलापूर्ति का 80 प्रतिशत)	1,41,98,004 लीटर /दिन
कुल सीवेज उत्पादन (पाँच प्रतिशत रिसाव के साथ)	1,49,07,904 लीटर /दिन
इस प्रकार, एमएलडी में एसपीएस की आवश्यक क्षमता	14.91 एमएलडी

संवेदक ने एसपीएस का सिविल कार्य पूरा किया और ₹ 3.89 करोड़ का भुगतान प्राप्त किया (फरवरी 2022)। इस प्रकार, निर्मित एसपीएस की क्षमता आवश्यक क्षमता से 4.71 एमएलडी कम थी जिसके परिणामस्वरूप जब भी इसे उपयोग में लाया जायेगा तो व्यवस्था खराब हो सकता है।

विभाग ने कहा (जून 2022) कि रूपांकित प्रतिवेदन में एसपीएस की क्षमता 15.776 एमएलडी (औसत प्रवाह) और 34.496 एमएलडी (अधिकतम प्रवाह) रखी गई थी।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि संवेदक के साथ शेष कार्य के अनुबंध (फरवरी 2021) में एसपीएस की क्षमता 10.2 एमएलडी बताई गई। इसलिए, 15.776 एमएलडी (औसत प्रवाह पर) और 34.496 एमएलडी (अधिकतम प्रवाह पर) के लिए रूपांकित प्रतिवेदन अप्रासंगिक थी क्योंकि एसपीएस का कार्य केवल 10.2 एमएलडी की क्षमता के निष्पादन के लिए लिया गया।

(iii) जलमग्न क्षेत्रों में मुख्य ट्रंक लाइन का गलत खाका (लेआउट)

डीपीआर में, परामर्शी (मेसर्स मैनहार्ट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड) ने जुमार नदी के साथ-साथ 11.736 किमी[14] की मुख्य ट्रंक लाइन के संरेखण को रूपांकित किया। स्वीकृत डीपीआर में मुख्य ट्रंक व नेटवर्क लाइन का ले-आउट शासकीय भूमि पर दर्शाया गया था। मुख्य अभियंता (राँ.न.नि.) ने तकनीकी स्वीकृति देने से पहले कार्य स्थल के साथ मुख्य ट्रंक और नेटवर्क लाइनों के रूपांकन एवं रेखांकन खाका (लेआउट) की दोबारा जाँच नहीं की।

---

[13] *स्वीकृत डीपीआर में, प्रति व्यक्ति अपशिष्ट जल प्रवाह को जल आपूर्ति (135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन) का 80 प्रतिशत माना गया था।*

[14] *1000 एमएम और 1200 एमएम व्यास के एनपी3 आरसीसी पाइप*

- *केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) संहिता के विपरीत, परियोजना को नदी के 22.59 वर्ग किमी के कुल जलग्रहण क्षेत्र के विरुद्ध 8.49 वर्ग किमी के कमतर जलग्रहण क्षेत्र के आधार पर रूपांकित किया गया था। अतिरिक्त जलग्रहण क्षेत्र से उत्पन्न अतिरिक्त गंदे जल के उपचार के लिए आवश्यक 10.5 एमएलडी क्षमता के अतिरिक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण भूमि की अनुपलब्धता के कारण नहीं किया जा सका।*

- *11.50 एमएलडी की कुल क्षमता वाले स्वीकृत आठ एसटीपी के मुकाबले 10 एमएलडी की कुल क्षमता वाले केवल सात एसटीपी संचालित हो रहे थे एवं 10 एमएलडी की स्थापित क्षमता के बजाय प्रतिदिन 2.898 एमएलडी मल-जल का परिष्करण कर रहे थे।*

- *नदी के अनुप्रस्थ काट (15.45 मी^{2} और 33.25 मी^{2} के बीच) को प्रवाह के कम गुणांक मान के साथ 100 साल के बजाय 25 साल की अवधि के बाढ़ प्रवाह के आधार पर रूपांकित किया गया था। हालाँकि बाद में 50 वर्षों की अवधि के बाढ़ प्रवाह के आधार पर कई अनुप्रस्थ काट को चौड़ा (23.18 मी^{2} और 49.43 मी^{2} के बीच) किया गया परंतु नदी के रूपांकित प्रवाह (मुक्तिधाम और सुवर्णरेखा नदी के साथ मिलन बिंदु के बीच) को वास्तविक प्रवाह की तुलना में कम करके आँका गया। वास्तविक बाढ़ प्रवाह की स्थिति में इससे नदी के सम्पूर्ण अनुप्रस्थ-काट को भारी क्षति का जोखिम है।*

- *नदी के दोनों किनारों (10.4 कि.मी. खंड) पर वर्षा-जल निकासी नाली प्रणाली के निर्माण का उद्देश्य प्राप्त नहीं हुआ। नाले, गाद, मिट्टी तथा ठोस अपशिष्ट आदि से अवरुद्ध थे एवं नदी में (अमरावती पुल और एसटीपी 5 के बीच) गंदे जल का उत्सर्जन करते पाए गए।*

- *हरमू नदी के किनारे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन खराब था। संयुक्त स्थल सत्यापन के दौरान नदी के आसपास का अधिकांश क्षेत्र गाद और कचरे के ढेर से पटा हुआ पाया गया।*

- *पिछले 12 वर्षों (अक्टूबर 2009 से जून 2021) के दौरान नदी के विभिन्न हिस्सों के उपग्रहीय चित्र ने समय बीतने के साथ-साथ नदी के आसपास के हरित आच्छादन में क्रमिक ह्रास का खुलासा किया। उपग्रहीय चित्रों से नदी मार्ग में बदलाव, मुक्तिधाम के पास कर्मा चौक पुल पर नदी की चौड़ाई में 18.70 मीटर की कमी, नदी के किनारे अतिक्रमण आदि का पता चला।*

- *परिचालन एवं अनुरक्षण (परि. एवं अनु.) गतिविधियों में निरंतरता बनाए रखने के उपायों की योजना नहीं बनाई गई थी। सात एसटीपी (कुल क्षमता 10 एमएलडी) के लिए गंदा जल उठाने वाले पंपों के दैनिक संचालन के लिए आवंटित ₹ 6 लाख प्रति वर्ष के मुकाबले, जुडको प्रति वर्ष लगभग ₹ 33 लाख की दर से विद्युत शुल्क पर खर्च कर रहा था। इसने अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण के बिना परियोजना के परि. एवं अनु. को अवहनीय बना दिया। एनआरसीपी के दिशा-निर्देशों में परिकल्पित परियोजना की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए परि. एवं अनु. लागतों की भरपाई के लिए राजस्व सृजन के स्त्रोत का पता नहीं लगाया गया और न ही यह मौजूद था।*

अनुशंसाएँ

1. सरकार, हरमू नदी के उद्गम और जलग्रहण क्षेत्र के जीर्णोद्धार हेतु विस्तृत अध्ययन कर सकती है, वर्षा जल के अनुमान का पुनरीक्षण एवं एक व्यापक नीति तैयार कर सकती है जो शहरी प्रवाह को स्पष्ट रूप से हरमू नदी के लिए जल का संभावित स्रोत माने।

2. सरकार, जनसंख्या की वर्तमान एवं भविष्य में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए उत्पन्न गंदे जल की मात्रा के अनुमान को पुनरीक्षित कर सकती है तथा गंदे जल का नदी में उत्सर्जन रोकने के लिए एक निश्चित समय सीमा के अंदर कार्य योजना तैयार कर सकती है।

3. सरकार भूमिगत गंदा जल निकासी प्रणाली के रूपांकन एवं वहन क्षमता के दोषों को दूर करने के लिए तत्काल कदम उठा सकती है तथा अतिरिक्त एसटीपी के निर्माण पर विचार कर सकती है।

4. विभाग (i) चिन्हित सभी बड़े और छोटे स्रोतों से गंदे जल का उत्सर्जन, (ii) गंदे जल का जल निकासी प्रणाली में बहाव (iii) गंदे जल का एसटीपी में प्रवाह तथा (iv) गंदा जल निकासी प्रणाली के माध्यम से बहाव के बजाय सीधे नदी में बहने वाले गंदे जल की मात्रा का सर्वेक्षण और गणना कर सकती है। विभाग, गंदे जल के आवश्यक परिष्करण को सुनिश्चित करने के लिए एसटीपी के संचालन अवधि की भी जाँच कर सकती है।

5. सरकार हरमू नदी के किनारे रहने वाली शहरी आबादी को नदी में मल-जल के अनधिकृत उत्सर्जन के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में शिक्षित करने के लिए कदम उठा सकती है तथा ठोस कचरे के प्रभावी प्रबंधन के लिए आवासीय कल्याण संघों/गैर-सरकारी संगठनों को शामिल करने की संभावना तलाश सकती है। विभाग, राँची नगर निगम (आरएमसी) को शामिल करते हुए नदी के भीतर और आसपास के ठोस कचरे के अनुचित प्रबंधन के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं को हल करने के लिए तत्काल एक योजना तैयार कर सकती है।

6. सरकार, राँची नगर निगम के समन्वय से नदी एवं इसकी सहायक नदियों के किनारों के सभी अतिक्रमणों की पहचान करने और उन्हें हटाने एवं निर्धारित बफर क्षेत्र को बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर सकती है। इस उद्देश्य हेतु नदी स्थलों और सहायक नदियों का समय-समय पर निरीक्षण तथा उचित निगरानी तंत्र विशेषकर स्मार्ट सिटी राँची में कमांड, कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर (सी4) स्थापित किया जा सकता है।

7. विभाग, परि. एवं अनु. के शुरू होने की वास्तविक तिथि को सुनिश्चित कर सकता है ताकि पाँच साल की अवधि की गणना की जा सके। पूर्व परीक्षण, चालू करने तथा संचालन की सही अवधि को सुनिश्चित एवं तय किया जा सकता है। परि. एवं अनु. को व्यवहार्य बनाने के लिए विभाग तुरंत एलटी बिजली कनेक्शन ले सकता है तथा संपत्ति (गंदा जल) संपर्क पर उपयोगकर्ता शुल्क लगाने की संभावना का भी पता लगा सकता है।

4.1 प्रस्तावना

स्वर्णरेखा नदी की एक सहायक नदी हरमू, राँची के हेहल के पास एक छोटे से पहाड़ी क्षेत्र से निकलती है। यह 17.8 किमी (ग्रामीण खंड: 7.4 किमी एवं शहरी खंड: 10.4 किमी) में बहती है तथा नामकुम, राँची के नजदीक स्वर्णरेखा नदी से मिलने से पहले इसका जलग्रहण क्षेत्र[1] 30.670 वर्ग किमी (8.080 वर्ग किमी ग्रामीण खंड और 22.590 वर्ग किमी शहरी खंड) का है। राँची शहर के तीव्र शहरीकरण ने, जलग्रहण क्षेत्र से तलछट के अत्यधिक प्रवाह के साथ ही अनुपचारित गंदे जल एवं ठोस अपशिष्ट का नदी में उत्सर्जन; नदी के किनारे की भूमि का अतिक्रमण आदि की समस्याएँ पैदा की फलस्वरूप नदी के पानी की गुणवत्ता में कमी आई।

झारखण्ड सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय निगरानी समिति ने, 13वें वित्त आयोग के अनुदान का उपयोग करके दो किमी के विस्तार में जीर्णोद्धार का कार्य, एसटीपी का निर्माण और हरमू नदी के सौंदर्यीकरण के कार्य को ₹ 15 करोड़ की अनुमानित लागत पर जुडको के माध्यम से निष्पादन के लिए मंजूरी (मार्च 2014) दी। विभागीय योजनाओं की समीक्षा (जून 2014) के दौरान झारखण्ड के मुख्यमंत्री ने हरमू नदी की सफाई एवं नौ किलोमीटर के क्षेत्र में एसटीपी बनाने के निर्देश जारी किए।

विभाग ने हरमू नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के लिए एक विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने तथा परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी) सेवाओं के लिए एक सलाहकार (मैसर्स टंडन अर्बन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड[2]) को नियुक्त (जून 2014) किया। इस परियोजना का उद्देश्य नदी को निर्मल स्वच्छ जल के साथ एक जीवंत जल संपत्ति में बदलने, जल ग्रहण एवं प्रवाह क्षमता में वृध्दि के साथ नदी-तट का विकास और सार्वजनिक सुविधाओं में वृध्दि था।

सलाहकार ने दो चरणों (₹ 86.15 करोड़ की अनुमानित लागत पर शहरी खंड में 10.4 किलोमीटर के लिए चरण I और ₹ 1.29 करोड़ की अनुमानित लागत पर ग्रामीण खंड के 7.4 किलोमीटर के लिए चरण II) का एक विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) प्रस्तुत (जुलाई 2014) किया जिसकी कुल लागत ₹ 87.44 करोड़ थी। विभाग के अनुरोध पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई ने ₹ 11.31 लाख के परामर्श शुल्क के भुगतान पर डीपीआर (शहरी खंड के लिए) का तकनीकी मूल्यांकन किया। आईआईटी, मुंबई ने निम्नलिखित टिप्पणियों के साथ डीपीआर पर अपनी तकनीकी मूल्यांकन प्रतिवेदन भेजी (अगस्त 2014):

---

[1] *वह क्षेत्र जहाँ से वर्षा का जल नदी, झील या जलाशय में बह कर गिरती है।*

[2] *टीयूएसपीएल*

- राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय (एनआरसीडी)[3] के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए डीपीआर को संशोधित करने की आवश्यकता थी।

- मल-जल संग्रह प्रणाली के लिए वास्तविक जलग्रहण क्षेत्र (22.59 वर्ग कि.मी.) पर विचार किया जाना चाहिए जो गंदे जल का उत्पादन एवं हरमू नदी में उत्सर्जन करेगा।

- शहरी फुटपाथों के लिए भारित औसत अपवाह के गुणांक के बजाय सीपीएचईईओ संहिता और आईआरसी-विशेष प्रकाशन (एसपी) 13 में परिकल्पित वास्तविक अपवाह के गुणांक को लागू करने की आवश्यकता थी।

- शुष्क मौसम के बहाव को गंदा जल निकासी प्रणाली की ओर मोड़ने तथा बारिश के मौसम में वर्षा जल (नालों और वर्षा जल-नालियों में बहने वाले) को नदी की ओर मोड़ने के लिए नए विचारों को पेश करने की जरूरत थी।

विभाग के मुख्य अभियंता (मु.अ.), तकनीकी प्रकोष्ठ द्वारा दोनों चरणों के लिए डीपीआर पर ₹ 87.44 करोड़ की तकनीकी स्वीकृति (त.स्वी.) प्रदान (अगस्त 2014) की गई। हालाँकि, तकनीकी स्वीकृति देने से पहले आईआईटी, मुंबई द्वारा उठाए गए मुद्दों का समाधान नहीं किया गया। परियोजना को जुडको लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित किया जाना था। चरण I और चरण II के तहत किए जाने वाले प्रस्तावित कार्य और इसकी वर्तमान स्थिति का विवरण **तालिका 4.1** में दिया गया हैं:

तालिका 4.1: गतिविधियाँ, समयसीमा एवं परियोजना की वर्तमान स्थिति (चरण I और चरण II)

चरण	गतिविधियाँ	समय सीमा	स्थिति (अप्रैल 2022 को)
चरण I	नदी तट सुरक्षा और नदी की सीमा, नदी के साथ सीवरेज प्रणाली, अल्प लागत स्वच्छता, वर्षा जल निकासी प्रणाली, पर्यावरण प्रबंधन योजना, मार्ग, वृक्षारोपण और उच्च-मार्ग, सार्वजनिक भागीदारी और सूचना-पट सहित जागरूकता।	31 अक्टूबर 2018 तक पूर्ण करना था।	अक्टूबर 2018 में पूर्ण। वर्तमान में, परि. एवं अनु. के तहत।
चरण II	ग्रामीण खंड में स्लूस गेट सहित बांध, शहरी खंड में चारदीवारी, ग्रामीण और शहरी खंड में ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन	डीपीआर को मई 2016 तक पूरा किया जाना।	केवल संभाव्यता प्रतिवेदन जमा किया गया। कार्य क्षेत्र में बार बार संशोधन के कारण डीपीआर को अंतिम रूप नहीं दिया गया।

---

3 एनआरसीडी भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (अब से मंत्रालय) के अधीन स्थित है। निदेशालय, राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (एनआरसीपी) के तहत राज्य सरकारों/स्थानीय निकायों को, राज्य सरकारों/स्थानीय निकायों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर चिन्हित प्रदूषित नदी हिस्सों में नदियों के प्रदूषण निवारण के लिए आधारभूत संरचना स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

ग्रामीण खंड को छोड़कर, जुड़को ने शहरी खंड (चरण I) के कार्य के लिए निविदा आमंत्रित (दिसंबर 2014) किया तथा इसे ₹ 85.43 करोड़ (₹ 77.69 करोड़ के बीओक्यू[4] मूल्य से 9.97 प्रतिशत ऊपर) पर एक संवेदक (मैसर्स ईगल इंफ्रा इंडिया लिमिटेड) को आवंटित किया (फरवरी 2015)। अगस्त 2017 तक परियोजना को पूरा करने के लिए जुड़को ने ठेकेदार के साथ एक समझौता किया (फरवरी 2015)।

कार्य-आदेश (फरवरी 2015) में, जुडको ने संवेदक को आईआईटी, मुंबई या किसी अन्य मान्यता प्राप्त तकनीकी निकाय से परियोजना कार्य का रूपांकन एवं संरेखण का अनुमोदन (जाँच) प्राप्त करने का निर्देश दिया। कार्य आदेश में आगे निहित था कि संवेदक के कार्यक्षेत्र में आनेवाले सभी आवश्यक रूपांकन एवं संरेखण, स्थलीय स्थिति के अनुसार, कार्य निष्पादन से पहले जुडको द्वारा अनुमोदित किए जाने थे। इसके अलावा, संवेदक ने परियोजना में तकनीकी सहायता (ज्ञान भागीदार के रूप में) के लिए एनईईआरआई, नागपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया (जून 2015)।

कार्य स्थल को सौंपने में देरी और अतिरिक्त मदों के कार्यान्वयन के कारण, डीपीआर को बाद में पुनरीक्षित (फरवरी 2018) कर ₹ 101.60 करोड़ का किया गया तथा परियोजना को पूर्ण करने की तिथि अक्टूबर 2018 तक बढ़ा दी गई। अतिरिक्त मदों के भुगतान और स्वीकृत विचलन को समाविष्ट करने के लिए संवेदक के साथ ₹ 7.01 करोड़ का एक पूरक अनुबंध भी निष्पादित किया गया (सितंबर 2018)।

शहरी विस्तार का काम 31 अक्टूबर 2018 को ₹ 92.78 करोड़ (संवेदक को ₹ 86.26 करोड़ का भुगतान, ₹ 5.52 करोड़ जुडको को प्रतिशत के तौर पर तथा ₹ एक करोड़ उपयोगिता स्थानान्तरण एवं बिजली बिल के तौर पर) की लागत पर पूरा हुआ। नवंबर 2022 को परियोजना परिचालन एवं अनुरक्षण के चरण में थी।

इस बीच, जुड़को ने चरण I के सुधार कार्यों सहित परियोजना के चरण II (ग्रामीण खंड) के नए सिरे से डीपीआर बनाने और पीएमसी सेवाओं के लिए एक अन्य सलाहकार (मैसर्स आई के वर्ल्डवाइड) को नियुक्त किया (फरवरी 2016)। कार्य क्षेत्र में बार-बार संशोधन के कारण, पाँच साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी डीपीआर को अंतिम रूप नहीं दिया गया (अप्रैल 2022) था। संभाव्यता प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए सलाहकार को ₹ 48 लाख (₹ 1.60 करोड़ के कुल देय परामर्श शुल्क के विरुद्ध) का भुगतान किया गया (अक्टूबर 2016) था।

---

[4] *बिल ऑफ क्वान्टिटी*

जून 2014 से मार्च 2022 तक की अवधि के लिए विभाग और जुडको के अभिलेखों की नमूना जाँच द्वारा लेखापरीक्षा मार्च 2021[5] से अप्रैल 2022 तक यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया कि क्या (i) प्रदूषण को नियंत्रित कर नदी को स्वच्छ जल के साथ एक जीवंत जल संपत्ति में बदलने के उद्देश्य के साथ हरमू नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण की परियोजना सुनियोजित एवं कार्यान्वित थी (ii) कार्यान्वयन के बाद परियोजना के परिचालन एवं अनुरक्षण को सुनिश्चित किया गया तथा (iii) निगरानी और निरीक्षण से संबंधित गतिविधियाँ निर्धारित थी तथा उनका संचालन आवश्यकतानुसार किया गया।

लेखापरीक्षा उद्देश्य, मानदंड[6], क्षेत्र, कार्यप्रणाली और लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर चर्चा करने के लिए शहरी विकास एवं आवास विभाग के सचिव के साथ प्रवेश (अगस्त 2021) और निकास (अगस्त 2022) सम्मेलन आयोजित किए गए। निकास सम्मेलन में विभाग के सचिव को, जीर्णोद्धार एवं संरक्षण परियोजना के पूरा होने के बाद भी हरमू नदी में दूषित जल के पानी के अविरल प्रवाह के बारे में जानकारी दी गई। सचिव ने तथ्यों को स्वीकार किया तथा प्रतिवेदन के लेखापरीक्षा निष्कर्षों से सहमत हुए। सचिव ने सभी लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को भी स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि एनईईआरआई, नागपुर जिसे परियोजना के ज्ञान भागीदार के रूप में नियुक्त किया गया था, के परामर्श से इस संबंध में उपचारात्मक उपाय किए जाएंगे।

लेखापरीक्षा अवलोकन

4.2 योजना

चरण I की तकनीकी रूप से स्वीकृत डीपीआर के अनुसार, शहरी खंड में नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण की योजना निम्नानुसार थी:



---

[5] *अप्रैल 2021 से जुलाई 2021 तक राज्य सरकार द्वारा लगाए गए कोविड प्रतिबंधों को छोड़कर।*

[6] *(i) सीपीएचईईओ द्वारा जारी मल एवं जल निकास पर संहिता (ii) झारखण्ड लोक निर्माण लेखा एवं विभागीय कोड (iii) भारतीय मानक कोड (iv) शहरी जल निकासी पर भारतीय सड़क कांग्रेस के दिशानिर्देश (v) राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत जारी दिशानिर्देश (एनआरसीपी) और (vi) केंद्रीय/राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषदों द्वारा जारी निर्देश।*

मुख्य एवं गैर-मुख्य घटकों के तहत गतिविधियों के लिए पुनः योजना बनाई गई, जैसा कि **तालिका 4.2** में दिखाया गया है।

तालिका 4.2: हरमू नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण कार्य के घटक

मुख्य घटक	किये जाने वाले कार्य
तटों की सुरक्षा और नदी सीमा	गैबियन का निर्माण। स्तंभों एवं झड़ियों के साथ नदी सीमा का निर्माण।
नदी के किनारे मल-जल निकास प्रणाली	मल-जल को भूमिगत सीवरेज संग्रह प्रणाली में प्रवाहित करने के लिए छः प्रवेशिका स्रोतों में सुधार। छः प्रवेशिका स्रोतों के माध्यम से बहने वाले मल-जल, नदी किनारे के घरों में उत्पादित मल-जल (5.200 वर्ग किमी के जलग्रहण क्षेत्र को समाहित करते हुए प्रत्येक तरफ 250 मीटर) तथा कम लागत वाले 33 शौचालय खंडो से उत्पन्न मल-जल के अवरोधन एवं संग्रहण के लिए भूमिगत मल-जल संग्रह प्रणाली का निर्माण। नदी किनारे के घरों से संपत्ति (मल-जल) संपर्क का निर्माण। भूमिगत मल-जल प्रणाली में बहने वाले मल-जल के उपचार के लिए प्रकृति आधारित वाहित मल शोधन संयंत्र (एसटीपी) का निर्माण। एसटीपी के परिचालन क्षेत्र के आसपास प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर स्ट्रीट लाइटिंग पोल की स्थापना।
कम लागत वाली स्वच्छता	कम लागत वाले स्वच्छता शौचालयों, ट्रांसफॉर्मर, एचटी लाइन और हाइ यील्ड ड्रिल नलकूपों का निर्माण।
वर्षा-जल निकास प्रणाली	ठोस अपशिष्ट और मलबे को नदी में जाने से रोकने के लिए वर्षा जल निकासी प्रणाली का निर्माण।
पर्यावरण प्रबंधन योजना	निर्माण और संचालन चरणों के दौरान पर्यावरण विवरणी तैयार करना तथा नमूनों का विश्लेषण।
गैर-मुख्य घटक	**किये जाने वाले कार्य**
मार्ग, वृक्षारोपण और उच्च मार्ग	पेवर-ब्लॉक रास्ते का निर्माण। बाँस निर्मित घेरों में वृक्षारोपण। नदी पार करने के लिए उच्च मार्गों का निर्माण।
सूचना पट्ट सहित सार्वजनिक भागीदारी और जागरूकता	पश्च-परावर्ती चिहनों, दिशा एवं स्थान पहचान चिहनों की स्थापना। संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, शैक्षिक सामग्री, बैनर आदि का आयोजन।

लेखापरीक्षा ने पाया कि, डीपीआर के न तो मुख्य और न ही गैर-मुख्य घटकों में नदी के लिए एक सतत जल स्रोत बनाने का कोई प्रावधान था, जो किसी भी जल निकाय के जीर्णोद्धार के लिए मुख्य चालक है। शहरी खंड में हरमू नदी के कार्यों के प्रस्तावित निष्पादन के साथ अनुप्रस्थ काट का सचित्र निरूपण (लेखापरीक्षा द्वारा तैयार और जुड़को द्वारा प्रमाणित), **चित्र 4.1** में दिखाया गया है:

चित्र 4.1: शहरी विस्तार में हरमू नदी के अनुप्रस्थ काट का सचित्र निरूपण



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (एनआरसीपी) के तहत परियोजना को लेने के लिए विभाग ने एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया (नवंबर 2014) था। प्रस्ताव से पहले, आईआईटी, मुंबई ने राज्य सरकार को एनआरसीपी दिशा निर्देशों के अनुसार डीपीआर को संशोधित करने की सलाह दी (अगस्त 2014) थी। हालाँकि इसका अनुपालन नहीं किया गया। एनआरसीडी ने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया (मार्च 2015), क्योंकि एनआरसीपी के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए परियोजना की योजना नहीं बनाई गई थी।

परिणामस्वरूप, भारत सरकार ने एनआरसीपी के तहत केंद्रीय वित्त पोषण के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। अत:, राज्य सरकार ₹ 55.03 करोड़ की केन्द्रीय सहायता के अवसर का लाभ नहीं उठा सकी। केंद्रीय सहायता के अभाव में, राज्य सरकार ने परियोजना की पूरी लागत (13वें वित आयोग के अनुदानों से स्वीकृत ₹ 15 करोड़ को छोड़कर) की मंजूरी राज्य निधि से दी।

4.2.1 योजना की खामियाँ

नदी संरक्षण परियोजनाओं को एनआरसीपी के तहत जारी दिशा-निर्देशों (दिसंबर 2010) द्वारा नियंत्रित किया जाता है। एनआरसीपी के तहत शामिल गतिविधियों में, अन्य बातों के साथ-साथ, नदी में प्रवाहित होने वाले अनुपचारित मल-जल को रोकना तथा मोड़ना, मोड़े गए मल-जल के उपचार के लिए एसटीपी का निर्माण, कम लागत वाले स्वच्छता कार्य, नदी तट का विकास आदि जैसे घटक शामिल हैं।

एनआरसीपी दिशानिर्देशों के अनुबंध I के अनुसार, भारत सरकार संबंधित राज्य सरकारों द्वारा तैयार पूर्व-संभाव्यता प्रतिवेदन के अनुमानों के आधार पर नदी कार्य योजनाओं अथवा नदी संरक्षण परियोजनाओं पर विचार करती है। किसी परियोजना के सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन के पश्चात, कार्य के सभी घटकों के लिए पुख्ता लागत

अनुमानों के साथ डीपीआर तैयार करना होता है। इन डीपीआर का मूल्यांकन और अनुमोदन, मंत्रालय द्वारा किया जाता है, जिसके बाद प्रशासनिक अनुमोदन और वित्तीय स्वीकृति जारी की जाती है। परिचालन एवं अनुरक्षण लागत को छोड़कर, जो पूरी तरह से संबंधित राज्य सरकारों द्वारा वहन की जानी है, परियोजना लागत को केंद्र और राज्य सरकारों के बीच 70:30 के अनुपात में साझा किया जाना है। दिशा-निर्देश आगे निर्धारित करते हैं कि नदियों के प्रदूषण को कम करने के लिए डीपीआर बनाने में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:

(i) नदी के प्रदूषित हिस्से को वांछित गुणवत्ता वाले पानी के हिस्से में बदलने के लिए शहरी स्वच्छता योजना (श.स्व.यो.) तैयार करना।

(ii) प्रदूषण में कमी के लिए सबसे उपयुक्त प्रणाली का चयन करने के लिए जल निकासी योजनाओं की पूर्व-संभाव्यता/ संभाव्यता प्रतिवेदन (सं.प्र.)।

(iii) सीपीएचईईओ संहिता में निर्धारित मानक प्रक्रियाओं के आधार पर, विस्तृत सर्वेक्षण, जाँच एवं अभियांत्रिकी रेखांकन के आधार पर जल निकासी योजनाओं के डीपीआर में पूरे शहर का समावेशन सुनिश्चित होना चाहिए।

परियोजना की योजना बनाते समय विभाग द्वारा उपरोक्त प्रावधानों का पालन नहीं किया गया तथा लेखापरीक्षा द्वारा पाए गए विचलन निम्न हैं:

✓ दिशा-निर्देशों के अनुसार, डीपीआर जमा करने से पूर्व परियोजना की सं.प्र. एवं श.स्व.यो. जमा की जानी थी और मंत्रालय द्वारा अनुमोदित की जानी थी। एफआर में नदी के प्रदूषण को कम करने के लिए सुविचारित विभिन्न विकल्पों एवं उनकी तुलनात्मक लागत के साथ-साथ अंतिम रूप से चयनित विकल्प के औचित्य के बारे में विस्तार से बताना था। हालाँकि, राज्य सरकार ने डीपीआर भेजने से पूर्व कोई एफआर और सीएसपी मंत्रालय को नहीं सौंपा। इसने, राज्य सरकार द्वारा सुविचारित विभिन्न विकल्पों एवं अंतिम रूप से चयनित विकल्प के औचित्य के बारे में, मंत्रालय को आश्वस्त होने से रोक दिया। तदनुसार, मंत्रालय ने राज्य सरकार को सूचित किया कि डीपीआर तैयार करने में एनआरसीपी के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया था।

✓ शहर में मल-जल उत्पादन, मौजूदा सीवरेज और एसटीपी सुविधाएं, मल-जल उपचार क्षमता में कमी, नदी में प्रवाहित मल-जल की मात्रा आदि का मूल विवरण, हालाँकि आवश्यक था, परियोजना प्रस्ताव में नहीं दिया गया था। मंत्रालय को प्रस्तुत प्रस्ताव में, मौजूदा और प्रस्तावित सीवरेज सिस्टम तथा एसटीपी के आधार पर राँची शहर के मल-जल भार से निपटने के तंत्र के बारे में भी बहुत कम या कोई जानकारी नहीं थी।

✓ परियोजना प्रस्ताव में हरमू नदी में प्रदूषण स्तर को इंगित करता नदी के पानी की गुणवत्ता और मल-जल प्रवाह के कारण नदी के पानी की गुणवत्ता में संभावित गिरावट के आँकड़ों की कमी थी।

✓ परियोजना की अनवरतता, परियोजना के तहत संपत्ति की परि. एवं अनु. लागत को पूरा करने के लिए राजस्व सृजन पर निर्भर करती है। हालाँकि, प्रस्ताव में परि. एवं अनु. लागत की वसूली की कोई योजना नहीं थी।

✓ परियोजना लागत का 30 प्रतिशत के साथ ही साथ परि. एवं अनु. की लागत वहन करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को नहीं दर्शाया गया था।

विभाग ने कहा (जुलाई 2022) कि राँची की मल एवं जल निकास परियोजना के प्रस्तावित दायरे को ध्यान में रखते हुए राँची नगर निगम द्वारा हरमू नदी का जीर्णोद्धार एवं संरक्षण परियोजना शुरू किया गया था।

जबाब संतोषजनक नहीं है, क्योंकि: (i) राँची नगर निगम ने पूरे शहर के लिए मल-जल के एकीकृत निपटान (मौजूदा और भविष्य) के लिए कोई शहर स्वच्छता योजना तैयार नहीं की थी (ii) हालाँकि राँची नगर निगम ने शहर के क्षेत्र-1 के लिए मल और जल निकासी प्रणाली का निर्माण कार्य लिया था परन्तु पूरा नहीं किया (अप्रैल 2022) था, जबकि अन्य क्षेत्रों के लिए, जिसमें हरमू नदी स्थित है, मल और जल निकासी के लिए कोई परियोजना नहीं ली गई थी (iii) हरमू नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण तथा मल और जल निकास परियोजनाओं के लिए डीपीआर को अलग-अलग तैयार और अनुमोदित किया गया था और किसी भी तरह से एकीकृत नहीं किया गया था, जिसके कारण भारत सरकार द्वारा एनआरसीपी योजना के तहत परियोजना को अस्वीकार कर दिया गया था।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए एवं नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.3 निविदा एवं परियोजना पर्यवेक्षण

4.3.1 कार्य में शामिल नहीं होने वाले एक उप-संवेदक के अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर संवेदक का चयन

निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) की शर्त 4.5 (सी) के अनुसार, संवेदक के स्वयं या चिन्हित उप-संवेदक के पास फाइटोरिड[7] तकनीक में या ऐसी कोई भी स्थानीय

[7] *फाइटोरीड तकनीक, नीरी, नागपुर द्वारा विकसित और पेटेंट की गई, प्राकृतिक विधि द्वारा निर्मित आर्द्रभूमि का उपयोग करके मल जल के उपचार का कार्य करता है।*

प्रकृति-आधारित उपचार प्रक्रिया वाले एसटीपी (एक एमएलडी या अधिक की क्षमता) का रेखांकन, निर्माण एवं संचालन का अनुभव होना आवश्यक था।

जुडको द्वारा तैयार किए गए तुलनात्मक विवरणी की जाँच से पता चला कि दो संवेदको (मैसर्स ज्योति बिल्ड टेक और मेसर्स ईगल इंफ्रा इंडिया लिमिटेड) से निविदा प्राप्त हुई थी। निविदा की शर्तों के अनुसार, निविदा के प्रपत्र, बैंक शोधन क्षमता प्रमाण पत्र और चिन्हित उप-संवेदक का अनुभव प्रमाण पत्र (एक एमएलडी) नहीं जमा करने के कारण, तकनीकी मूल्यांकन में, जुडको की निविदा समिति ने मैसर्स ज्योति बिल्डटेक को अयोग्य घोषित कर दिया। हालाँकि, निविदा समिति ने पुनर्निविदा की सिफारिश नहीं की और एकमात्र निविदाकर्ता मेसर्स ईगल इंफ्रा इंडिया लिमिटेड को डिज़ाइन, बिल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर (डीबीओटी) मॉडल पर ₹ 85.43 करोड़ (बीओक्यू से 9.97 प्रतिशत अधिक) का ठेका दे दिया (फरवरी 2015)। कार्य में परियोजना के कार्यान्वयन के पश्चात पाँच साल तक परिचालन एवं अनुरक्षण शामिल था।

निविदा संचिकाओं एवं सफल निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा दस्तावेजों की लेखापरीक्षा जाँच में पता चला कि ठेकेदार (मैसर्स ईगल इंफ्रा इंडिया लिमिटेड) के पास फाइटोरिड तकनीक या किसी भी प्रकृति-आधारित उपचार प्रक्रिया का अनुभव नहीं था तथा इन्हें एक उप-संवेदक (मैसर्स इंदरदीप कंस्ट्रक्शन कंपनी, उल्हासनगर) के अनुभव प्रमाण पत्र[8] के आधार पर निविदा में योग्य माना गया था।

हालाँकि, संवेदक ने कथित उप-संवेदक को एसटीपी कार्य के कार्यान्वयन तथा सीवर लाइन बिछाने के लिए नियुक्त नहीं किया। जुडको से संबंधित परियोजना अभियंताओं द्वारा एक लेखापरीक्षा प्रश्नावली के उत्तर में लेखापरीक्षा को यह सत्यापित किया गया था। इस प्रकार, निविदा-शर्त, जिसने संवेदकों को चिन्हित उप-संवेदकों के अनुभव के आधार पर निविदा डालने की अनुमति दी थी, का निविदा प्राप्त करने के लिए दुरुपयोग किया गया। इस प्रकार, एक अनुभवहीन एवं अपात्र संवेदक को परियोजना का काम दिया गया। इसने पूरी निविदा प्रक्रिया को दूषित कर दिया जिसमें अग्रेतर जाँच की आवश्यकता है।

विभाग ने कहा (जुलाई 2022) कि एसटीपी का निर्माण एनईईआरआई की देखरेख में किया गया जिसके पास फाइटोरिड तकनीक का एकाधिकार था। आगे, निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) में, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और

---

[8] *उप-संवेदक द्वारा टिटिवाला, महाराष्ट्र में मृदा जैव-प्रौद्योगिकी में तीन एमएलडी क्षमता का दावा किया गया, जिसके लिए कल्याण डोंबिवली नगर निगम द्वारा एक अनुभव प्रमाण-पत्र जारी किया गया था।*

कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए एवं एनईईआरआई द्वारा परियोजना के प्रभाव अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

हालाँकि, तथ्य यह है कि: (i) एनईईआरआई द्वारा कार्य के समग्र पर्यवेक्षण ने विभाग को यह सुनिश्चित करने के अपने दायित्व से मुक्त नहीं किया कि जिस संवेदक को काम दिया जाना था, उसने निविदा जरूरतों का अनुपालन किया तथा (ii) एनईईआरआई द्वारा परियोजना के प्रभाव अध्ययन का उद्देश्य परियोजना की कमियों को दूर करने के उपायों के अलावा समग्र परियोजना परिणाम का आकलन करना था, लेकिन संविदा-प्रबंधन की खामियों को ठीक करना इसका उद्देश्य कतई नहीं था।

4.3.2 परियोजना पर्यवेक्षण

डीपीआर के अनुसार, परियोजना कार्य का पर्यवेक्षण **तालिका 4.3** में उल्लिखित संस्थाओं द्वारा किया जाना था।

तालिका 4.3: परियोजना के पर्यवेक्षण के साथ अधिदिष्ट संस्थाएं

इकाई	अनुबंधात्मक दायित्व	लेखापरीक्षा अवलोकन
मेसर्स टंडन अर्बन सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड, मुंबई (टीयूएसपीएल)	नगर प्रशासन निदेशालय और सलाहकार के बीच समझौता (जून 2014)।	समझौते के खंड 2 (सी) के अनुसार, सलाहकार को परियोजना के लिए डीपीआर बनाने के अलावा, परियोजना के पीएमसी सेवाओं, जिसमें पूरे परियोजना कार्यान्वयन अवधि के दौरान तीन दौरों में कार्य के प्रगति का पर्यवेक्षण शामिल था।
राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी), नागपुर	नीरी और ठेकेदार के बीच समझौता ज्ञापन (जून 2015)।	नीरी को परियोजना के सफल समापन तक तकनीकी दिशा-निर्देश आदि प्रदान करने के लिए एक उपयुक्त दल उपलब्ध करना था; समझौता ज्ञापन के तहत सौंपे गए सभी कार्यों के कार्यान्वयन की निगरानी करना; रखरखाव के लिए पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करना (आवश्यकता के आधार पर परियोजना के पूरा होने पर छः महीने की गारंटी अवधि के बाद दो साल की अवधि के लिए); और सभी चरणों के लिए तकनीकी जानकारी आदि प्रदान करना

लेखापरीक्षा संवीक्षा से निम्नलिखित का पता चला:

(i) यद्यपि इकरारनामा के अनुसार, सलाहकार को कार्यों के तीन पर्यवेक्षी दौरों के माध्यम से पीएमसी सेवाओं को प्रदान करना था, सलाहकार ने विभाग के सचिव को सूचित किया (अप्रैल 2015) कि ये दौरे पर्याप्त नहीं होंगे एवं इसके बजाय, कार्य की प्रकृति अत्यधिक तकनीकी होने के आधार पर, यथा सीवर प्रणाली बिछाना, वर्षा-जल के प्रवेशिका में सुधार, नदी का उचित तटीकरण आदि, परियोजना के पूर्णकालिक पर्यवेक्षण पर जोर दिया। हालाँकि, जुडको ने निर्माण चरण के दौरान सलाहकार द्वारा किसी भी पर्यवेक्षी सेवाओं का उपयोग नहीं किया, जिसका कारण जुडको या विभाग

के दस्तावेजों में उपलब्ध नहीं था। विभाग ने इस संबंध में, लेखापरीक्षा पृच्छाओं (दिसंबर 2021) का भी उत्तर नहीं दिया।

(ii) जुडको ने दोष-दायित्व अवधि के अंत (अप्रैल 2019) के बाद, परियोजना के अनुरक्षण चरण के दौरान भी नीरी की पर्यवेक्षी सेवाओं का लाभ नहीं उठाया।

लेखापरीक्षा ने पाया कि परियोजना पूर्ण होने के बाद, नदी में अनुपचारित मल-जल का निरंतर उत्सर्जन ***(कंडिका 4.5.2, 4.6.1, 4.9)***, एसटीपी के संचालन में कमियाँ ***(कंडिका 4.6.2)***, क्षतिग्रस्त वर्षा-जल नालियां ***(कंडिका 4.6.3)***, खराब ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ***(कंडिका 4.6.4)***, निर्बाध अतिक्रमण, नदी क्षेत्र में किसी भी निगरानी तंत्र के अभाव में नदी की बाड़ का उखड़ जाना ***(कंडिका 4.6.7)***, नदी में पानी की खराब (मल-जल के समतुल्य) गुणवत्ता ***(कंडिका 4.6.5 (iii))*** आदि से ग्रसित थी। इन परिचालन विफलताओं से संकेत मिलता है कि निर्माण चरण के दौरान पीएमसी सेवाओं (टीयूएसपीएल की) एवं परिचालन चरण के दौरान पर्यवेक्षी सेवाओं (नीरी की) के लाभ नहीं उठाने के विभाग का निर्णय का परियोजना के परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

विभाग ने कहा (जुलाई 2022) कि टीयूएसपीएल ने परियोजना के पर्यवेक्षण के यथार्थवादी दायरे की पेशकश नहीं की थी। एसटीपी का रेखांकन और निर्माण नीरी द्वारा किया गया था, जिसके पास फाइटोरिड तकनीक का एकाधिकार था तथा कोविड प्रोटोकॉल के तहत यात्रा प्रतिबंधों के कारण परि. एवं अनु. चरण के दौरान नीरी की सेवाओं का लाभ नहीं उठाया जा सका।

जवाब युक्तिसंगत नहीं है, क्योंकि विभाग परियोजना के पूर्ण-कालिक पर्यवेक्षण के लिए परामर्शदाता के प्रस्ताव से सैद्धान्तिक रूप से सहमत नहीं था। अतः, विभाग से आवश्यक सहमति के अभाव में**,** परामर्शदाता द्वारा पर्यवेक्षण के विस्तृत दायरे को प्रस्तुत करना अवास्तविक प्रतीत होता है। आगे**,** निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) में विभाग के सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.4 सर्वेक्षण एवं जाँच

स्वीकृत डीपीआर में सर्वेक्षण एवं जाँच के लिए ₹ 43.92 लाख आवंटित किया गया था। इसमें नदी का सर्वेक्षण[9] करना; हाइड्रोलॉजिकल अध्ययन (500 मीटर के अंतराल

---

[9] *डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डीजीपीएस) के उपयोग से नदी के दोनों तरफ 100 मीटर की दूरी पर धारा नहर, सड़कें आदि, 500 मीटर के अंतराल पर नदी खंडों एवं नदी तटों सहित भीतरी भाग तथा 50 मीटर के अंतराल पर नदी के पूरे खंड के महत्वपूर्ण स्थानों पर एवं मुख्य प्रवाह का अनुप्रस्थ-काट लेना।*

पर नदी के जल स्तर का मापन करके तथा 'करंट मीटर[10]' का अवलोकन करके); प्रतिवेदन (ऑटोकैड पर रेखाचित्र की छपाई और क्षेत्र की रूपरेखा योजना तैयार करके); भू-तकनीकी अध्ययन (परीक्षण छिद्रण के माध्यम से); और नदी जल का नमूना (प्रत्येक 500 मीटर के अंतराल पर, अलग-अलग गहराई पर तीन नमूने) सम्मिलित था।

संबंधित कार्य की मापी-पुस्त (एमबी) की जाँच से पता चला कि भू-तकनीकी और पानी के नमूने को छोड़कर, सर्वेक्षण और जाँच के घटकों का मार्च 2016 में पूर्ण होना दर्शाया गया था, लेकिन अलग-अलग अंतराल (500 मीटर, 50 मीटर आदि) पर नदी के अनुप्रस्थ-काट के आयामों की प्रविष्टि नहीं की गई थी। वास्तविक नदी मार्ग के अनुप्रस्थ-काट का उचित सर्वेक्षण नहीं करने के परिणामस्वरूप, मानसून के मौसम (जुलाई 2016 और जुलाई 2017) के दौरान मुक्तिधाम के पास ***(कंडिका 4.5.4)*** नदी के अनुप्रस्थ-काट (उचित सर्वेक्षण एवं विभिन्न प्रवेशिकाओं की पहचान आदि के बगैर निर्मित) का निर्मित हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। सर्वेक्षण और जाँच के संबंध में पाई गई कमियों का विवरण नीचे दिया गया है।

4.4.1 नदी के प्रवेशिकाओं की पहचान

आईआरसी: एसपी: 50-2013 (शहरी जल निकास पर दिशा-निर्देश) निर्धारित करता है कि पर्यावरण को गंभीर नुकसान से बचाने के लिए दूषित जल-नालों और वर्षा जल-नालों की पहचान एवं उनके पृथक्करण के लिए गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि मल-जल को शहर के किसी क्षेत्र में वर्षा जल नालों में बहने से रोका जा सके।

आईआरसी: एसपी: 50-2013 वर्षा जल नालों को भी तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करता है: प्राथमिक नाले, द्वितीयक नाले और तृतीयक नाले। 'प्राथमिक नाले प्राकृतिक जल निकासी प्रणाली हैं, जो प्रमुख जल निकायों की एक श्रृंखला को विशेष जलग्रहण-क्षेत्रों में उनके समाप्त होने तक जोड़ती हैं। वे एक नदी बेसिन की सहायक नदियों के रूप में उत्पन्न होती हैं जो अपने प्रवाह के दौरान एक या अधिक जलाभरण क्षेत्रों से, द्वितीयक जल निकासी प्रणाली से, तृतीयक जल निकासी प्रणाली से या सीधे सड़क के किनारे की नालियों से जल प्राप्त करती हैं।

लेखापरीक्षा ने देखा कि सलाहकार ने डीपीआर तैयार करते समय विभिन्न स्थानों पर केवल छः प्रवेशिकाओं[11] के अस्तित्व का उल्लेख किया था जो हरमू नदी में आकर समाप्त हो रहे थे। हालाँकि, सर्वेक्षण और जाँच के दौरान, संवेदक ने, जिसने कथित

[10] *'करंट मीटर' वेग को मापता है।*

[11] *प्रवेशिका 1, 2, 3, 4, 5 और 6*

तौर पर प्रत्येक 500 मीटर के अंतराल पर और महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रत्येक 50 मीटर पर नदी के पूरे खंड के अनुप्रस्थ-काट का सत्यापन किया था, किसी भी अतिरिक्त श्रोत या नालियों का उल्लेख नहीं किया जो नदी में खुल रहा था। जैसा कि डीपीआर में उल्लेख था, इन छः प्रवेशिकाओं से बहाव की मात्रा के आधार पर परियोजना कार्य शुरू किया गया।

विभाग ने, हालाँकि, लगातार दो बरसात के मौसम में आठ अतिरिक्त बड़े प्रवेशिकाओं[12] से भारी बहाव देखा (जुलाई 2016 और 2017), जो न तो सलाहकार (डीपीआर में) द्वारा प्रतिवेदित किया गया था न ही संवेदक द्वारा (सर्वेक्षण के दौरान एवं परियोजना कार्य के निष्पादन से पहले)।

लेखापरीक्षा ने देखा (गूगल अर्थ इमेज का उपयोग करते हुए) कि ये सभी 14 प्रवेशिकाएँ, डीपीआर तैयारी के पहले से अस्तित्व में थे और सलाहकार (डीपीआर में) द्वारा इनमें से आठ को शामिल करने में विफलता ने यह इंगित किया कि सलाहकार ने आवश्यक सर्वेक्षण नहीं किया था। इसके अलावा, विभाग के मुख्य अभियंता ने डीपीआर स्वीकृत करने से पहले आवश्यक जाँच नहीं की थी, जैसा कि नीचे केस स्टडी में चर्चा की गई है।

<u>केस स्टडी 4.1</u>

लेखापरीक्षा ने 19 मई 2004 की गूगल अर्थ इमेज का उपयोग करते हुए हरमू नदी के आसपास की स्थलाकृति की जाँच की। यह देखा गया कि मुक्तिधाम के पास दो प्राथमिक प्रवेशिकाएँ, निर्देशांक 23^{0}21’56.10” उ. और 85^{0}18’32.23” पू., हरमू नदी में आकर समाप्त हो रहे थे। इन्हें नीचे दिए गए गूगल मैप में प्रवेशिका/प्रवेशिका-1 और प्रवेशिका-1ए के रूप में चिह्नित किया गया है।

चित्र 4.2: प्रवेशिका 1 और प्रवेशिका 1ए की उपग्रहीय छवि (मई 2004)

---

[12] *प्रवेशिका: 1ए (चेनेज 1900-2040 मीटर के बीच); 3ए, 3बी, 3सी (चेनेज 2040 -4068 मीटर के बीच); 6ए, 6बी, 6सी और 6डी (चेनेज 6550-8500 मीटर के बीच)*

हालाँकि, 2004 के गूगल मानचित्र में दोनों प्रवेशिकाएँ स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थे, परामर्शदाता ने डीपीआर में केवल प्रवेशिका-1 की पहचान की थी, प्रवेशिका-1ए की नहीं। मुख्य अभियंता, जिसने डीपीआर स्वीकृत की थी और तकनीकी स्वीकृति दी थी, ने भी उसका सत्यापन नहीं किया। यहां तक कि संवेदक ने भी प्रवेशिका-1ए के अस्तित्व का उल्लेख नहीं किया, जिसने कथित तौर पर सर्वेक्षण और जाँच की थी। प्रवेशिका-1ए द्वारा नदी तटबंधों में भारी बाढ़ और क्षति करने के बाद इसको फरवरी 2018 में पुनरीक्षित रेखांकन में शामिल किया गया था।

बाद में इन आठ प्रमुख प्रवेशिकाओं को हरमू नदी की सहायक नदियों तथा प्राथमिक वर्षा जल-नालों के रूप में मुख्य अभियंता द्वारा विचार किया गया (2018)। तदनुसार नदी में बहाव के प्राथमिक प्रवेशिकाओं के रूप में इन सभी 14 प्रवेशिकाओं को शामिल करते हुए रेखांकन को पुनरीक्षित किया गया (फरवरी 2018)। लेखापरीक्षा में आईआरसी-प्रावधान एसपी: 50-2013 का उल्लंघन करते हुए कि इन प्रवेशिका में मिश्रित प्रवाह (वर्षा जल के साथ मल-जल) पाया गया।

इस बीच, नीरी ने भी हरमू नदी के पूरे शहरी खंड का निरीक्षण (सितंबर 2016) किया और इन 14 प्रमुख स्रोतों के अलावा 56 छोटे नालों की पहचान की। हालाँकि, इन नालों द्वारा अनुपचारित मल-जल सीधे नदी में प्रवाहित होते हुए पाया गया फिर भी पुनरीक्षित रूपांकन में किसी भी नाले को शामिल नहीं किया गया था।

इस प्रकार, विभाग के मुख्य अभियंता द्वारा दो बार, कार्य की शुरुआत के पहले आठ प्रमुख प्रवेशिकाओं को शामिल किए बिना एवं नीरी द्वारा प्रतिवेदन किए जाने के बावजूद 56 छोटे प्रवेशिका-स्रोतों को पुनरीक्षित प्राक्कलन में शामिल किए बगैर दोषपूर्ण रेखांकन को अनुमोदित करना परियोजना के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए हानिकारक साबित हुआ। एक चार सदस्यीय समिति[13] ने पूर्ण परियोजना का निरीक्षण (जुलाई 2019) किया तथा प्रतिवेदित किया कि परियोजना कार्य वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहा और दृष्टिगत परिणाम देने में असमर्थ था ***(कंडिका 4.9)***।

4.4.2 प्रवेशिकाओं से प्रवाह का आकलन

सीपीएचईईओ संहिता की कंडिका 3.10 के अनुसार, गैर-सीवर वाले क्षेत्रों में, जहाँ से उत्पन्न गंदा जल को बाहर निकलना है, नालियों का एक समूह होना आवश्यक है। नालियों में प्रवाह का आकलन विभिन्न तरीकों[14] से किया जा सकता है।

---

[13] *अभियंता-प्रमुख, जल संसाधन विभाग के नेतृत्व में बीआईटी, मेसरा एवं बीआईटी सिंदरी के सिविल अभियंता विभागों और नीरी, नागपुर के प्रतिनिधियों के साथ।*

[14] *सीपीएचईईओ संहिता के कंडिका 3.1 में सीवर/नालियों में प्रवाह के माप के लिए फ्लोट विधि, वी नोच विधि, आयताकार वीयर विधि, पामर बाउलस फ्लूम, वेंटुरी पाइप या डल ट्यूब निर्धारित है।*

जुडको की संबंधित संचिकाओ में लेखापरीक्षा ने पाया कि या तो परामर्शदाता द्वारा (डीपीआर तैयारी के दौरान) या संवेदक द्वारा (निर्माण के सर्वेक्षण और जाँच चरण के दौरान) शुष्क और व्यस्ततम अवधि के लिए प्रवेशिकाओं /नालियों से निस्सरण का सैद्धान्तिक मूल्यांकन व्यावहारिक रूप से सत्यापित (निर्धारित तरीकों में से किसी के द्वारा) नहीं किया गया था। परिणामस्वरूप, एनआरसीडी (भारत सरकार) ने (i) शहर में वास्तविक मल-जल उत्पादन (ii) मौजूदा दूषित-जल और एसटीपी सुविधाएं (iii) मल-जल उपचार क्षमता में कमी तथा (iv) नदी आदि में उत्सर्जित मल-जल की मात्रा ***(कंडिका 4.2)*** के विवरण के अभाव का हवाला देकर एनआरसीपी के तहत परियोजना प्रस्ताव को ठुकरा दिया। हालाँकि, इन मुद्दों को हल किए बिना परियोजना कार्यों को निष्पादित किया गया।

लेखापरीक्षा ने आगे देखा कि एक समिति[15] ने पूर्ण परियोजना का निरीक्षण (जुलाई 2019) किया था और सिफारिश की थी कि हरमू नदी बेसिन में वर्तमान जनसंख्या और भविष्य की वृद्धि को देखते हुए वर्षा-जल और मल-जल की मात्रा का नए सिरे से अनुमान लगाया जाय। कमिटी ने यह भी प्रतिवेदित किया कि: (i) वर्तमान में हरमू नदी परियोजना में मौजूद एसटीपी के साथ बहुत कम मात्रा में अपशिष्ट जल एकत्र और उपचारित किया जा रहा था (ii) कई प्रमुख नाले नदी में अनुपचारित अपशिष्ट जल का उत्सर्जन कर रहे थे तथा (iii) हरमू नदी में स्वच्छ जल के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता थी ***(कंडिका 4.9)***।

4.4.3 अपर्याप्त सर्वेक्षण कार्य

लेखापरीक्षा ने, 2.97 किमी (तपोवन खंड के पास) में कठोर चट्टानें पाए जाने तथा नदी खंड के 2.73 किमी (एसटीपी 8 के पास) में निवासियों की अनुपस्थिति के कारण, मल-जल निकासी प्रणाली (शुरुआत में 19,249.80 मीटर, लेकिन बाद में घटाकर 17,494.67 मीटर) और संपत्ति संपर्क (शुरुआत में 2,100 घरों के लिए, लेकिन बाद में घटाकर 933 घरों तक) के लिए डीपीआर प्रावधानों की तुलना में पुनरीक्षित प्रावधानों में व्यापक भिन्नता पाई।

यह इंगित करता था कि परियोजना कार्य शुरू करने से पहले या तो सलाहकार (डीपीआर तैयार करने से पहले) या संवेदक (परियोजना के सर्वेक्षण और जाँच घटकों के तहत) द्वारा उचित सर्वेक्षण नहीं किया गया था। इसके परिणामस्वरूप मल-जल

---

[15] *अभियंता-प्रमुख, जल संसाधन विभाग के नेतृत्व में बीआईटी मेसरा एवं बीआईटी सिंदरी के सिविल इंजीनियरिंग विभागों के और नीरी, नागपुर प्रतिनिधियों के साथ*

सीधा नदी में प्रवाहित हो रहा था क्योंकि स्वीकृत संरेखण में इन हिस्सों में सीवर लाइनें नहीं बिछाई जा सकीं।

विभाग ने कहा (जुलाई 2022) कि राँची की मल एवं जल निकास परियोजना के तहत अतिरिक्त स्रोतों का ध्यान रखा जाना था, जो एक बार स्थापित हो जाने पर हरमू नदी में मल-जल के प्रवाह को रोक देगा।

जबाब संतोषजनक नहीं है, क्योंकि जीर्णोद्धार एवं संरक्षण परियोजना के तहत संशोधित डीपीआर में सलाहकार (जिसने डीपीआर तैयार किया था) तथा एनआईटी, जमशेदपुर द्वारा सभी 14 प्रमुख प्रवेशिका स्रोतों को हरमू नदी की प्राकृतिक जल निकासी प्रणाली के रूप में प्रतिवेदित किया गया था। इसके अलावा, इन 14 प्रवेश स्रोतों से हरमू नदी में प्रवाहित होने वाले मल-जल को रोकने के लिए मल एवं जल निकास परियोजना की न तो कोई योजना थी न ही क्रियान्वयित की गई थी।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए एवं नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.5 परियोजना कार्यों का रूपांकन एवं संरेखण

संवेदक ने परियोजना के विभिन्न घटकों के रूपांकन को तीन संस्थानों ***(परिशिष्ट 4.1)*** यथा आईआईटी, मुंबई (अक्टूबर 2015); बीआईटी, मेसरा (जनवरी 2016) और एनआईटी, जमशेदपुर (दिसंबर 2016 और नवंबर 2017 के बीच) द्वारा अनुमोदित (जाँच) करवाया। लेखापरीक्षा ने देखा कि बीआईटी, मेसरा ने टिप्पणियों के साथ केवल एसटीपी पर एक जाँच प्रतिवेदन दी थी लेकिन रूपांकन को अनुमोदित नहीं किया था। जवाब में, जुडको प्रबंधन ने कहा कि, बीआईटी, मेसरा के सुझावों को शामिल करने के बाद, एसटीपी के रूपांकन को जुडको द्वारा अनुमोदित किया गया था। लेखापरीक्षा ने परियोजना कार्यों के विभिन्न घटकों के रूपांकन में निम्नलिखित कमियां पाई:

4.5.1 नदी के जलग्रहण-क्षेत्र का आकलन

आईआईटी, मुंबई दो चरणों में परियोजना से जुड़ा था: (i) पहले चरण में डीपीआर का तकनीकी मूल्यांकन प्रदान करने के लिए तथा (ii) दूसरे चरण में कार्य चरण की शुरुआत के पहले संवेदक द्वारा तैयार किए गए अनुमोदित रूपांकन एवं संरेखण की जाँच के लिए।

डीपीआर के तकनीकी मूल्यांकन (अगस्त 2014) के दौरान, आईआईटी, मुंबई ने सिफारिश की थी कि वास्तविक जलग्रहण क्षेत्र (22.59 वर्ग कि.मी.), जो दूषित जल का उत्पादन और हरमू नदी में बहाव करेगा, को दूषित-जल उत्पादन की गणना के लिए विचार किया जाना चाहिए। हालाँकि, जब संवेदक ने रूपांकन एवं संरेखण को आईआईटी, मुंबई को जाँच के लिए भेजा तो आईआईटी मुंबई ने अंतिम जाँच प्रतिवेदन (अक्टूबर 2015) में नदी का जलग्रहण क्षेत्र घटाकर 8.49 वर्ग किमी (नदी के दोनों ओर 250 मीटर में नदी के किनारे के घरों से उत्पन्न मल-जल के लिए 5.20 वर्ग किमी तथा प्रवेशिकाओं के जलग्रहण के लिए 3.29 वर्ग किमी) यह कहते हुए कर दिया गया कि शहर के अन्य हिस्सों को स्वच्छता और मल-जल संग्रह के अलग कार्यक्रमों के तहत आच्छादित किया जाएगा।

लेखापरीक्षा ने पाया कि विभाग (राँची नगर निगम के माध्यम से) ने राँची शहर के क्षेत्र 1 में मल एवं जल निकास हेतु एक परियोजना शुरू की थी (मार्च 2015) जबकि हरमू नदी क्षेत्र 2 में पड़ती थी। क्षेत्र 1 का काम पूरा नहीं हुआ था तथा समय विस्तार (फरवरी 2023 तक) दिया गया था। नगर के शेष तीन जोन में लेखापरीक्षा पूर्ण होने तक (अप्रैल 2022) मल एवं जल निकास का कोई कार्य नहीं किया गया था। इस प्रकार, शहर में घरों से उत्पन्न मल-जल को रोकने एवं दिशा देने तथा इसे हरमू नदी में गिरने से रोकने के लिए कोई मल-जल निकासी प्रणाली नहीं थी।

यद्यपि विभाग इस तथ्य से अवगत था कि राँची शहर में परिचालित कोई मल एवं जल निकास व्यवस्था मौजूद नहीं थी, कम जलग्रहण क्षेत्र (आईआईटी, मुंबई की सिफारिश पर 22.59 वर्ग किमी के बजाय 8.49 वर्ग किमी) के अनुमोदन ने केवल 8.49 वर्ग किमी के सीमित जलग्रहण क्षेत्र से नदी में प्रवाह का आकलन किया। हालाँकि, नदी के पूरे जलग्रहण क्षेत्र (22.59 वर्ग किमी) में फैले अप्रयुक्त (जल निकासी प्रणाली से बिना जुड़े) प्रवेशिकाओं के माध्यम से नदी में मल-जल के निरंतर प्रवाह ने बारिश के मौसम (जुलाई 2016 और जुलाई 2017) में गंभीर क्षति पहुँचाई, जो नदी के जलग्रहण-क्षेत्र को तय करने में कमियों के साथ-साथ विभाग द्वारा लिए गए मल एवं जल निकास कार्यों के साथ नदी के जीर्णोद्धार कार्यों में तालमेल की कमियों को उजागर करता था। इसके बाद, संवेदक द्वारा जलग्रहण क्षेत्र को बढ़ाकर 19.51 वर्ग किमी कर दिया गया जिसे दिसंबर 2016 और अप्रैल 2017 के बीच एनआईटी, जमशेदपुर द्वारा अनुमोदित किया गया था।

विभाग ने कहा (जुलाई 2022) कि जीर्णोद्धार एवं संरक्षण परियोजना का दायरा 8.49 वर्ग किमी के जलग्रहण-क्षेत्र में इस बात पर आधारित था कि 8.49 वर्ग किमी के

जलग्रहण क्षेत्र के बाहर उत्पन्न मल-जल (14.10 वर्ग किमी) का उपचार सीवरेज एवं ड्रेनेज परियोजना करेगी।

जवाब युक्तिसंगत नहीं है, क्योंकि विभाग ने शहर के लिए एकीकृत सीवरेज प्रणाली की योजना नहीं बनाई थी। हरमू नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण की परिकल्पना को 8.49 वर्ग किमी तक सीमित करके और शेष 14.10 वर्ग किमी में मल-जल उत्पादन का एक अन्य परियोजना (मल एवं जल निकास परियोजना) के माध्यम से ध्यान रखने की बात किसी भी साक्ष्य यथा डीपीआर आदि से समर्थित नहीं था। इसके अलावा, यह सीपीएचईईओ संहिता का उल्लंघन था, जो कुल सहायक-नदी क्षेत्र (22.59 वर्ग किमी) के आधार पर मल-जल निकास क्षमता को रूपांकित करना निर्धारित करता है।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसा को ध्यान में रखते हुए एवं नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.5.2 सीवर प्रणाली का रूपांकन

सीपीएचईईओ नियमावली के अनुसार, पारंपरिक गंदे नालों की रूपांकन अवधि आधार वर्ष से 30 वर्ष होनी चाहिए। संहिता की ***कंडिका 3.5*** के तहत यह आवश्यक है कि हाइड्रोलिक रेखांकन के प्रयोजन के लिए अनुमानित अधिकतम प्रवाह को अपनाया जाए। तीस वर्षों के रूपांकन अवधि (आधार वर्ष 2018 एवं अंतिम वर्ष 2048 के साथ) को ध्यान में रखते हुए हरमू नदी के लिए मल-जल निकास प्रणाली को अंतिम वर्ष 2048 को लेकर रूपांकित किया जाना चाहिए था।

आईआईटी, मुंबई ने नदी के किनारे के घरों, छः प्रवेशिकाओं और 33 शौचालय खंडो से उत्पन्न मल-जल के प्रवाह को ध्यान में रख कर भूमिगत जल निकासी प्रणाली के हाइड्रोलिक रूपांकन की जाँच की तथा अंतिम वर्ष 2048 के लिए 22.15 एमएलडी के अधिकतम मल-जल उत्पादन, जिसे सीधे हरमू नदी में छोड़ा जाएगा, का अनुमान (अक्टूबर 2015) लगाया। इस प्रवाह के आधार पर, आईआईटी, मुंबई ने भूमिगत जल निकासी प्रणाली में 18,985 मीटर (17,254 मीटर 300 मिमी व्यास पाइप और 1,731 मीटर 450 मिमी व्यास पाइप) सीवर लाइन (मैनहोल को छोड़कर) की सिफारिश की। परियोजना निदेशक (तकनीकी), जुडको द्वारा इन सुझावों को अनुमोदित किया गया था तथा इन रूपांकन के आधार पर कार्य निष्पादित किए गए थे। हालाँकि, बारिश के मौसम (जुलाई 2016 और जुलाई 2017) के दौरान भारी बहाव के कारण, नदी के अनुप्रस्थ-काट के कार्य क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसमें आठ अतिरिक्त प्रमुख प्रवेशिकाओं से बहाव पाया गया था। अतः, संवेदक द्वारा दिसंबर

2016 और अप्रैल 2017 के बीच रूपांकन को पुनरीक्षित किया गया था तथा एनआईटी, जमशेदपुर द्वारा जाँच किया गया था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि, पुनरीक्षित रूपांकन में इन प्रवेशिकाओं (14 प्रवेशिकाओं) का जलग्रहण क्षेत्र 3.29 वर्ग किमी से बढ़ाकर 14.31 वर्ग किमी कर दिया गया तथा अंतिम वर्ष के लिए अधिकतम मल-जल प्रवाह को 22.15 एमएलडी से बढ़ाकर 47.12 एमएलडी[16] कर दिया गया। हालाँकि, एनआईटी, जमशेदपुर ने मल-जल में वृद्धि के तदनुरूप प्रभाव का ध्यान, 150 मीटर[17] की लंबाई को छोड़कर सम्पूर्ण मल-जल निकास प्रणाली (20.8 किमी लंबी) की चौड़ाई पर नहीं रखा था।

इससे पता चला कि मल-जल निकासी प्रणाली को रूपांकित करने एवं कार्य शुरू करने से पहले या बाद में उचित सर्वेक्षण और जाँच नहीं की गई थी। विभाग के मुख्य अभियंता द्वारा अनुमोदन प्रदान करने से पहले, आईआईटी, मुंबई द्वारा जांचित पुनरीक्षित रूपांकन (एक राइडर के साथ) की जाँच नहीं की गई थी। जल निकास प्रणाली के आयामों पर अतिरिक्त मल-जल के प्रवाह के प्रभाव, जिसे एनआईटी, जमशेदपुर द्वारा छोड़ दिया गया था, की भी जाँच विभाग के मुख्य अभियंता द्वारा नहीं की गई थी। इस प्रकार, विभाग के मुख्य अभियंता अनिवार्य जाँच करने में विफल रहे, जिसके कारण परियोजना के रूपांकन, रेखांकन, निर्माण और कार्यकाज में चूक और कमियों की एक श्रृंखला ***(कंडिका 4.5.1, 4.5.3 और 4.6)*** बन गई।

लेखापरीक्षा ने संबंधित संचिकाओं से देखा कि एसटीपी मे उपचार हेतु, मल-जल के निपटान के लिए केवल नौ[18] (14 प्रमुख प्रवेशिकाओं में से) स्त्रोत सीवर लाइन से जुड़े थे। प्रवेशिका से सीवर लाइन एवं सीवर लाइन से एसटीपी के संयोजन का एक चित्रात्मक प्रतिरूप (लेखापरीक्षा द्वारा तैयार) **चित्र-4.3** में दिखाया गया है।



चित्र 4.3: प्रवेशिका को सीवर प्रणाली से एवं सीवर प्रणाली का एसटीपी से संयोजन

---

[16] *प्रवेशिका से बहने वाला मल-जल: 32.43 एमएलडी, नदी के किनारे के घरों से उत्पादित मल-जल (नदी के दोनों ओर 250 मीटर): 12.97 एमएलडी और प्रस्तावित 33 शौचालय खंडों से उत्पादित मल-जल: 1.72 एमएलडी*

[17] *एसटीपी 1 से जोड़ने के लिए मुक्तिधाम के पास मैनहोल 63 और 67 के बीच, जहाँ सीवर लाइन की चौड़ाई 350 मिमी से बढ़ाकर 800-900 मिमी की गई थी*

[18] *1, 1ए, 2, 3, 3ए, 3बी, 3सी, 5 और 6*

प्रवेशिका का सीवर प्रणाली से संयोजन का रूपांकन एक कूबड़ (हम्प) जैसी संरचना से गुजरने के लिए किया गया था ताकि प्रवेशिकाओं से अतिरिक्त प्रवाह (यानी सीवर लाइन की क्षमता से अधिक निर्वहन) कूबड़ को पार कर सीधे नदी में गिर जाए। बारिश के मौसम में सीवर प्रणाली को वर्षा जल के अत्यधिक प्रवाह से बचाने के लिए इस तरह के रूपांकन को अपनाया गया था।

लेखापरीक्षा ने संबंधित कार्यों की संचिकाओं से तथा जुड्को के अभियंताओं के साथ इन प्रवेशिकाओं के स्थल सत्यापन के दौरान पाया कि शुष्क मौसम (मार्च 2021) के दौरान भी 14 प्रमुख प्रवेशिकाओं में से नौ से प्रवाह कूबड़ संरचना के ऊपर से हो रहा था और नदी में गिर रहा था। शेष पाँच प्रमुख प्रवेशिकाएँ[19] सीवर लाइन से नहीं जुड़ी थीं और सीधे नदी में मल-जल प्रवाहित कर रही थीं। यह इंगित करता था कि सीवरेज प्रणाली एवं इसकी संरचना का रूपांकन दोषपूर्ण था और यह न तो प्रवेशिका स्रोतों से मल-जल के निर्वहन को न ही बाधित कर सकता था और न ही इसे नदी में उत्सर्जित होने से रोक सकता था।

प्रमुख प्रवेशिकाओं के दो मामलों का अध्ययन (एक सीवर प्रणाली से जुड़ा था तथा दूसरा किसी भी सीवर प्रणाली से जुड़ा नहीं था), यह इंगित करने के लिए कि अक्टूबर 2018 में परियोजना का कार्य पूर्ण होने के बाद प्रवेशिकाओं ने वास्तव में कैसे काम किया, नीचे प्रस्तुत किया गया है।

<u>केस स्टडी 4.2</u>

संयुक्त भौतिक सत्यापन (मार्च 2021) के दौरान लेखापरीक्षा ने देखा कि दो प्राथमिक वर्षा जल-नालों (प्रवेशिका 1 और 1ए के रूप में वर्गीकृत) को हरमू नदी के मुक्तिधाम के पास रोक दिया गया था और भूमिगत सीवर प्रणाली से जोड़ा गया था (बाईं ओर चेनेज 0-2050 मीटर)। नालों से अतिरिक्त मल-जल (यानी सीवर प्रणाली की क्षमता से अधिक मल-जल प्रवेशिका और सीवर प्रणाली के मिलन बिंदु पर) सूखे मौसम (मार्च 2021) के दौरान भी सीधे हरमू नदी में बहता हुआ पाया गया। ये नाले क्रमशः हेहल पहाड़, रातू मार्ग और पहाड़ी मंदिर के पास शुरू हुए तथा मल जल, ठोस अपशिष्ट आदि को लगभग 1.30 किमी से 3.32 किमी (4.3 वर्ग किमी के जलग्रहण क्षेत्र को आच्छादित करते हुए) की दूरी से वहन कर लाए। लेखापरीक्षा विश्लेषण के अनुसार, इन नालों से बहने वाले मल-जल के उपचार के लिए चार एमएलडी के एसटीपी की आवश्यकता थी ***(परिशिष्ट 4.2)***। हालाँकि, ये नाले भूमिगत सीवर प्रणाली के माध्यम से एसटीपी 1 (1.5 एमएलडी) से जुड़े थे, जो मल-जल को रोकने और इसे नदी में उत्सर्जित करने से पहले इसका उपचार करने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

[19] *4, 6ए, 6बी, 6सी और 6डी*

परिणामस्वरूप, आईआईटी, मुंबई, बीआईटी, मेसरा और एनआईटी, जमशेदपुर द्वारा रूपांकनों की जाँच के बावजूद अतिरिक्त मल-जल को बिना किसी उपचार के सीधे हरमू नदी में उत्सर्जित किया जा रहा था। इसने नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के मूल उद्देश्य को विफल कर दिया।



चित्र 4.4: शुष्क मौसम (मार्च 2021) में अधिप्रवाहित प्रवेशिका 1

<u>केस स्टडी 4.3</u>

हरमू नदी की एक सहायक नदी, अरगोड़ा नाला (एक प्राथमिक नाला, प्रवेशिका 4 के रूप में वर्गीकृत) हरमू नदी से 9.17 किमी दूर अरगोड़ा बाईपास मार्ग के पास से निकलती है और निवारणपुर के पास नदी से मिलती है। संयुक्त भौतिक सत्यापन (4 मई 2022) के दौरान, लेखापरीक्षा ने देखा कि इसका मिलन बिंदु तपोवन खंड ***(कंडिका 4.6.1)*** में स्थित था, जहाँ किसी भूमिगत सीवर प्रणाली का निर्माण नहीं किया गया था। सीवर प्रणाली के अभाव में, नाला अपने जलग्रहण क्षेत्र (0.64 वर्ग किमी) से मल-जल (0.47 एमएलडी) का बहाव कर रहा था और इसे सीधे हरमू नदी में उत्सर्जित कर रहा था। इसके अलावा, विशेष रूप से गौरीशंकर नगर, डोरंडा में अरगोड़ा नाले पर अनधिकृत खटालों[20] द्वारा कब्जा कर लिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप गोबर एवं अन्य ठोस अपशिष्ट आदि की एक प्रचुर मात्रा सीधे नाले में उत्सर्जित हो रही थी। अरगोड़ा नाला इस अनुपचारित मल-जल को हरमू नदी में उत्सर्जित कर रहा था, जिससे उसका पानी दूषित हो रहा था। इसलिए, सरकार को अतिक्रमणकारियों को हटा कर वर्षा जल नालों (अरगोड़ा नाला) में मल-जल, गोबर, ठोस अपशिष्ट आदि के बहाव को रोकने; प्रवेशिकाओं की नियमित अंतराल पर सफाई सुनिश्चित करने; उपग्रहीय चित्रों के माध्यम से क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित करने तथा तपोवन में हरमू नदी से मिलने से पहले अरगोड़ा नाले पर ही एक एसटीपी बनाने पर विचार करने हेतु तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

[20] *गायों और भैंसों के लिए शेड*

चित्र 4.5: प्रवेशिका 4 के माध्यम से हरमू नदी में सीधे मल-जल का निर्वहन

विभाग ने कहा (जुलाई 2022) कि मल एवं जल निकास परियोजना के कार्यान्वयन के बाद, हरमू नदी में मल-जल के अतिरिक्त प्रवाह (अर्थात रूपांकन क्षमता से अधिक मल जल) को सीमित कर दिया जाएगा।

जबाब युक्तिसंगत नहीं है क्योंकि: (i) विभाग ने ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया कि मल एवं जल निकास परियोजना को हरमू नदी के प्राकृतिक प्रवेशिका से आने वाले प्रवाह को ध्यान में रख कर रूपांकित किया गया है (ii) अतिरिक्त स्रोतों से बढ़े हुए प्रवाह के लिए चरण II की डीपीआर में अतिरिक्त एसटीपी प्रस्तावित थे, लेकिन भूमि की अनुपलब्धता के कारण इन्हें हटा दिया गया था, (iii) 14 प्रमुख प्रवेशिकाओं में से नौ को कम क्षमता वाली सीवरेज प्रणाली से जोड़ा गया था, जिसे केवल छः प्रमुख प्रवेशिकाओं से संयोजन के लिए रेखांकित किया गया था।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए तथा नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव-अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.5.3 एसटीपी का रूपांकन

4.5.3.1 कम क्षमता वाले एसटीपी का रूपांकन

सीपीएचईईओ संहिता के कंडिका 2.5 के अनुसार, एसटीपी का रूपांकन अवधि आधार वर्ष से 15 वर्ष होनी चाहिए। जैसा कि हरमू नदी की सीवरेज प्रणाली का आधार वर्ष

2018 था, एसटीपी का रूपांकन मध्यवर्ती वर्ष 2033 के लिए होना चाहिए था। मध्यवर्ती वर्ष (2033) के लिए अधिकतम/औसत मल-जल उत्पादन **तालिका 4.4** में दिखाया गया है।

तालिका 4.4: कुल मल-जल उत्पादन की तुलना

विवरण	मध्यवर्ती वर्ष (2033) के लिए लेखापरीक्षा द्वारा संगणित उच्चतम/औसत (एमएलडी में) (परिशिष्ट 4.2)	मध्यवर्ती वर्ष (2033) के लिए आईआईटी, मुंबई द्वारा जाँचित प्राक्कलन। उच्चतम/औसत (एमएलडी में)
प्रवेशिकाओं से बहता हुआ मल-जल	26.41/13.20	6.08/3.02
नदी के किनारे के घरों (नदी के दोनों ओर 250 मीटर) से उत्पन्न होने वाली मल-जल की संभावना	10.55/5.28	10.55/5.28
प्रस्तावित 33 शौचालय खंडों से मल-जल उत्पन्न होने की संभावना	1.72/1.72	1.72/1.72
कुल	38.68/20.20	18.35 /10.02
नोट- उच्चतम /औसत मल-जल उत्पादन की मात्रा में अंतर का मुख्य कारण आईआईटी, मुंबई द्वारा छः प्रवेशिकाओं एवं लेखा परीक्षा द्वारा 14 प्रवेशिकाओं के जलग्रहण क्षेत्र को लेना था।		

लेखापरीक्षा ने देखा कि सलाहकार, जिसने डीपीआर तैयार किया था, ने 11.50 एमएलडी की कुल क्षमता वाले आठ एसटीपी की सिफारिश की थी। संवेदक ने इसे जाँच के लिए बीआईटी, मेसरा को प्रस्तुत किया। अपनी प्रारंभिक जाँच प्रतिवेदन (जनवरी 2016) में, बीआईटी, मेसरा ने सलाहकार द्वारा एसटीपी की क्षमता की गणना के लिए अपनाई गई रूपांकन अवधि, रूपांकन आधार एवं विधि को मंजूरी नहीं दी। बीआईटी, मेसरा ने सलाह दी कि इन मुद्दों को ग्राहक (जुडको) द्वारा जाँचा जाना चाहिए।

लेखापरीक्षा ने मल-जल की बढ़ी हुई मात्रा के उपचार के लिए आवश्यक एसटीपी की कुल क्षमता (आठ अतिरिक्त प्रवेशिकाओं की पहचान के बाद जलग्रहण क्षेत्र में हुई वृध्दि के कारण) की गणना की और पाया कि डीपीआर में अनुमोदित (केवल छः प्रवेशिकाओं पर विचार करने के आधार पर) 11.50 एमएलडी के एसटीपी के बजाय 20.20 एमएलडी (8.70 एमएलडी की अतिरिक्त क्षमता की) की कुल क्षमता की एसटीपी की आवश्यकता थी। जुडको ने भी 10.5 एमएलडी क्षमता के अतिरिक्त एसटीपी (अतिरिक्त प्रवेशिका स्रोतों को ध्यान में रखते हुए) की आवश्यकता का आकलन किया (फरवरी 2018) था, लेकिन भूमि की अनुपलब्धता के कारण इस प्रस्ताव को त्याग दिया गया।

इस प्रकार, अल्प क्षमता वाले एसटीपी की स्थापना के कारण अनुपचारित मल-जल को सीधे नदी में उत्सर्जित किया जा रहा है।

विभाग ने कहा (जुलाई 2022) कि प्रस्तावित राँची मल एवं जल निकास परियोजना के तहत अतिरिक्त प्रवेशिकाओं का ध्यान रखा जाना था और एक बार इसके चालू हो जाने के बाद, अतिरिक्त प्रवेशिकाओं से मल-जल के प्रवाह का ध्यान रखा जाएगा।

जबाब संतोषजनक नहीं है, क्योंकि (i) 10.5 एमएलडी क्षमता के अतिरिक्त एसटीपी का त्याग भूमि की अनुपलब्धता के कारण किया गया था न कि इनका राँची सीवरेज योजना द्वारा ध्यान रखने हेतु प्रस्तावित किए जाने के कारण; (ii) विभाग का यह दावा, कि मल एवं जल निकास परियोजना के माध्यम से अतिरिक्त प्रवेशिका से मल-जल की देखभाल की जाएगी, का डीपीआर आदि जैसे किसी भी साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं था; और (iii) विभाग ने शहर के लिए मल एवं जल निकास परियोजना और हरमू नदी परियोजनाओं के बीच किसी भी एकीकरण की योजना नहीं बनाई थी।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए और नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव-अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.5.3.2 एसटीपी के घटकों का रूपांकन

स्वीकृत रूपांकन के अनुसार, सीवर प्रणाली के माध्यम से बहने के बाद मल-जल को एसटीपी के प्रारंभिक संग्रह टैंक (आईसीटी) में एकत्र किया जाना है। तत्पश्चात, तैरने वाले पदार्थ, जैसे कि पाउच, दूध के प्लास्टिक के पैकेट, किराने की थैलियों आदि को स्क्रीन चैंबर में छानना होता है और मल-जल को स्लुइस गेट के माध्यम से प्रारंभिक निपटान टैंक (पीएसटी) में प्रवेश करना होता है, जहाँ इसका प्रतिधारण समय (रिटेनसन पीरियड) 48 घंटा होता है। फिर, मल-जल को मल-जल उठाने वाले पंपों के माध्यम से पीएसटी से फाइटोरिड बेड में पंप किया जाता है, जहाँ इसे छानने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अगले 48 घंटों के लिए रखा जाता है। इसके बाद, छाने गए पानी को क्लोरीनेशन के लिए संग्रह टैंक में एकत्र किया जाना है। उपचारित पानी को फिर नदी में छोड़ दिया जाता है या पुन: उपयोग किया जाता है। लेखापरीक्षा द्वारा तैयार एसटीपी के रूपांकन का सचित्रण **चित्र 4.6** में दिखाया गया है।



चित्र 4.6: एसटीपी का रूपांकन

सीपीएचइइओ संहिता[21] के अनुसार, प्राथमिक निपटान टैंक (पीएसटी) और फाइटोरिड बेड में 48 घंटे के लिए अपशिष्ट जल को रखने के लिए, इन दो संरचनाओं का आकार एसटीपी की प्रतिदिन निस्पंदन क्षमता का दोगुना होना चाहिए। इस प्रकार, डीपीआर के अनुसार 11.5 एमएलडी अपशिष्ट जल के उपचार के लिए, उनकी क्षमता 23,000 क्यूबिक मीटर (मी^{3}) होनी चाहिए ताकि 23 एमएलडी (11.5 एमएलडी*2) अपशिष्ट जल को 48 घंटे तक रखा जा सके।

(i) एसटीपी के पीएसटी और फाइटोरिड बेड की कम क्षमता

सात एसटीपी (10 एमएलडी क्षमता[22]) में, लेखापरीक्षा ने देखा कि अपशिष्ट जल को रखने के लिए 20,000 मी^{3} के प्रत्येक प्राथमिक निपटान टैंक (पीएसटी) और फाइटोरिड बेड प्रदान करने के बजाय इन संरचनाओं को पीएसटी के लिए 5,399.68 मी^{3} और फाइटोरिड बेड[23] के लिए 7,734.24 मी ^{3} की कुल क्षमता के लिए रेखांकन और निर्माण किया गया था। इसके परिणामस्वरूप पीएसटी की क्षमता (14,600.3 मी^{3} से) कम और फाइटोरिड बेड (कम से कम 12,265.76 मी^{3} से) कम का रूपांकन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिधारण घंटों में कमी आई। बीआईटी, मेसरा ने भी अपनी शुरुआती जाँच प्रतिवेदन में पीएसटी और फाइटोरिड बेड की क्षमता बढ़ाने का सुझाव दिया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इस प्रकार, सीपीएचईईओ संहिता में निर्दिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार एसटीपी का रेखांकन एवं निर्माण नहीं किया गया था।

---

21 प्रतिधारण समय = टैंक का आयतन (मी^{3})/मल-जल प्रवाह (मी^{3}/दिन)

22 1.5 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी-3 का निर्माण नहीं किया गया था, क्योंकि जमीन उपलब्ध नहीं थी।

23 बजरी, पौधों एवं अपशिष्ट जल के लिए खाली जगहों से संघनित

लेखापरीक्षा ने (अक्टूबर 2021) एसटीपी-2 (क्षमता 1 एमएलडी) का संयुक्त भौतिक सत्यापन किया और पाया कि इसमें दो फाइटोरिड बेड थे, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 571.20 $मी^3$ थी। एसटीपी-2 के मोटर ऑपरेटर ने परियोजना अभियंता की उपस्थिति में लेखापरीक्षा को सूचित किया कि पंप (46 घन मीटर प्रति घंटा की क्षमता वाला) तीन चरणों में (सुबह 8 से 9.30 बजे तक, दोपहर को 12 बजे से 1.30 बजे तक और शाम को 4 से 5.30 बजे तक) चलाया जा रहा था। उसने आगे बताया कि डेढ़ घंटे तक मोटर चलने के बाद एक फाइटोराइड बेड भर जाता है।.

इस प्रकार, डेढ़ घंटे में, मोटर केवल 69 $मी^3$ (46 $मी^3$ x 1.5 घंटे) अपशिष्ट जल को पंप कर सकती है, यह दर्शाता है कि मल-जल के लिए केवल 69 $मी^3$ की खाली जगह थी, बाकी बजरी, बोल्डर और पौधों द्वारा स्थान घेरा गया था। इसके अलावा, दो से तीन घंटे के भीतर, मल-जल गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से एसटीपी के पहले फाइटोरिड बेड से दूसरे फाइटोरिड बेड तक चला गया। इस प्रकार, एसटीपी में अपशिष्ट जल के लिए अधिकतम प्रतिधारण समय 48 घंटों के स्थान पर साढ़े चार घंटे था। इसके अलावा, एसटीपी-2 प्रति दिन एक एमएलडी अपशिष्ट जल के बजाय केवल 0.207 एमएलडी (69∗3 = 207 $मी^3$ पानी यानी 2,07,000 लीटर) का निष्पंदन कर सकता है।

इस प्रकार, एसटीपी रेखांकन के अनुसार काम नहीं कर रहे थे, जो उपचारित पानी की गुणवत्ता परीक्षण प्रतिवेदन से स्पष्ट था, जैसा कि ***कंडिका 4.6.2.4*** में चर्चा की गई है।

(ii) एसटीपी के कम क्षमता वाले संग्रह टैंकों की स्वीकृति

बीआईटी, मेसरा ने अपनी प्रारंभिक जाँच प्रतिवेदन में सिफारिश की है कि एक एमएलडी के एसटीपी के लिए अंतिम संग्रह टैंक (उपचारित पानी के लिए) की क्षमता 41.7 $मी^3$/घंटा (41,700 लीटर प्रति घंटा ∗ 24 घंटे = 1.0008 एमएलडी) होनी चाहिए और 1.5 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के लिए क्षमता 62.5 $मी^3$/घंटा (62,500 लीटर प्रति घंटा∗24 घंटे = 1.5 एमएलडी) होनी चाहिए।

इसके विपरीत, जुडको ने प्रत्येक एसटीपी के लिए अंतिम संग्रह टैंक की क्षमता के रूप में 60 $मी^3$ प्रति घंटा की मंजूरी दी। इस प्रकार, 1.5 एमएलडी क्षमता (एसटीपी 1, 3 और 5) के लिए 62.5 $मी^3$ प्रति घंटा और 2 एमएलडी (एसटीपी 4 और 6) के लिए 83.34 $मी^3$/घंटा के बजाय, 60 $मी^3$ की कम क्षमता को मंजूरी दी गई, जिससे एसटीपी में उपचारित पानी के अतिप्रवाह का जोखिम होता है।

(iii) एसटीपी में गाद प्रबंधन का अभाव

बीआईटी, मेसरा ने कहा कि आठ एसटीपी के रेखांकन में पीएसटी (प्राथमिक उपचारित गाद), फाइटोरिड बेड और संग्रह टैंक से ठोस (गाद) प्रबंधन की कोई गुंजाइश नहीं थी।

संयुक्त भौतिक सत्यापन (अक्टूबर 2021) के दौरान, लेखापरीक्षा ने एसटीपी-5 के पहले कक्षों में और एसटीपी-5 के स्क्रीन कक्ष के सामने ठोस (गाद) जमा देखा, जैसा कि **चित्र 4.7** में दिखाया गया।

चित्र 4.7: ठोस निक्षेपों से भरा एसटीपी-5 का स्क्रीन कक्ष और एसटीपी-5 के सामने का कक्ष

स्थल सत्यापन के दौरान लेखापरीक्षा के साथ आए अभियंताओं ने बताया कि इन ठोस अपशिष्टों की नियमित रूप से सफाई की जा रही है। हालाँकि, स्वीकृत गाद प्रबंधन तकनीक और गाद के निपटान के तरीके के बारे में लेखापरीक्षा को नहीं बताया जा सका।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए और नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव-अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.5.4 नदी के अनुप्रस्थ-काट एवं तटबंधों का रेखांकन

आईएस 12094: 2000 (नदी तटबंधों की योजना और रेखांकन के लिए दिशा-निर्देश) के खंड 3.2 (सुरक्षा का स्तर) के अनुसार, विभिन्न बाढ़ आवृत्तियों[24] के लिए तटबंध की ऊंचाई और संबंधित लागत और लाभ-लागत अनुपात को, संभावित नुकसान को ध्यान में रखते हुए गणना किया जाना चाहिए। अधिकतम लाभ-लागत अनुपात उत्पन्न करने वाली सुरक्षा के स्तर को अपनाया जाना चाहिए। जब तक सभी

[24] *बाढ़-आवृत्ति का अर्थ सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर वर्षों की वह अवधि है, जिसके दौरान किसी घोषित परिमाण की बाढ़ के बराबर या उससे अधिक होने की उम्मीद की जा सकती है।*

प्रासंगिक मापदंडों का विवरण उपलब्ध नहीं हो जाता है, तब तक शहरों की सुरक्षा से संबंधित कार्यों के लिए, 100 वर्षों की बाढ़ आवृत्ति के लिए तटबंध योजनाएं तैयार की जानी चाहिए।

लेखापरीक्षा में देखा गया कि सलाहकार/संवेदक ने हरमू नदी के तटबंधों को रेखांकन करने के लिए लाभ-लागत अनुपात की गणना नहीं की थी और 100 वर्षों की बाढ़-आवृत्ति को ध्यान में रखने के बजाय, नदी का अनुप्रस्थ-काट (चेनेज 0-10,400 मीटर) 25 साल की वापसी अवधि[25] के लिए रेखांकित किया गया था। लगातार दो मानसून मौसमों के दौरान नदी के खंड[26] के क्षतिग्रस्त होने के बाद, क्षतिग्रस्त-खंड के नदी के अनुप्रस्थ-काट, उर्ध्वप्रवाह खंड[27] के साथ, ₹ 10.58 करोड़ की लागत से फिर से रेखांकित किए गए, जिसमें गैबियन कार्य, बोल्डर पिचिंग और नदी तल में क्रेटेड एप्रन द्वारा खंड को चौड़ा करना शामिल था, जो कि 50 साल की वापसी अवधि के आधार पर था। पुनरीक्षण में भी, निर्दिष्ट मानदंडों का उल्लंघन करते हुए, 100 वर्षों की बाढ़ आवृत्ति पर विचार नहीं किया गया था।

जुडको ने बताया कि मुख्य नुकसान, विशेष रूप से नदी के तल की स्कावर और नदी के कटाव, प्रवेशिकाओं से भारी बहाव और बाढ़ के प्रवाह के कारण हुआ था। लेखापरीक्षा विश्लेषण ने नदी के अनुप्रस्थ-काट के रेखांकन में निम्नलिखित कमियों का खुलासा किया।

4.5.4.1 संकीर्ण नदी अनुप्रस्थ-काट का रेखांकन

हरमू नदी के अनुप्रस्थ-काट का रेखांकन शुष्क मौसम प्रवाह, मानसून प्रवाह और 25 साल की वर्षा वापसी अवधि के लिए बाढ़ निर्वहन[28] को समायोजित करने के लिए किया गया था। रेखांकन इस आधार पर बनाया गया था कि नदी के अनुप्रस्थ-काट पिछले 25 वर्षों के दौरान देखे गए उच्चतम बाढ़ बहाव के बराबर किसी भी बहाव को सुरक्षित रूप से समायोजित करने में सक्षम होना चाहिए।

यह सुनिश्चित करने के लिए आई.आई.टी., मुंबई ने बाढ़ के बहाव के आकलन के लिए तर्कसंगत सूत्र[29] का उपयोग किया, जो नदी के जलग्रहण-क्षेत्र[30] से अपवाह को

---

[25] *25 वर्षों की अवधि में सर्वाधिक बाढ़ की संभावना।*

[26] *चेनेज का क्षति होना: जुलाई 2016 में 1900 -2040 मी और जुलाई 2017 में 2069 -4068 मी*

[27] *चेनेज 1900- 2040 मी, 2040 -2180 मी, 2069 -4068 मी, 4630 -4883 मी, 6950-7800 मी, 7800 - 8500 मी*

[28] *नदी के मार्ग के माध्यम से बहने वाले पानी की मात्रा*

[29] *बाढ़ के बहाव का अपवाह के गुणांक के विधि से गणना क्यू= 10 सीआइए, जहाँ क्यू= जलग्रहण से अपवाह (मी^{3}/घंटा), सी: अपवाह का गुणांक, आइ= वर्षा की तीव्रता, ए= जल निकासी का क्षेत्रफल, हेक्टेयर में।*

[30] *जलग्रहण-क्षेत्र से अपवाह वर्षण का वह भाग है जो जमीन के ऊपरी हिस्से से बह कर नदी में पहुँच जाता है। यह अपवाह के गुणांक पर निर्भर करता है।*

दर्शाता है। यह तीन कारकों के गुणन द्वारा प्राप्त किया गया था -अपवाह का गुणांक[31], जलग्रहण क्षेत्र और वर्षा की तीव्रता[32]।

आईआईटी, मुंबई ने विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सलाहकार (टीयूएसपीएल) के साथ एक बैठक (जुलाई 2014) में कहा (जुलाई 2014) कि एक विकसित क्षेत्र में अपवाह (वर्षा-जल के लिए) का गुणांक 0.95 होना चाहिए। हालाँकि, अंतिम जाँच प्रतिवेदन (अक्टूबर 2015) में आईआईटी, मुंबई ने भारित औसत के आधार पर अपवाह के गुणांक को घटाकर 0.29 इस आधार पर कर दिया कि नदी के विस्तार में अन्य क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्र बहुत कम था। इसके अलावा, पुनरीक्षण एक शर्त के साथ किया गया था कि शहरीकरण में वृद्धि के साथ अपवाह के गुणांक का मान बदल सकता है और तदनुसार जुडको को 10 से 15 वर्षों के बाद इसे संशोधित करना चाहिए।

लेखापरीक्षा में देखा गया कि आईआईटी, मुंबई का अवलोकन किसी विशेष तर्क द्वारा समर्थित नहीं था क्योंकि नदी के फैलाव (नदी की 17.8 किमी लंबाई में से) का 10.4 किमी (2,259 हेक्टेयर जलग्रहण क्षेत्र) शहरी क्षेत्र के अंदर था (जिसमें ज्यादातर शहर के फुटपाथ, यानि, कंक्रीट संरचनाएं शामिल थीं), जिसके लिए एक भारित औसत (एक मिश्रित प्रकृति[33] वाली मिट्टी के लिए अपवाह के विभिन्न गुणांक) की आवश्यकता नहीं थी। इसलिए, अपवाह के गुणांक को विभिन्न चेनेज के लिए मिट्टी की प्रकृति, शहरीकरण और कंक्रीट संरचनाओं की सीमा के आधार पर गणना करना चाहिए था।

आईआईटी, मुंबई की पुनरीक्षण प्रतिवेदन में गणना की गई नदी के वास्तविक रूपांकन बहाव और रूपांकन निर्वहनकी गणना जिसे बाद में जुडको द्वारा एनआईटी, जमशेदपुर को पुनरीक्षण, के लिए अग्रेषित (जुलाई 2017) किया गया (सलाहकार-आई के वर्ल्डवाइड के आँकड़ों के आधार पर परियोजना के चरण II की डीपीआर तैयार करने के लिए नियुक्त), की तुलना जो कि, **तालिका 4.5** में दर्शाया गया है।

---

31 सीपीएचईईओ संहिता एवं आईआरसी-एसपी-13-2004 के कंडिका 3.9 के अनुसार, यह जल निकासी क्षेत्र की अभेद्यता है (जो जमीन द्वारा पानी के अवशोषण को प्रतिबंधित करता है) पानी को नदी में जमीन के माध्यम से प्रवाहित करने की अनुमति देता है। यह नदी के जलग्रहण क्षेत्र में विरल रूप से सघन रूप तक निर्मित क्षेत्रों के लिए 0.10 से 0.90 तक परिवर्तित होता है।

32 वर्षा की तीव्रता = कुल वर्षा (सेंटीमीटर में)/वर्षा का समय अंतराल।

33 आईआरसी-एसपी 13 के अनुसार, मिट्टी जिसमें-नंगे चट्टान एवं शहर के फुटपाथ शामिल हैं, का अपवाह का गुणांक 0.90 है, पठार (0.70-0.80), चिकनी मिट्टी (0.50-0.60), दोमट (0.30-0.40) और रेतीली मिट्टी (0.10-0.20) है।

तालिका 4.5: आईआईटी, मुंबई की पुनरीक्षण प्रतिवेदन में गणना की गई नदी के बहाव और जुडको द्वारा एनआईटी, जमशेदपुर को अग्रेषित रेखांकन बहाव की गणना के बीच तुलना।

चेनेज[34] (मी)	रूपांकन बहाव मी^{3}/सेकंड में			
	(25 - वर्ष वापसी अवधि)		50 - वर्ष वापसी अवधि	100- वर्ष वापसी अवधि
	आई.आई.टी. मुंबई (प्रतिवेदन)	जुडको द्वारा एनआईटी को अग्रेषित रेखांकन बहाव की गणना		
0 मीटर से 843 मीटर पहले	24.34	56.26	64.99	73.73
0	30.07	-	-	
2050	32.94	84.38	97.49	110.60
चेनेज 10,400[35]	64.11	177	206	235

जैसा कि तालिका से देखा जा सकता है, आईआईटी, मुंबई द्वारा गणना की गई 25 वर्ष की वापसी अवधि के लिए रूपांकन निर्वहन, जुडको द्वारा एनआईटी, जमशेदपुर को अग्रेषित रूपांकन बहाव की गणना से बहुत कम था। इन कम बताए गए बहाव के आधार पर, आईआईटी, मुंबई ने नदी के 10.4 किमी शहरी विस्तार के लिए संकीर्ण नदी अनुप्रस्थ-काट (15.45 मी^{2} और 33.25 मी^{2} के बीच) प्रस्तावित किया। तदनुसार, मानसून के मौसम के दौरान विभिन्न खंडो में नदी के अनुप्रस्थ-काट क्षतिग्रस्त हो गए थे, जब वे भारी बाढ़ के बहाव के अधीन थे।

लेखापरीक्षा में देखा गया कि क्षतिग्रस्त खंडो के साथ-साथ ऊर्ध्वप्रवाह हिस्सों में नदी के अनुप्रस्थ-काट, बाद में, एनआईटी, जमशेदपुर द्वारा अलग-अलग खंडो (23.18 मी^{2} से 49.43 मी^{2} तक) में बाद में काफी हद तक बढ़ा दिया गया, जैसा कि ***परिशिष्ट 4.1*** में वर्णित है।

4.5.4.2 नदी के अनुप्रस्थ-काट का संशोधन

जुडको द्वारा एनआईटी, जमशेदपुर को भेजे गए रूपांकन बहाव का आधार मैसर्स आई.के. वर्ल्डवाइड (ग्रामीण खंड में दूसरे चरण की डीपीआर की तैयारी के लिए नियुक्त एक अन्य सलाहकार) द्वारा गणना किया गया रूपांकन बहाव था। लेखापरीक्षा में देखा गया कि मैसर्स आई के वर्ल्डवाइड ने तीन स्थानों पर रूपांकन बहाव की गणना की थी। इन स्थानों के समन्वय की जाँच से पता चला कि पहला स्थान शहरी फैलाव के शून्य बिंदु से 843 मीटर पहले, दूसरा स्थान मुक्तिधाम के पास और तीसरा स्थान नदी के अंतिम बिंदु पर था। एनआईटी, जमशेदपुर ने इन स्थानों की गलत व्याख्या की और मुक्तिधाम के पास नदी के अनुप्रस्थ-काट के संशोधन के लिए पहले स्थान (शहरी खंड के शून्य बिंदु से 843 मीटर पहले) के बहाव को लिया (जो कि उस बिंदु से 2,893 मीटर दूर था जिसे गलती से माना गया था)।

[34] *दूरी मापने के लिए एक काल्पिनक रेखा का प्रयोग किया जाता है।*

[35] *चेनेज 10,400 हरमू नदी के अंत बिंदु को दर्शाता है।*

इसके कारण रूपांकन बहाव (50 साल की प्रतिफल अवधि) को और कम करके आंका गया, क्योंकि विभिन्न पहुँच (जैसा कि **तालिका 4.5** में दिखाया गया है) को वास्तविक बहाव की तुलना में कम बहाव के लिए रूपांकित किए गए थे, जैसा कि **तालिका 4.6** में दर्शाया गया है:

तालिका 4.6: एनआईटी द्वारा कम बताए गए बहाव (50 साल की वापसी अवधि) के आधार पर नदी खंड का रूपांकन

चेनेज	संभावित स्थान	वास्तविक बहाव [36]	विचार किया गया बहाव	रूपांकित बहाव	अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल	चैनल की चौड़ाई
मीटर में				(मी³/सेकंड) में	मी² में	मीटर में
2100	मुक्तिधाम के पास	97.49	65	77.96	23.18	4.50
2130		97.49	65	83.54	24.95	5.0
2769-4068	हरमू बाईपास पुल और स्वर्णरेखा नदी के मिलन बिंदु के बीच	120	64.99	65.07	20.01	3.0
4068-6440		155	102.00	102.01	27.11	4.0
6440 -7818		170	118.00	118.02	40.00	6.0
7818-10400		206	137.00	137.10	49.19	7.0

लेखापरीक्षा द्वारा संयुक्त भौतिक सत्यापन (25 अक्टूबर 2021) के दौरान, जुडको के अभियंताओं के साथ नदी के बाईं ओर पुन: रूपांकित किए गए नदी के अनुप्रस्थ-काट का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त पाया गया था (प्रवेशिका 6बी और 6सी नदी के बीच लगभग 100 मीटर का नदी तट), जैसा कि **चित्र 4.8** में दिखाया गया है। परियोजना प्रबंधक, जो स्थल सत्यापन के लिए लेखापरीक्षा के साथ थे, ने कहा कि बरसात के मौसम में प्रवेशिका से भारी बहाव के कारण नुकसान हुआ था।

चित्र 4.8: प्रवेशिकाओं 6बी और 6सी के बीच बाईं ओर का क्षतिग्रस्त नदी तट

---

[36] नदी/बाढ़ बहाव, जिन पर एनआईटी, जमशेदपुर द्वारा 50 वर्ष की वापसी अवधि के आधार पर विचार किया जाना था।

इस प्रकार, कम बहाव के आधार पर, नदी के खंडों का रूपांकन, के कारण नदी के संकीर्ण खंडों का निर्माण हुआ। परिणाम स्वरूप, 50/100 साल की अवधि के लिए अधिकतम बहाव की स्थिति में, संपूर्ण नदी खंड (जैसा कि **तालिका 4.6** में उल्लिखित है) क्षति के जोखिम से भरा हुआ है।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए और नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव-अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.5.4.3 नदी की चौड़ाई कम होना

आईएस 12094:2000 **(**नदी तटबंधों की योजना और रूपांकन के लिए दिशा-निर्देश) के खंड 3.3.1 में यह निर्धारित किया गया है कि जहाँ तक संभव हो, तटबंधों को नदी के प्राकृतिक किनारों के चोटी (रिज़) पर संरेखित किया जाना चाहिए, जहाँ भूमि ऊंची हो और मिट्टी तटबंधों के निर्माण के लिए उपयुक्त हो। संरेखण को इस तरह से निर्धारित किया जाना चाहिए कि उच्च वेग प्रवाह, जो तटबंध सामग्री को नष्ट कर सकता है, इससे पर्याप्त रूप से दूर हो। हाइड्रोलिक मॉडल इस संबंध में उपयोगी दिशा-निर्देश हैं।

प्रारंभ में सर्वेक्षण किए गए नदी के वास्तविक अनुप्रस्थ काट के ब्यौरे/सूचना लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं की गई थी। वास्तविक अनुप्रस्थ काट की अनुपस्थिति में, लेखापरीक्षा ने जीर्णोद्धार कार्य से पहले (नवंबर 2004) की नदी की उपग्रहीय छवियों की तुलना, कार्य पूरा होने के बाद (जून 2021) की छवियों से की।

तुलना से पता चला कि मुक्तिधाम के पास कर्मा चौक पुल पर यांत्रिक हस्तक्षेप के माध्यम से नदी के प्राकृतिक प्रवाह को काफी हद तक (18.70 मीटर तक) कम कर दिया गया था, जैसा कि उपग्रहीय चित्रों में देखा जा सकता है **(चित्र 4.9)**।

छवि की तारीख: 28 नवंबर 2004, नदी के जीर्णोद्धार से पहले (औसत चौड़ाई: 28 मीटर)

छवि की तारीख: 3 जून 2021, नदी के जीर्णोद्धार पूरा होने के बाद (औसत चौड़ाई: 9.30 मीटर)

चित्र 4.9: नदी की उपग्रहीय छवियाँ (भौगोलिक समन्वय: 23^{0}21'52.15'N और 85^{0}18'29.75"E, मुक्तिधाम के पास कर्मा चौक पुल), नदी की चौड़ाई (110 मीटर के खंड में), 28 मीटर से 9.30 मीटर तक कम हो गई है

इस प्रकार, परियोजना पूर्ण होने के बाद नदी की औसत चौड़ाई परियोजना शुरू होने से पहले की चौड़ाई की तुलना में संकरी हो गई। लेखापरीक्षा द्वारा देखे गए प्रमुख कारणों में से एक संकीर्ण नदी अनुप्रस्थ काट का रेखांकन करना था, जैसा कि ***कंडिका 4.5.4.1 और 4.5.4.2*** में चर्चा की गई है।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए और नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव-अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

अनुशंसा 1: *सरकार हरमू नदी के उद्गम एवं जलग्रहण-क्षेत्र के पुनर्जीवन पर विस्तृत अध्ययन कर सकती है; वर्षा से प्राप्त जल के लिए अनुमान को पुनरीक्षित कर सकती है; तथा एक व्यापक नीति तैयार कर सकती है, जो हरमू नदी के लिए पानी के संभावित स्रोत के रूप में शहरी अपवाह को स्पष्ट रूप से पहचान करता हो।*

अनुशंसा 2: *सरकार जनसँख्या की वर्तमान और भविष्य की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए उत्पन्न मल-जल मात्रा के अनुमान को पुनरीक्षित कर सकती है और मल-जल को नदी में बहने से रोकने के लिए एक निश्चित समय सीमा के भीतर कार्य योजना तैयार कर सकती है।*

अनुशंसा 3: *सरकार भूमिगत सीवर प्रणाली के रेखांकन और वहन क्षमता में दोषों को दूर करने के लिए तत्काल कदम उठा सकती है और अतिरिक्त एसटीपी के निर्माण पर विचार कर सकती है।*

4.6 परियोजना घटकों का निर्माण एवं कार्यकाज

4.6.1 भूमिगत सीवरेज प्रणाली

डीपीआर के अनुसार, नदी के दोनों किनारों (20.8 किमी) पर ₹ 13.73 करोड़ रुपये की लागत से एक भूमिगत सीवरेज प्रणाली का निर्माण किया जाना था, ताकि नदी के किनारे के घरों, कम लागत वाले स्वच्छता शौचालय खंडों से मल-जल को रोका जा सके, साथ ही छः पहचाने गए प्रवेशिकाओं के माध्यम से बहने वाले मल-जल को हरमू नदी में जाने से रोका जा सके। इन स्रोतों से उत्पादित मल-जल को उपचार के लिए एसटीपी में ले जाया जाना था और हरमू नदी में छोड़ दिया जाना था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि **तालिका 4.7** में इंगित कारणों के लिए भूमिगत सीवर प्रणाली की लंबाई और संपत्ति संपर्कों की संख्या को कम कर दिया गया था।

तालिका 4.7: भूमिगत सीवरेज प्रणाली के मदों की मात्रा में परिवर्तन

विवरण	डीपीआर के अनुसार	संशोधित डीपीआर के अनुसार	वास्तविक	इकाई	टिप्पणियां
300 मिमी पाइप	17,730.95	15,682.68	15,600.5	मीटर	कठोर चट्टान के अस्तित्व के कारण कमी
450 मिमी पाइप	1,518.85	1,661.99	1661	मीटर	
700-800 मिमी पाइप	0	150	150	मीटर	
मैनहोल	710	562	548	संख्या	
प्रॉपर्टी कनेक्शन	31,500 (2,100 घर)	14,000 (933 घर)	13,985.61 (932 घर)	मीटर	नदी के 3 किमी के क्षेत्र में और उसके आसपास निवासियों की अनुपस्थिति

परियोजना के परिणामों पर इन संशोधनों के प्रभाव की चर्चा नीचे की गई है:

(i) सीवर लाइनों के नहीं होने से मल-जल का सीधे नदी में बहना

20.8 किलोमीटर में से, बाईं ओर 4,270 मीटर (चेनेज 2050-6320 मीटर) और दाईं ओर 1,745 मीटर (0-495 मीटर के बीच 495 मीटर और दाईं ओर 4750-6000 मीटर के बीच 1,250 मीटर) में उत्पन्न मल-जल भूमिगत सीवर प्रणाली के नहीं होने के कारण और एसटीपी-3 की स्थापना नहीं होने के कारण एसटीपी में उपचारित नहीं किया जा रहा था।

इन हिस्सों में उत्पन्न मल-जल को सीधे हरमू नदी में छोड़ा जा रहा था। नदी के ये खंड घनी आबादी वाले हैं और भारी मात्रा में मल-जल उत्पन्न करते हैं। नीरी ने ₹ 20.50 लाख की लागत से तपोवन खंड के असंबद्ध हिस्से (सीवर प्रणाली से) के लिए यथा-स्थान जैवोपचारण/फाइटोपचारण उपचार प्रस्तावित किया (सितम्बर 2016)। हालाँकि, यह लेखापरीक्षा की समाप्ति (मार्च 2022) तक नहीं किया गया था।

(ii) मल-जल अवरोधन के लिए वैकल्पिक तंत्र का अभाव

प्रारंभ में नदी के किनारे 2,100 घरों के लिए संपत्ति-संपर्क प्रस्तावित किए गए थे, लेकिन बाद में केवल 933 घरों तक कर दिए गए थे। जुडको ने कहा कि 20.8 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन में से, (i) 2,730 मीटर (श्रृंखला 7550 और 10280 मीटर के बीच) के खंड में, क्षेत्र निर्जन होने के कारण और (ii) तपोवन खंड में 2,970 मीटर, भूमिगत सीवर प्रणाली की अनुपस्थिति के कारण संपत्ति कनेक्शन प्रदान नहीं किए गए थे। जल-संसाधन विभाग के अभियंता प्रमुख की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति ने (जुलाई 2019) बताया कि केवल कुछ चैनल उपचार के लिए घरों से एसटीपी तक अपशिष्ट जल को ला रहे थे, जबकि अधिकांश चैनल

अनुपचारित अपशिष्ट जल को सीधे नदी में छोड़ रहे थे। लेखापरीक्षा द्वारा उन क्षेत्रों में संयुक्त भौतिक सत्यापन (मार्च 2021 और अक्टूबर 2021) के दौरान भी इसकी पुष्टि की गई थी, जहाँ जुडको ने संपत्ति-संपर्क प्रदान करने का दावा किया था (***कंडिका 4.6.3)***।

(iii) सीवर लाइनों की अपर्याप्त क्षमता

सीपीएचईईओ संहिता के अनुसार, सीवर को प्रवाह के लिए रूपांकन किया जाना है, जो पूर्ण पाइप व्यास के 80 प्रतिशत से अधिक नहीं हो, ताकि उचित वायु-संचार सुनिश्चित किया जा सके और सेप्टिक प्रभाव को रोका जा सके। सीवर के अंदर के प्रवाह का वेग कम से कम 0.6-0.8 मीटर/सेकंड होना चाहिए, ताकि स्व-सफाई वेग बनाए रखा जा सके, लेकिन पाइप में अपरदन (स्कावर) को रोकने के लिए 3 मीटर/सेकंड के अधिकतम प्रवाह से अधिक नहीं होना चाहिए। इन मापदंडों को ध्यान में रखते हुए, लेखापरीक्षा ने स्थापित सीवर पाइपों की क्षमता का विश्लेषण किया ताकि उनके संबंधित खंडों में चार प्रवेशिकाओं से बहाव की मात्रा को संभाला जा सके। अवलोकन **तालिका 4.8** में विस्तृत हैं।

तालिका 4.8: प्रवेशिकाओं से बहाव और सीवर पाइपों की वहन क्षमता के बीच तुलना

प्रवेशिका	प्रवाह का वेग (मी/सेकंड)	प्रवेशिकाओं में निर्वहन (लीटर/सेकंड)	पाइप का व्यास जिसमें प्रवेशिका जुड़े हुए हैं (मिमी)	(लेखापरीक्षा द्वारा गणना[37]) इस वेग पर सीवर पाइपों की अधिकतम वहन क्षमता (लीटर/सेकंड में)		सीवर प्रणाली का एसटीपी से संपर्क संख्या
				100 प्रतिशत प्रवाह (प्रवेशिका में बहाव का प्रतिशत)	80 प्रतिशत प्रवाह (प्रवेशिका में बहाव का प्रतिशत)	
1, 1ए	3.6-5.2	39,540	900	1,909.29 (4.84)	1,848.19 (4.67)	1
2	2.12	15,870	300	149.63 (0.94)	144.84 (0.91)	3
3	0.76	5,660	300	53.81 (0.95)	52.09 (0.91)	4

आँकड़ा स्रोत: *गणना के लिए एनआईटी, जमशेदपुर को संवेदक द्वारा प्रदान की गई जानकारी*

जैसा कि तालिका से देखा जा सकता है, सीवर लाइनों की क्षमता, यहां तक कि पूरी क्षमता पर, प्रवेशिकाओं से बहाव की तुलना में आवश्यकता (0.94 से 4.84 प्रतिशत तक) से बहुत कम थी। इस प्रकार, भूमिगत सीवरेज प्रणाली की क्षमता प्रवेशिकाओं में वास्तविक बहाव से बहुत कम थी। नतीजतन, इन प्रवेशिकाओं से बहाव संभावित रूप से प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकता है या सीधे नदी में प्रवाहित हो सकता है, जो नदी को पुनर्जीवित करने की परियोजना के उद्देश्यों को विफल कर सकता है।

---

[37] *पीआइआर^2 भी, जहाँ आर त्रिज्या है। प्रवेशिका 1 और 1ए में प्रवाह के वेग को गणना के उद्देश्य के लिए 3 मीटर/सेकंड (नॉन-स्कोरिंग वेग) लिया गया।*

4.6.2 एसटीपी का कार्यकरण

अनुबंध की शर्तों के अनुसार, टर्नकी आधार पर ₹ 16.42 करोड़ रुपये की लागत से 11.50 एमएलडी की कुल क्षमता वाले आठ एसटीपी का निर्माण प्रस्तावित किया गया था। ये एसटीपी भूमिगत सीवर प्रणाली के संबंधित खंडों से मल-जल प्राप्त करेंगे। इनकी तुलना में, ₹ 14.14 करोड़ रुपये की लागत से सात एसटीपी का निर्माण किया गया था, जबकि एक एसटीपी (एसटीपी-3) को ₹ 84.83 लाख रुपये के भुगतान के बाद चिन्हित स्थल पर भूमि विवाद के कारण अधूरा छोड़ दिया गया (मई 2017 से) था। लेखापरीक्षा ने निर्मित एसटीपी के कार्यकाज की जाँच की और निम्नलिखित का अवलोकन किया:

4.6.2.1 कम अवधि के लिए एसटीपी का संचालन

रेखांकन के अनुसार, एसटीपी प्रतिदिन 24 घंटे चालू होना चाहिए, ताकि प्रारंभिक संग्रह टैंक (आईसीटी) में एकत्र किए गए मल-जल को प्राथमिक निपटान टैंक (पीएसटी) में स्थानांतरित किया जा सके और वहाँ से, मल-जल उठाने वाले पंपों के माध्यम से आगे के उपचार के लिए फाइटोरिड बेड पर स्थानांतरित किया जा सके। रूपांकन में अनुशंसित मल-जल उठाने वाले पंपों की क्षमता एवं परिचालन **तालिका 4.9** में दिखाई गई है:

तालिका 4.9: एसटीपी में मल-जल उठाने वाले पंपों की अनुशंसित क्षमता

एसटीपी (एमएलडी)	पंपों की संख्या	पंपों की बहाव क्षमता (मी^{3}/घंटा में)	24 घंटे में में प्रवाह (एमएलडी)
1.5	(1 कार्यरत +1 अतिरिक्त)	68.19	1.64
1	(1 कार्यरत +1 अतिरिक्त)	45.46	1.09
2	(2 कार्यरत +1 अतिरिक्त)	45.46	1.09*2=2.18

जुडको के अभियंताओं के साथ संयुक्त भौतिक सत्यापन (25 अक्टूबर 2021) के दौरान यह देखा गया कि 46 मी^{3}/घंटा (एक कार्यरत और एक अतिरिक्त) क्षमता वाले मल-जल लिफ्टिंग पंप, अनुशंसित क्षमता और संख्या के अनुसार स्थापित होने के बजाय सभी सात एसटीपी में समान रूप से स्थापित किए गए थे।

अक्टूबर 2018 में परियोजना कार्य पूरा होने के बाद, 1 नवंबर 2018 को परिचालन एवं अनुरक्षण गतिविधियाँ शुरू हो गई थीं। संवेदक द्वारा परिचालन एवं अनुरक्षण (नवंबर 2018 से मार्च 2021) के लिए भारित विपत्रों की जाँच से पता चला कि प्रत्येक एसटीपी में पंपों का दैनिक समग्र संचालन 24 घंटे के बजाय नौ घंटे (पहला पंप पूर्वाह्न में छः घंटे के लिए और दूसरा पंप अपराह्न में तीन घंटे के लिए) के लिए था। इस प्रकार, ये सात एसटीपी 10 एमएलडी की स्थापित क्षमता के मुकाबले

प्रतिदिन केवल 2.898 एमएलडी (46,000 लीटर प्रति घंटे * 9 घंटे * 7 संख्या) निस्पंदन कर रहे थे। इससे दो संभावनाओं का संकेत मिलता है पहला, प्रवेशिका या अन्य स्रोतों से मल-जल को सीवर प्रणाली के माध्यम से एसटीपी में चैनलीकृत नहीं किया जा रहा था और सीधे नदी में बह रहा था या दूसरा, पीएसटी और फाइटोरिड बेड की कम क्षमता के कारण 48 घंटे के आवश्यक निस्पंदन समय के लिए इसे बनाए रखे बिना एसटीपी बहुत जल्दी मल-जल छोड़ रहे थे। इन दोनों परिदृश्यों को लेखापरीक्षा द्वारा देखा गया था जैसा कि ***कंडिका 4.5.2 एवं 4.5.3.2*** में बताया गया है। इसके अलावा, जुलाई 2019 में एक समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान, इन परिदृश्यों की सूचना दी गई थी ***(कंडिका 4.9)***।

विभाग ने (जुलाई 2022) कहा कि अंतिम वर्ष (2048) के लिए एसटीपी की क्षमता 10 एमएलडी थी। जवाब तथ्यात्मक रूप से गलत था क्योंकि एसटीपी को मध्यवर्ती वर्ष (2033) के लिए रूपांकित किया गया था और जुडको ने स्वयं (फरवरी 2018) 10.5 एमएलडी के अतिरिक्त एसटीपी की आवश्यकता का आकलन किया था। इस प्रकार, अधिकतम मल-जल उत्पादन की स्थिति में एसटीपी की आवश्यकता अपर्याप्त थी और परियोजना के परिणामों के लिए प्रतिकूल थी।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए और नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव-अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.6.2.2 गैर-कार्यात्मक एसटीपी

एसटीपी-8, एक एमएलडी की क्षमता के साथ, चेनेज 7550 मीटर और 10280 मीटर (दाईं ओर) के बीच स्थित था और फीडर सीवर में कोई संपत्ति संपर्क या प्रवेशिका (एक शौचालय खंड को छोड़कर) नहीं थी, क्योंकि यह एक निर्जन क्षेत्र में अवस्थित था। उसी क्षेत्र में स्थित शौचालय खंड भी केवल 0.015 एमएलडी मल-जल वितरित कर सका। इस प्रकार, ₹ 1.36 करोड़ रुपये की लागत से, बिना किसी प्रवेशिका या संपत्ति संपर्क, शौचालय खंड (0.015 एमएलडी मल-जल का उत्पादन) को छोड़कर, एसटीपी-8 का निर्माण टाला जा सकता था। इससे फाइटोरिड बेड में जीवित पौधों के संचालन और रख-रखाव पर नियमित खर्चों की भी बचत होती।

संयुक्त भौतिक सत्यापन (अक्टूबर 2021) के दौरान, शौचालय ब्लॉक को गैर-कार्यात्मक पाया गया क्योंकि ट्यूबवेल के संचालन के लिए लगाई गई मोटर चालू स्थिति में नहीं थी। इस एसटीपी के लिए पानी के स्रोत के बारे में पूछे जाने पर, संवेदक के वरिष्ठ पर्यवेक्षक ने लेखापरीक्षा को सूचित किया कि शुष्क मौसम के

दौरान, पानी एसटीपी तक नहीं पहुँचता था और अन्य मौसमों में, भूजल स्वत: सीवर प्रणाली के मैनहोल में पहुँच जाता है।

विभाग ने कहा (जुलाई 2022) कि एसटीपी 8 का निर्माण परिवर्ती माँग और आसपास के क्षेत्र में भविष्य के विकास को पूरा करने के लिए किया गया था।

जबाव संतोषजनक नहीं है, क्योंकि (i) परिवर्ती माँग के दावे को समर्थन देने के लिए इस एसटीपी से कोई संपत्ति कक्ष या प्रवेशिका नहीं जोड़ा गया है, (ii) गैर-कार्यात्मक एसटीपी 8 के लिए जीवित संयंत्रों के परिचालन एवं अनुरक्षण पर किया गया व्यय व्यर्थ था और (iii) ₹ 1.36 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित निष्क्रिय और गैर-कार्यात्मक एसटीपी इच्छित उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर रहा था।

4.6.2.3 अपूर्ण और निष्क्रिय एसटीपी

सीपीएचईईओ संहिता के अनुसार, सीवरेज प्रणाली के लिए भूमि अधिग्रहण 30 साल की रूपांकन अवधि (यानी अंतिम वर्ष 2048 के लिए) को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि रेडिसन ब्लू होटल के पास बाएँ किनारे पर एसटीपी-3 (क्षमता 1.5 एमएलडी) का निर्माण भूमि विवाद के कारण रुका हुआ था। एसटीपी का निर्माण ₹ 1.82 करोड़ रुपये की लागत से किया जाना था।

झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची ने विवादित भूमि पर आगे के निर्माण पर (मई 2017) रोक लगा दी थी। एसटीपी-3 के पूरा नहीं होने के बावजूद परियोजना को पूरा (30 अक्टूबर 2018) माना गया था। एसटीपी-3 के निर्माण पर ₹ 109.78 लाख रुपये की राशि का कार्य निष्पादित किया गया था, जिसके विरुद्ध संवेदक को ₹ 84.83 लाख रुपये का भुगतान किया गया था। यह व्यर्थ साबित हुआ, क्योंकि अधूरी संरचना का कोई फायदा नहीं था और मई 2017 से इसे छोड़ दिया गया था।

4.6.2.4 एसटीपी में उच्च पीएच, बीओडी और टीएसएस

इकरारनामा के अनुसार, फाइटोरिड प्रौद्योगिकी प्रदाता द्वारा निर्दिष्ट निष्पादन मापदंडों को, संवेदक द्वारा, दैनिक आधार पर, दस्तावेज़ के रूप में बनाए रखा जाना चाहिए। हालाँकि, संवेदक द्वारा दैनिक आधार पर निष्पादन मापदंडों का कोई दस्तावेज़ नहीं रखा जा रहा था। लेखापरीक्षा में पाया गया कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की केवल एक ही परीक्षण प्रतिवेदन (24 सितंबर 2020 को की गई) अभिलेख में उपलब्ध थी। परीक्षण के लिए नमूने विभिन्न एसटीपी के प्रवेशिकाओं और निकासिका पर लिए गए थे। परीक्षण के परिणाम निम्नानुसार थे:

- सभी सात एसटीपी में कुल निलंबित ठोस (टीएसएस) का बहिस्राव-मान स्वीकार्य सीमा[38] से अधिक था।

- चार एसटीपी (संख्या: 5, 6, 7 और 8) के बहिस्राव मान का टीएसएस और दो एसटीपी (5 और 8) के बहिस्राव मान का कुल घुलित ठोस (टीडीएस), अन्तःप्रवाही/प्रवेशिका मान से अधिक था। अन्तःप्रवाही स्तर पर टीएसएस मूल्य बहिस्राव स्तर की तुलना में कम है, जोकि एसटीपी के अंदर निलंबित ठोस पदार्थों के जुडने को इंगित करता है। इसे जुडको द्वारा सत्यापित करने की आवश्यकता है।

लेखापरीक्षा ने मेकॉन लिमिटेड के माध्यम से दो एसटीपी (एसटीपी 1 और एसटीपी 2) के प्रवेशिकाओं और निकासिका पर अपशिष्ट जल का गुणवत्ता परीक्षण भी किया। मेकॉन लिमिटेड द्वारा 18 अप्रैल 2022 को पानी के नमूने एकत्र किए गए थे। **तालिका 4.10** में दर्शाई गई परीक्षण प्रतिवेदन (02 मई 2022) में निम्नलिखित का पता चला:

तालिका 4.10: दो एसटीपी पर अपशिष्ट-जल एवं उपचारित-जल का परीक्षण प्रतिवेदन

स्थिति	हाइड्रोजन की क्षमता (पीएच)	टीएसएस	जैविक ऑक्सीजन माँग (बीओडी)	रासायनिक ऑक्सीजन की माँग (सीओडी)	फीकल कोलीफॉर्म
इकाइयाँ	-	मि ग्रा./लीटर	मि ग्रा./लीटर	मि ग्रा./लीटर	एमपीएन /100मिली
अनुमेय सीमाएँ	6.5-9.0	<50	<20	-	<1000
एसटीपी 1(प्रवेशिका)	7.09	196	205	720	4000
एसटीपी 1 (निकासिका)	7.26	30	53	240	260
एसटीपी 2 (प्रवेशिका)	6.85	154	243	1,040	4800
एसटीपी 2 (निकासिका)	7.34	120	97	960	550

दोनों एसटीपी पर बीओडी स्तर और एसटीपी-2 पर टीएसएस स्तर अनुमत्त सीमा से अधिक पाया गया।

4.6.2.5 एसटीपी के आसपास गैर-कार्यात्मक सोलर लाईट

₹ 99.45 लाख रुपये की कुल लागत से 64 सौर स्ट्रीट लाइट (प्रत्येक एसटीपी के लिए आठ) को क्षेत्र प्रकाश व्यवस्था के लिए एसटीपी के चारों ओर स्थापित किया जाना था। इनमें से 15 लाइटें अन्य स्थानों पर लगाई गई थीं जैसे प्रवेशिका, उच्च

[38] *फाइटोरिड रूपांकन के आधार पर-टीएसएस अधिकतम स्तर: 20-30 मिलीग्राम/लीटर के बीच; परीक्षण प्रतिवेदन: 41 से 115 मिलीग्राम/लीटर के बीच*

मार्ग आदि। इसके अलावा, 64 लाइटों में से केवल तीन सौर लाइटें चालू स्थिति में थीं जबकि ₹ 94.98 लाख रुपये की लागत से स्थापित 61 सौर लाइटें बैटरी चोरी हो जाने कारण खराब थीं।

अनुशंसा 4: *विभाग (**i**) सभी पहचाने गए बड़े और छोटे प्रवेशिका से मल-जल प्रवाह, (ii) मल-जल को सीवरेज प्रणाली से गुजरने (iii) मल-जल के एसटीपी में जाने और (iv) सीवरेज प्रणाली के माध्यम से दिशा दिए जाने के बजाय सीधे नदी में बहने वाले मल-जल के मात्रा का सर्वेक्षण और गणना कर सकता है। विभाग मल-जल के आवश्यक निस्पंदन को सुनिश्चित करने के लिए इन एसटीपी के संचालन की अवधि की भी जाँच कर सकता है।*

4.6.3 वर्षा-जल निकास

नदी के दोनों किनारों (10.4 किलोमीटर की दूरी) पर ₹ 13.06 करोड़ रुपये की लागत से वर्षा-जल निकासी प्रणाली का निर्माण किया जाना था, जिसमें ठोस अपशिष्ट और मलबा को नदी में जाने से रोकने के लिए गाद जाल और यांत्रिक स्क्रीन का प्रावधान था। नालों से वर्षा-जल को 100 मीटर के अंतराल पर, विसर्जन निकासिका (कुल 208 निकासिका, 10 मीटर लंबाई के, एक निस्पंदन कक्ष के साथ) के माध्यम से नदी में विसर्जित किया जाना था। हर दिन स्क्रीन की सफाई के लिए एक व्यवस्था भी स्थापित की जानी थी।

नदी (दोनों तरफ) के 20.8 किमी के फैलाव में से पुलों की मौजूदगी के कारण केवल 18.50 किमी में वर्षा-जल निकासी प्रणाली का निर्माण किया गया था। लेखापरीक्षा (मार्च 2021 और अक्टूबर 2021) ने इन बरसाती नालों के कार्यकाज का आकलन करने के लिए संयुक्त भौतिक सत्यापन किया और निम्नलिखित पाया:

(i) मुक्तिधाम के पास (चेनेज 1845-1970 मीटर के बीच) वर्षा-जल का नाला (250 मीटर) जुलाई 2016 में बाढ़ के दौरान नष्ट हो गया था और लेखापरीक्षा (अप्रैल 2022) के समापन तक इसका पुनर्निर्माण नहीं किया गया था।

(ii) अमरावती पुल और एसटीपी-5 के बीच वर्षा-जल का नाला ठोस अपशिष्ट, मल-जल आदि से भरा हुआ पाया गया और इन वर्षा-जल नालों की निकासिका हरमू नदी में मल-जल का बहाव करते हुए पाए गए, जैसा कि **चित्र 4.10 और 4.11** में दिखाया गया है:

चित्र 4.10: नदी में मल-जल छोड़ने वाले वर्षा-जल के नाले का निकास	*चित्र 4.11: मल-जल से भरा वर्षा-जल का नाला*

(iii) अमरावती पुल और एसटीपी 6 के बीच वर्षा-जल का नाला इसके निकासिका के साथ दिखाई नहीं दे रहा था, क्योंकि इस नाले का पूरा हिस्सा कीचड़, जमाव और गाद से ढ़का हुआ था। इस प्रकार, वर्षा जल सीधे हरमू नदी में गाद/कीचड़ लेकर प्रवाह करेगा, जिससे वर्षा-जल का नाला के निर्माण का उद्देश्य विफल हो जाएगा।

ये कुछ ऐसे स्थल थे जिनका लेखापरीक्षा द्वारा दौरा किया गया था जिसमें वर्षा-जल के नाले कार्य नहीं कर रहे थे। विभाग वर्षा-जल के नाले के पूरे खंड की स्थिति का व्यापक सर्वेक्षण कर सकता है ताकि उन्हें कार्यात्मक बनाने के तौर-तरीकों पर कार्य किया जा सके।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए और नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव-अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.6.4 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

अनुमोदित डीपीआर में, 40 सामुदायिक अपशिष्ट डिब्बे (₹ 10.14 लाख), दो तीन-पहिया ऑटो टिपर (₹ 8 लाख) और चार तीन-पहिया साइकिल (₹ 0.82 लाख) के लिए प्रावधान किया गया था। लेखापरीक्षा द्वारा हरमू नदी के विभिन्न हिस्सों के जुडको के अभियंताओं के साथ संयुक्त भौतिक सत्यापन (अक्टूबर 2021) के दौरान, लगभग प्रत्येक खंड ठोस कचरे से भरा पाया गया। होटल रेडिसन ब्लू के पास एसटीपी-3 के निर्माण स्थल के रास्ते में ठोस कचरे का निपटान देखा गया। अभियंताओं ने कहा कि राँची नगर निगम कचरे के लिए निपटान यार्ड के रूप में जगह का उपयोग कर रहा था। **चित्र 4.12** ठोस कचरे से भरे नदी और नदी के किनारे को दर्शाता है।

चित्र 4.12: एसटीपी-3 के पास कचरा एकत्र किया गया

इसके अलावा, लेखापरीक्षा में पाया गया कि जुडको या विभाग द्वारा ठोस अपशिष्ट के निपटान के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई थी जो समर्पित सामुदायिक अपशिष्ट डिब्बे के अभाव में विभिन्न स्थानों पर बिखरे हुए पाए गए थे। इसके अलावा, अधिकांश नदी खण्ड (फैलाव) और उसके आसपास के क्षेत्र इतने गंदे (ठोस कचरे के डंपिंग यार्ड, खटालों के संचालन आदि के कारण) थे और यह संभावना नहीं थी कि कचरे को इकट्ठा करने के लिए सामुदायिक डिब्बे रखने का प्रस्ताव इच्छित उद्देश्य की पूर्ति करेगा।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए और नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव-अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

अनुशंसा 5: *सरकार हरमू नदी के किनारे रहने वाली शहरी आबादी को नदी में मल-जल के अनधिकृत प्रवाह के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में शिक्षित करने के लिए कदम उठा सकती है और प्रभावी प्रबंधन के लिए आवासीय कल्याण संघों/गैर-सरकारी संगठनों को शामिल करने की संभावना का पता लगा सकती है। विभाग राँची नगर निगम को शामिल करके नदी के भीतर और आस-पास ठोस कचरे के अनुचित प्रबंधन के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं को हल करने के लिए तत्काल एक योजना तैयार कर सकता है।*

4.6.5 पर्यावरण प्रबंधन योजना

अनुमोदित डीपीआर के अनुसार, संवेदक साथ ही स्थल-प्रभारी, निर्माण एवं परिचालन चरण के दौरान सभी शमन उपायों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होंगे। इस तरह के उपायों में निर्माण एवं परिचालन चरण के दौरान हवा की गुणवत्ता, स्टैक उत्सर्जन, शोर स्तर, जल एवं अपशिष्ट-जल का परीक्षण शामिल था। गुणवत्ता

परीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर, संवेदक को निष्पादन और परिचालन चरण के लिए तीन पर्यावरण विवरण तैयार करने थे।

संवेदक ने अल्टीमेट एनवायरलिटिकल सॉल्यूशंस, रायपुर द्वारा पानी की गुणवत्ता, वायु गुणवत्ता, टाल उत्सर्जन, शोर स्तर आदि का परीक्षण करवाया और निष्पादन चरण (मई 2016, अक्टूबर 2016 और अप्रैल 2017 में किए गए नमूनों का परीक्षण) का तीन विवरण और परिचालन चरण (जून 2020 में) से संबंधित एक विवरण प्रस्तुत किए, जिसके लिए ₹ 22.81 लाख रुपये का भुगतान किया गया था ***(परिशिष्ट 4.3)***।

इन विवरणियों की जाँच से निम्नलिखित का पता चला:

(i) समान परीक्षणों के लिए अलग-अलग दरें

निर्माण चरण के लिए समान परीक्षण करने की दरें परिचालन चरण की तुलना में पाँच गुना अधिक थीं जबकि पर्यावरण विवरण तैयार करने के लिए यह निर्माण चरण के दौरान चार गुना अधिक थी, जैसा कि **तालिका 4.11** में दिखाया गया है और ***परिशिष्ट 4.3*** में विस्तृत है।

तालिका 4.11: निर्माण एवं परिचालन चरणों के बीच दरों की तुलना

गुणवत्ता की जाँच	निर्माण चरण में दरें (₹)	परिचालन चरण में दरें (₹)
पानी और अपशिष्ट जल की गुणवत्ता	2,500	500
टाल उत्सर्जन	2,500	500
शोर का स्तर	1,000	200
हवा की गुणवत्ता	7,500	1,500
पर्यावरण विवरण	8,000	2,000

इसके परिणामस्वरूप, निर्माण चरण में परीक्षण करने और पर्यावरण विवरण तैयार करने के लिए संवेदक को ₹ 18.23 लाख रुपये का अधिक भुगतान किया गया। जुडको के परियोजना प्रबंधक ने चर्चा के दौरान कहा कि दरें स्वीकृत डीपीआर के अनुसार थीं। हालाँकि, इन महत्वपूर्ण अंतरों के लिए कोई तर्क प्रस्तुत नहीं किया गया था।

(ii) टाल उत्सर्जन का सत्यापन

'टाल उत्सर्जन' से तात्पर्य जलने की प्रक्रिया के बाद विभिन्न उद्योगों से बॉयलर टाल, चिमनी या डीजी सेट टाल आदि से हवा में निकलने वाली गैसों से है।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि एसटीपी (पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी पर आधारित) या परियोजना के किसी अन्य घटक से कोई टाल उत्सर्जन नहीं हुआ था।

इसके अलावा, हरमू नदी की परिधि के भीतर कोई चिमनी-आधारित उद्योग-उत्सर्जक टाल मौजूद नहीं था। तथापि, स्टैक उत्सर्जन की जाँच के लिए संवेदक को ₹ 12.50 लाख रुपए का भुगतान किया गया था। यह अनियमित था और इस संबंध में बिना किसी सर्वेक्षण के किया गया था। परियोजना प्रबंधक, जुडको ने कहा (अप्रैल 2022) कि जिन दरों की अनुमति दी गई थी, वे स्वीकृत डीपीआर के अनुसार थीं।

(iii) नदी जल की गुणवत्ता जाँच

संवेदक द्वारा किए गए परीक्षणों की प्रतिवेदन से पता चला कि निष्पादन चरण और परिचालन चरण के दौरान नदी के पानी की गुणवत्ता अपरिवर्तित रही थी। इसके अलावा, नदी के पानी की समग्र गुणवत्ता अत्यधिक प्रदूषित थी जो लगभग मल-जल के पानी के प्रदूषण स्तर के बराबर थी। लेखापरीक्षा ने मेकॉन लिमिटेड के माध्यम से तीन स्थानों पर हरमू नदी में बहने वाले पानी का गुणवत्ता परीक्षण कराया (18 अप्रैल 2022)। परीक्षण परिणाम (02 मई 2022) **तालिका 4.12** में दिए गए हैं।

तालिका 4.12: मेकॉन लिमिटेड द्वारा आयोजित हरमू नदी के पानी के गुणवत्ता परीक्षण के परिणाम

स्थान	पीएच	टीएसएस	बीओडी	सीओडी	फीकल कोलिफोर्म
इकाई	-	मिग्रा./लीटर	मिग्रा./लीटर	मिग्रा./लीटर	एमपीएन/ 100मि ली
अनुमेय सीमा (पीने का पानी)	6.5-8.5	-	2		-
अनुमेय/वांछनीय सीमाएँ (बाहरी स्नान)	6.5-8.5	-	3		500 वांछनीय
हरमू नदी (ओवरब्रिज के पास)	7.15	728	480	2,240	2,300
हरमू नदी (मुक्तिधाम के पास)	7.20	498	240	1,120	3,600
हरमू नदी (अमरावती पुल के पास) चुटिया	7.41	332	265	1,360	1,840

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी (जून 2019) नदी निगरानी स्थानों के वर्गीकरण के मानदंड के अनुसार, जल गुणवत्ता आंकड़ों का विश्लेषण किया जाना आवश्यक है और बीओडी और फीकल कोलीफॉर्म (एफसी) के प्राथमिक औसत या औसत का अनुमान लगाने की आवश्यकता है। बीओडी (70 प्रतिशत का अधिभार और एफसी (30 प्रतिशत का अधिभार) मापदंडों के लिए अनुमानित कुल प्राप्तांक के आधार पर निगरानी स्थान को प्रदूषण स्थान[39] के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हरमू नदी के तीन स्थानों के पानी की गुणवत्ता के आंकड़ों (ऊपर **तालिका 4.12** में दिए गए) के लेखा परीक्षा विश्लेषण ने 81.20[40] का कुल स्कोर[41] दिखाया, जिसका

---

[39] *कुल स्कोर: 81-100: गंभीर रूप से प्रदूषित, 61-80: गंभीर रूप से प्रदूषित, 41-60: मध्यम प्रदूषित, 21-60: कम प्रदूषित और ≤ 20: नहाने के लिए अच्छा या उपयुक्त।*

[40] *बीओडी (100∗0.70)+ एफ़सी (40∗0.30) = 81.20*

अर्थ है कि हरमू नदी के उपरोक्त सभी स्थान गंभीर रूप से प्रदूषित निगरानी स्टेशन थे। इससे पता चलता है कि परियोजना के कार्यान्वयन में राज्य सरकार द्वारा निवेश किए गए संसाधनों का प्रभावी ढंग से और कुशलतापूर्वक उपयोग नहीं किया गया था।

चूँकि पानी की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ था, नदी के कथित जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के बाद भी हरमू नदी को एक जीवंत जल संपत्ति बनाने का परियोजना का मौलिक उद्देश्य हासिल नहीं किया जा सका।

विभाग ने (जुलाई 2022) कहा कि: (i) परियोजना का सीमित क्षमता के लिए रेखांकन किया गया था लेकिन मल-जल का प्रवाह हरमू नदी की सीवरेज प्रणाली की क्षमता से अधिक था (ii) राँची की मल एवं जल निकास परियोजना के पूरा होने के बाद, नदी के पानी की गुणवत्ता में निश्चित रूप से सुधार होगा।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और चिंता व्यक्त की कि हरमू नदी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के बाद भी मल-जल का पानी नदी में बह रहा था। सचिव ने आगे कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए और नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.6.6 वृक्षारोपण

शहर की पर्यावरणीय स्थिति में सुधार के लिए, इकरारनामा में 4,160 नारियल के पौधों (प्रत्येक छः फीट ऊंचे) के रोपण का प्रावधान किया गया था। पाँच साल बाद वृक्षों के जीवित रहने का दर 95 प्रतिशत से कम नहीं होना तय किया गया थी। वृक्षारोपण-कार्य, कार्य प्रारंभ होने की तिथि (अक्टूबर 2015) से आठ माह में अर्थात जून 2016 तक पूरा किया जाना था।

मापी-पुस्त (एमबी) और अन्य संबंधित अभिलेखों की जाँच से पता चला कि शुरू में मार्च 2016 के दौरान 360 नारियल के पौधे लगाए गए थे (गंगा नगर में चेनेज शून्य से करमा चौक पुल पर चेनेज 1035 मी तक)। हालाँकि, प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), पलांडू, राँची और प्रभागीय वन अधिकारी, राँची के सुझावों[42] (अगस्त 2016) पर शेष 3,800 नारियल के पेड़ों के स्थान पर उसी लागत के भीतर 12 प्रजातियों के 4,304 पौधों को लगाने (सितंबर 2016) पर विचार किया गया था।

---

[41] *बीओडी मान: स्कोर **(> 48: 100**, 24-48: 80, 12-24: 60, 6-12: 40, <6: 20, एफ़सी मान:स्कोर **(>** 5 लाख: 100, 50,000 से 5 लाख: 80, 5,000 से 50,000: 60, **500 से 5,000: 40** और <500: 20)*

[42] *हरमू नदी में और उसके आसपास नारियल के पेड़ों की अनुपयुक्तता और टिकाऊ न होने के आधार पर*

लेखापरीक्षा में पाया गया कि ₹ 94.49 लाख रुपये मूल्य के कुल 4,624 पौधे लगाए गए थे जिसके लिए संवेदक को ₹ 49.77 लाख रुपये का भुगतान किया गया था ***(परिशिष्ट 4.4)***। शेष राशि का आगे भुगतान (मार्च 2022) नहीं किया गया था। यह भी देखा गया कि प्रमुख वृक्षारोपण कार्य (47 प्रतिशत) अगस्त 2018 से अक्टूबर 2018 तक निर्धारित पूर्णता तिथि (जून 2016) के बाद किया गया था। हालाँकि, संवेदक अथवा जुडको द्वारा पेड़ों/ पौधों के जीवित रहने की दर का आकलन नहीं किया गया था, इस तथ्य के बावजूद कि नारियल का कोई भी पेड़ जीवित नहीं बचा था। प्रबंधन ने इसकी पुष्टि करते हुए लेखापरीक्षा को सूचित किया कि मौजूदा पेड़ों की उनके जीवित रहने की दर का पता लगाने के लिए कोई सूची नहीं रखी गई थी।

लेखापरीक्षा ने पिछले 12 वर्षों (अक्टूबर 2009 से जून 2021) के दौरान, विभिन्न हिस्सों ***(परिशिष्ट 4.5)*** की उपग्रह छवियों के माध्यम से हरमू नदी के पास वृक्षारोपण कार्यों का विश्लेषण किया और नदी के किनारे पिछले कुछ वर्षों में हरित आवरण में क्रमिक गिरावट देखा। 2009, 2016 और 2021 में गंगा नगर (हरमू नदी के शहरी खंड का शुरुआती बिंदु) और करमटोली चौक के बीच वनों की कटाई का एक उदाहरण नीचे **चित्र 4.13** में दिखाया गया है।

चित्र 4.13: ***हरमू नदी के जीर्णोद्धार के दौरान गंगा नगर और करमटोली के बीच वनों की कटाई***

2009 में वृक्षारोपण

2016 में बहुत कम पेड़ देखे गए थे

2021 में हरमू नदी का वृक्षरहित खंड

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए और नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव-अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

4.6.7 नदी के मार्ग के किनारे अतिक्रमण

लेखापरीक्षा ने नदी के विभिन्न हिस्सों के उपग्रहीय चित्रों (नवंबर 2004 और जून 2021 के बीच की अवधि के लिए) की जाँच की और नदी के मार्ग में पर्याप्त परिवर्तन देखे जैसे कि नदी की चौड़ाई में कमी (**कंडिका 4.5.4.3**), नदी के मार्ग में परिवर्तन, नदी के समक्ष का अतिक्रमण **(चित्र 4.14)** और नदी के मार्ग में परिवर्तन के कारण भूमि का उद्भव **(चित्र 4.15)**।

चित्र 4.14: नदी की उपग्रहीय छवि (भौगोलिक निर्देशांक: 23°21'14.51" उत्तर और 85° 19'2.41" पूर्व), भूमि के अतिक्रमण (लगभग 1,844 वर्ग मीटर) को दर्शाती है।

नदी के जीर्णोद्धार से पहले इसका घुमावदार प्रवाह (छवि की तारीख: 28 नवंबर 2004)	*नदी के जीर्णोद्धार के बाद घुमावदार हिस्से को सीधा किया गया था (छवि की तारीख: 3 जून 2021)*



चित्र 4.15: नदी की उपग्रहीय छवि (भौगोलिक निर्देशांक: 23.3416 उत्तर और 85.34272 पूर्व), घुमावदार हिस्से के यांत्रिक सीधा होने के कारण भूमि (लगभग 1487 मीटर वर्ग) के उद्भव को दर्शाती है।

नदी के जीर्णोद्धार से पहले घुमावदार प्रवाह (छवि की तारीख: 28 नवंबर 2004)	*नदी के जीर्णोद्धार के दौरान घुमावदार हिस्से को सीधा किया गया था (छवि की तारीख: 3 जून 2021)*

नदी के मार्ग में परिवर्तन के परिणामस्वरूप नदी का किनारा और नदी के मार्ग से लगी भूमि पर अतिक्रमण हुआ। भूमि, जो नदी के मार्ग में परिवर्तन के परिणामस्वरूप उभरी है और **चित्र 4.14** में खाली दिखाई देती है, न तो जुडको द्वारा और न ही राँची नगर निगम द्वारा संरक्षित है तथा इसका अतिक्रमण हो सकता है।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि प्राक्कलन/इकरारनामा में 6,934 बोलार्ड (प्रत्येक तीन मीटर पर) और 18,720 मीटर में बाड़ा के माध्यम से पूरे खंड में नदी की सीमा की रक्षा के लिए ₹ 75.41 लाख रुपए प्रदान किए गए थे। इसके लिए, संवेदक को सभी 6,934 बोलार्ड और 1,400 मीटर बाड़ा को लगाने के लिए ₹ 33.76 लाख रुपये का भुगतान किया गया था। हालाँकि, गंगा नगर में संयुक्त भौतिक सत्यापन (मार्च 2021 और अक्टूबर 2021) के दौरान, लेखापरीक्षा को नदी के कुछ हिस्सों में कुछ बोलार्ड को छोड़कर, बोलार्ड एवं बाड़े नहीं मिले। स्थल के दौरे के दौरान लेखापरीक्षा के साथ गए अभियंताओं ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा सभी बोलार्ड को उखाड़ दिया गया था। इस प्रकार, नदी को बाड़ द्वारा घेरे एवं अतिक्रमण से संरक्षित नहीं किया जा सका, जैसा कि नियोजित था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि राँची नगर निगम की अदालत में जुलाई 2021 के महीने में अतिक्रमण (हरमू नदी के पास अनधिकृत निर्माण) के 47 मामले दायर किए गए थे। राँची नगर निगम द्वारा, की गई कोई कार्रवाई, यदि कोई हो, की सूचना नहीं दी गई और न ही इसे लेखापरीक्षा के साथ साझा किया गया।

निकास सम्मेलन (अगस्त 2022) के दौरान, सचिव ने लेखापरीक्षा निष्कर्षों को स्वीकार किया और कहा कि लेखापरीक्षा अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए और नीरी द्वारा परियोजना के प्रभाव-अध्ययन के माध्यम से उचित कार्रवाई की जाएगी।

अनुशंसा 6: *सरकार, राँची नगर निगम के समन्वय से नदी के किनारों और उसकी सहायक नदियों पर सभी अतिक्रमणों की पहचान करने और उन्हें हटाने और निर्धारित बफर क्षेत्र को बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर सकती है। इस उद्देश्य के लिए, स्मार्ट सिटी राँची में कमांड, कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर (सी4) के समन्वय से नदी स्थलों और सहायक नदियों का समय-समय पर निरीक्षण और उचित निगरानी तंत्र स्थापित किया जा सकता है।*

4.6.8 विद्युत्-सम्बन्ध

डीपीआर के अनुसार, नदी के किनारे 15 कम लागत वाले स्वच्छता (एलसीएस) शौचालय खंड (33 से संशोधित होकर 15), उच्च क्षमता हाइ यील्ड वाले ट्यूबवेल,

प्रत्येक खंड के लिए एक ट्रांसफार्मर और हाई टेंशन सर्विस (10 किमी) का निर्माण किया जाना था। लेखापरीक्षा से निम्नलिखित का पता चला:

4.6.8.1 एसटीपी के लिए बिजली की असमान अधिकतम माँग

झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अनुसार, यदि बिजली की माँग 100 केवीए से ऊपर है तो उपभोक्ता को हाई टेंशन सर्विस (एचटीएस) के तहत बिजली विभाग के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा। एचटीएस के मामले में, बिलिंग ऊर्जा शुल्क (दर्ज वास्तविक खपत के आधार पर) और साथ ही माँग शुल्क (महीने के दौरान दर्ज अधिकतम माँग या अनुबंध-माँग का 75 प्रतिशत, जो भी अधिक हो) के लिए की जाती है। अनुबंध-माँग से अधिक होने पर जुर्माने का भी प्रावधान है।

जुडको ने एसटीपी और एलसीएस शौचालयों के संचालन के लिए जेबीवीएनएल से दो एचटीएस कनेक्शन लिए थे। हरमू अनुमंडल के पास उपलब्ध बिजली बिलों (नौ महीने[43]) की जाँच में अधिकतम माँग के माप को संधारित करने में विसंगतियां सामने आईं। यह देखा गया कि अधिकतम माँग छः महीने के लिए चार से आठ केवीए, दो महीने के लिए 20 से 60 केवीए के बीच थी और अक्टूबर 2021 में असामान्य रूप से 240 केवीए थी। अधिकतम माँग में व्यापक भिन्नताओं ने इस अनुमंडल के तहत एसटीपी और एलसीएस के असंगत परिचालन की संभावना का संकेत दिया। जेबीवीएनएल के साथ इन बदलावों का मिलान नहीं किया गया।

विभाग ने तथ्यों को स्वीकार किया और कहा (जुलाई 2022) कि अधिकतम माँग में व्यापक भिन्नताओं के मुद्दे को हल करने के लिए जेबीवीएनएल के साथ मिलान की जाएगी।

4.6.8.2 विलंबित भुगतान अधिभार का परिहार्य भुगतान

झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों के अनुसार, ऊर्जा शुल्क या अन्य शुल्कों का भुगतान करने की नियत तिथि बिल जारी होने की तारीख के 21 दिन बाद थी जिसमें विफल रहने पर उपभोक्ता को विलंबित भुगतान अधिभार (डीपीएस) का भुगतान करना पड़ता था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि फरवरी 2021 में जेबीवीएनएल को अगस्त 2020 महीने के बिजली बिल (सितंबर 2018 से अगस्त 2020 तक की अवधि के लिए, दोनों विद्युत्-संबंधों के लिए) के साथ डीपीएस का ₹ 17.66 लाख रुपये (₹ 84.71 लाख रुपये की कुल बिल राशि का 21 प्रतिशत) का भुगतान किया गया था। यदि ऊर्जा

---

[43] *अगस्त 2020, मई-जुलाई 2021, सितंबर 2021: 4 केवीए, अप्रैल 2021: 8 केवीए, अगस्त 2021: 20 केवीए, मार्च 2021:60 केवीए और अक्टूबर 2021: 240 केवीए*

शुल्क समय पर चुका दिया गया होता तो डीपीएस के भुगतान से बचा जा सकता था।

बिल में डोरंडा अनुमंडल से दूसरे विद्युत्-संबंध के लिए ₹ 27,562.50 की लेवी राशि के स्थान पर ₹ 21.00 लाख रुपये का नियत शुल्क भी शामिल था। बिल का भुगतान जुडको द्वारा बिना किसी मिलान के किया गया था। जुडको ने कहा कि अधिक भारित राशि को भविष्य के ऊर्जा शुल्कों के साथ समायोजित किया जा रहा था।

विभाग ने कहा (जुलाई 2022) कि राँची नगर निगम द्वारा भुगतान उत्तरदायित्व की स्वीकृति नहीं देने के कारण विलंब हुआ। यह भी कहा गया कि अब से ऊर्जा-प्रभारों का ससमय भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

4.7 परिचालन एवं अनुरक्षण

इकरारनामा के खंड 55 के अनुसार, परियोजना के पूरा होने का समय 30 माह था जिसमें पूर्व-परीक्षण और प्रवर्तन अवधि के लिए तीन महीने शामिल थे। पूर्व-परीक्षण अवधि और सफल प्रवर्तन के बाद, संवेदक को पाँच साल के लिए परिचालन एवं अनुरक्षण (परि. एवं अनु.) करना था। इसके बाद पूरी परियोजना विभाग को सौंपी जानी थी। परियोजना के परि. एवं अनु. के लिए डीपीआर में ₹ 7.54 करोड़ की राशि प्रदान की गई थी।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि विभिन्न परियोजना घटकों में से प्रवर्तन प्रमाण-पत्र (24 अप्रैल 2018) केवल सात एसटीपी के लिए जारी किया गया था। इस संबंध में निम्नलिखित का पता चला:

(i) जैसा कि मापी-पुस्त में दर्ज किया गया है परियोजना का काम 30 अक्टूबर 2018 को पूरा हो गया था और परि. एवं अनु. (जैसा कि मापी-पुस्त में उल्लिखित है) कथित तौर पर 1 नवंबर 2018 को शुरू हुआ था। हालाँकि, संवेदक को नवंबर 2019 से फरवरी 2021 की अवधि के लिए परि. एवं अनु. सेवाओं के लिए ₹ 1.80 करोड़ का भुगतान किया गया था।

